वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 23 मई 2024
वर्ष 5, अंक 186, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पीबीएच से खुलेगा अदृश्य डार्क मैटर का रहस्य 14

क्रिकेटर बनने के लिए जाह्नवी ने की कड़ी मेहनत 13













# पं. बंगाल में 2010 के बाद जारी ओबीसी प्रमाणपत्र रद

## कोर्ट की टिप्पणी, धर्म नहीं हो सकता आरक्षण का मानदंड

कोलकाता, एजेंसी

- कोर्ट के इस फैसले का अब तक के लाभार्थियों पर असर नहीं
- मुसलमानों को राजनीतिक उद्देश्य के लिए साधन माना गया

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 2010 में कई वर्गों को दिया गया अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का दर्जा बुधवार को रद कर दिया और राज्य में सेवाओं व पदों पर रिक्तियों में इस तरह के आरक्षण को अवैध करार दिया। अदालत ने कहा कि इन समुदायों को ओबीसी घोषित करने के लिए वास्तव में धर्म ही एकमात्र मानदंड प्रतीत होता है। कोर्ट का मानना है कि मुसलमानों के 77 वर्गों को पिछड़ों के तौर पर चुना जाना पूरे मुस्लिम समुदाय के साथ लोकतंत्र और संविधान का भी अपमान है।

हाईकोर्ट ने कहा कि यह अदालत इस संदेह को अनदेखा नहीं कर सकती कि मुसलमानों को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए एक साधन माना गया। राज्य के आरक्षण अधिनियम 2012 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आदेश पारित करते हुए हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन वर्गों का ओबीसी दर्जा हटाया गया है, उसके सदस्य यदि पहले से ही सेवा में हैं या आरक्षण का लाभ ले चुके हैं या राज्य की किसी चयन प्रक्रिया में सफल हो चुके हैं, तो उनकी सेवाएं इस फैसले से प्रभावित नहीं होंगी।

याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील ने दावा किया कि इस फैसले से पांच लाख से अधिक लोग प्रभावित होंगे। अदालत ने पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग कानून, 2012 के तहत 37 वर्गों को संबंधित सूची से हटा दिया। इस तरह के वर्गीकरण की सिफारिश करने वाली रिपोर्ट की अवैधता के चलते 77 वर्गों को ओबीसी की सूची से हटाया। न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि 2010 से पहले ओबीसी के 66 वर्गों को वर्गीकृत करने वाले राज्य सरकार के आदेशों में हस्तक्षेप नहीं किया गया। अदालत ने आयोग से परामर्श न लेने पर सितंबर 2010 के एक कार्यकारी आदेश को भी रद कर दिया, जिसके जरिए ओबीसी आरक्षण सात प्रतिशत से बढ़ाकर 17 प्रतिशत कर दिया गया था।

### कोर्ट का आदेश स्वीकार्य नहीं : ममता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि वह राज्य में कई वर्गों के ओबीसी के दर्जे को रद करने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को स्वीकार नहीं करेंगी। बनर्जी ने कहा कि राज्य में ओबीसी आरक्षण जारी रहेगा क्योंकि इससे संबंधित विधेयक संविधान की रूपरेखा के भीतर पारित किया गया।

## पीएफआई के आठ सदस्यों की जमानत रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें गैर-कानूनी गतिविधि (निरोधक) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के आठ कथित सदस्यों को जमानत दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने हाईकोर्ट से पिछले साल 19 अक्टूबर को जमानत पाए आरोपियों को तत्काल आत्मसमर्पण करने और जेल जाने का निर्देश दिया।

# ललितपुर परियोजना की एक इकाई ठप, आपात बिजली कटौती शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में भारी मांग के कारण बिजली उत्पादन इकाइयों के खराब होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। बुधवार को ललितपुर परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई, जबकि पहले से बंद पांच इकाइयों में से दो इकाइयां चालू हो गई हैं। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से बिजली खरीद जारी है। इसके बाद भी मांग पूरी न होने पर आपात बिजली कटौती शुरू हो गई है।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ओबरा की दो-दो सौ मेगावाट की दो इकाइयां चालू हो गई हैं, जबकि ओबरा की दो सौ मेगावाट एक, ऊंचाहार परियोजना की 210 मेगावाट की एक व रोजा परियोजना की तीन सौ मेगावाट की एक इकाई में उत्पादन ठप है। पहले से ठप इकाइयों के 23 मई तक व ललितपुर इकाई के 25 जून तक चालू होने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश में बुधवार को अधिकतम मांग 28,336 मेगावाट जबकि न्यूनतम मांग 20 हजार मेगावाट दर्ज हुई। सूत्रों का कहना है कि मांग लगातार 28 हजार मेगावाट पार कर रही है, जबकि उपलब्धता 27,500 मेगावाट हो पा रही है।

### गांवों को मिल रही 22 घंटे बिजली

लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति व्यवस्था की गई थी, पर इकाइयों के खराब होने के कारण अब गांवों में आपात बिजली कटौती हो रही है। गांवों को लगभग 22 घंटे आपूर्ति की जा रही है, जबकि बुंदेलखंड में साढ़े बाइस घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है।

## कोलकाता में बंग्लादेश के सांसद अनवारुल की हत्या

- अपार्टमेंट में मिले रक्त के धब्बे नहीं मिला शव
- मामले में 3 संदिग्धों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** बंग्लादेश के सांसद मोहम्मद अनवारुल अजीम की शहर के न्यू टाउन स्थित एक आवासीय परिसर में हत्या कर दी गई है, लेकिन उनका शव अब तक बरामद नहीं किया जा सका है। पश्चिम बंगाल सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने हत्या की पुष्टि की है। मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि आवामी लीग के सांसद अनवारुल इलाज के सिलसिले में 12 मई को कोलकाता आए थे। यहां पहुंचने के बाद 14 मई से लापता थे। सूत्रों ने बताया कि पुलिस को अपार्टमेंट में खून के धब्बे मिले हैं, जहां के सीसीटीवी कैमरों में सांसद को तीन या चार अन्य लोगों के साथ प्रवेश करते देखा गया था, लेकिन वीडियो फुटेज में सांसद को बाहर निकलते नहीं देखा गया। बंग्लादेश की पुलिस ने सांसद के लापता होने के मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उन सभी को बंगलादेशी नागरिक माना जा रहा है।

## शराब पीता था पति... पत्नी ने डंडों से पीटकर मार डाला

**बिलारी(मुरादाबाद)।** तहसील क्षेत्र के निकटवर्ती गांव कनोबी में शराब पीकर लौटे पति पर पत्नी इतनी क्रोधित हो गई कि पति नेपाल सिंह को चारपाई से बांध कर उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा और डंडे से पिटाई की। रात भर पति चारपाई से बंधा रहा। सुबह उसकी मौत हो गई।



कनोबी गांव निवासी भीकम सिंह के दो बेटे नेपाल सिंह उर्फ भोला व धर्मेंद्र हैं। नेपाल सिंह (35) शराब पीने का आदी था। जिसके कारण घर में पत्नी विनीता से रोजाना कहासुनी होती थी। 21 मई की रात को भी नेपाल शराब पीकर घर लौटा तो पत्नी से झगड़ा हो गया इसके बाद विनीता ने नेपाल को चारपाई से बांधकर उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा और डंडे से खूब पीटा। बाद में दूसरे कमरे में सो गई। सवेरे 4 बजे विनीता उठी तो पति को खामोश देखकर उसे हिलाया। मृतक के भाई धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पूछताछ के बाद विनीता को गिरफ्तार कर लिया।

# चुनाव प्रचार में कायम रखें मर्यादा

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने भाजपा और कांग्रेस को दी हिदायत
- आयोग सख्त-नड्डा और खरगे को भेजा नोटिस

निर्वाचन आयोग ने बुधवार को भाजपा और कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उन्हें लोकसभा चुनाव में जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने से बचने की नसीहत दी। कहा कि चुनावों में देश के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी सकती।

आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को कहा कि स्टार प्रचारकों के बयान एक खास चलन का अनुसरण करते हैं और ऐसे विमर्श पैदा करते हैं जो आदर्श आचार संहिता के बाद भी नुकसानदेह हो सकते हैं। आयोग की यह टिप्पणियां इन राजनीतिक दलों की शिकायतों के मद्देनजर दिए गए जवाबों पर आई है। विगत 25 अप्रैल को जारी नोटिसों पर आए इन दलों के जवाबों का जिक्र करते हुए चुनाव आयोग ने कहा कि अन्य राजनीतिक दलों के बयानों की तकनीकी खामियां या अतिवादी व्याख्या पार्टियों और उनके प्रचारकों को उनके अपने भाषणों की सामग्री की मुख्य जिम्मेदारी से मुक्त नहीं कर सकती है। आयोग के मुताबिक यह सुधारात्मक होनी चाहिए और इसमें न ही प्रचार की गुणवत्ता को और कम किया जाना चाहिए। निर्वाचन आयोग ने दोनों पार्टियों को आदर्श आचार संहिता के उन प्रावधानों की याद दिलाई।

नड्डा को विपक्ष के इस आरोप पर नोटिस जारी किया गया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में विभाजनकारी भाषण दिया था। नड्डा के साथ ही आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी इसी तरह का नोटिस जारी किया था, जिसमें उनसे उनके और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा द्वारा दायर शिकायतों पर जवाब देने के लिए कहा गया था।

## एक नजर

### सोरेन को नहीं मिली प्रचार के लिए जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन के एक मामले में निचली अदालत में नियमित जमानत याचिका दायर करने के संबंध में तथ्यों को छिपाने के लिए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को नाखुशी जताई जिसके बाद सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस ले ली। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने सोरेन के वकील कपिल सिब्बल को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

### रमेश बाबू सीईआरसी सदस्य नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने रमेश बाबू वी को केंद्रीय बिजली नियामक आयोग (सीईआरसी) का सदस्य नियुक्त किया है। बुधवार को बिजली मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को केंद्रीय बिजली तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### छठे चरण के लिए आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार

**लखनऊ।** प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों व बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट के लिए 23 मई की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। यहां 25 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा की 14 सीटों पर कुल 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) व भदोही सीटें शामिल हैं।



## एक नजर

### लोक भारती ने भैंसी नदी के पुनर्जीवन अभियान के द्वितीय चरण को बैठक की

पुवायां। भैंसी नदी के पुनर्जीवन अभियान के द्वितीय चरण के लिए लोक भारती ने बैठक कर विचार विमर्श किया। बैठक में तय किया गया कि गहलुईया गांव के पास शासन-प्रशासन द्वारा डैम का निर्माण कराया जाए और लुहिचि गांव के पास पुलिया का निर्माण कराया जाए जिससे कि भैंसी नदी की अविरल धारा वह सके। लोक भारती के राष्ट्रीय सह सचिव कुंवर नीरज सिंह ने बताया तीन-चार वर्ष पूर्व सामाजिक सहयोग से भैंसी नदी के पुनर्जीवन के लिए एक बड़ा अभियान चलाया गया था, जिसमें पचास गांव के लगभग पांच हजार लोगों ने श्रमदान कर भैंसी नदी की सूख चुकी धारा को साफ किया था। बरसात के बाद बहाव बंद हो गया। बहाव बंद हो जाने के बाद संस्था के लोगों ने उद्गम स्थल तक नदी का निरीक्षण किया। जिसमें गहलुइया गांव के पास डैम की आवश्यकता हुई। बैठक में पीलीभीत के सह प्रांत संयोजक जितेंद्र वर्मा, नोएडा के राष्ट्रीय सह सचिव कुंवर नीरज सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेंद्र पाल सिंह, सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय, ब्रज प्रांत के अध्यक्ष डा. विजय मौजूद रहे। बैठक का संयोजन जिला संयोजक फतेह बहादुर सिंह व प्रांत सह प्रमुख अंकित सिंह ने किया।

### पेड़ कटानः एसडीओ ने रेंजर को दिए जांच के आदेश

खुटार। फतेहपुर जंगल में तीन पेड़ काटे जाने के मामले की खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया। वन विभाग के एसडीओ डॉ. सुशील कुमार ने जंगल में हुए कटान को लेकर रेंजर मनोज श्रीवास्तव को मौके पर पहुंच कर जांच करने के बाद रिपोर्ट देने के आदेश दिए। चर्चा है कि वन रक्षक कटान का मामला दबाने में जुटे हैं। एसडीओ के मुताबिक रेंजर ने बुधवार को कटान से संबंधित जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी है। वह खुद निरीक्षण करेंगे और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पैरासिटामोल न मिलने से सीएमओ नाराज

शाहजहांपुर। सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने बुधवार को यूनीसेफ की डीएमसी हुदा जेहरा के साथ अल्हागंज तथा जलालाबाद स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने टीकाकरण स्थल पर उपलब्ध सामग्री बीपी मशीन, वजन मशीन, हब कटर, जिंक टेबलेट, आयरन टेबलेट व सिरप आदि को चेक किया। पैरासिटामोल सिरप उपलब्ध न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। निरीक्षण के समय प्रिंसी विश्वकर्मा, रीता देवी, रजत सिंह उपस्थित पाए गए।

## कई गांवों में पूरी रात गुल रहती है बिजली, शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत सप्लाई हो रही बाधित, लोग परेशान

# भीषण गर्मी ढा रही सितम, बिजली की ट्रिपिंग और लो वोल्टेज बनी बड़ी समस्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : एक तरफ गर्मी सितम ढा रही है और दूसरी ओर बिजली की ट्रिपिंग व लो वोल्टेज की समस्या ने और भी परेशान कर रखा है। भीषण गर्मी में राहत देने के लिए बिजली की जब जरूरत है, तब बिजली की रूटीन व्यवस्था गड़बड़ा गई है। बीती रात से लेकर दिन में कई स्थानों पर बिजली कटौती समस्या से लोग जूझते रहे।

शहर के मोहल्ला बक्सरियां में मंगलवार रात 7:30 बजे बिजली गुल हो गई।एक घंटे बाद लाइट गई लेकिन 15 मिनट बाद फिर चली गई। इस तरह करीब चार पांच बार ट्रिपिंग होती रही, इसके बाद बिजली आई भी लेकिन पूरी रात लो वोल्टेज की समस्या बनी रहीं। एसी चले और न ही कूलर, पंखे भी धीमी गति से चले गए। भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं की रात जागते हुए कटी। इसी तरह की समस्या छोटा चौक, चार खंभा, सिंजई में भी लोग बिजली की कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से परेशान रहे। वहीं निगोही क्षेत्र में बिजली कटौती का आलम और भी खराब है। दिन भर तो आवाजाही लगी रहती है, रात आठ या नौ बजे आती है इसके बाद 11 बजे पूरी रात के लिए गुल हो जाती है। सुबह होने पर सप्लाई शुरू होती है लेकिन फिर आना-जाना लगा रहता है। भीषण गर्मी में बिजली की इस कटौती से संडाखास, बनासदेवी, रामनगर आदि के वाशिंदे परेशान हैं। शिकायत किए जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। जलालाबाद के गांव रौली-बौरी के प्रधान विमलेश ने बताया कि भीषण गर्मी में बिजली कटौती लोगों को परेशान किए है। पूरे दिन गांव में बिजली नहीं आती है। शाम छह बजे आती है, फिर एक या आधा घंटे बाद फिर गुल हो जाती है। रात 10 बजे दर्शन होते हैं लेकिन दो घंटे बाद फिर चली जाती है। पूरी रात लोग मच्छर भगाते रहते हैं। सुबह पांच बजे बिजली आती है, तब लोग अपनी नींद पूरी करते हैं। सुबह 7:30 बजे फिर बिजली गुल हो जाती है, फिर पूरे दिन नहीं आती है। वहीं तिलहर में भी बिजली कटौती लोगों को परेशान किए है। यहां भी रात में कभी कभार बिजली गुल हो जाती है।

### बिजली सप्लाई में सुधार के दिए निर्देश


अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा ने बुधवार शाम को अपने कार्यालय में जेई के साथ बैठक कर बिजली व्यवस्था में सुधार लाने के साथ ही कहा कि रात आठ बजे से 12 बजे तक जेई बिजली घर में ड्यूटी पर रहेंगे। इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



अब्दुल्लागंज फीडर से दिन में काम से कम 20 बार ट्रिपिंग होती है। कभी पांच तो कभी 10 मिनट की ट्रिपिंग होने से बिजली का पता ही नहीं चलता है। बिजली सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही है।
–राजीव अवस्थी



भीषण गर्मी में बिजली समस्या सबसे अधिक परेशान करती है, इसलिए बिजली की व्यवस्था में सुधार होना चाहिए, ताकि लोग सुकून से रहे सके।
–कृष्ण पाल सिंह उर्फ बंटू



कभी लो वोल्टेज की समस्या तो कभी ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है, गर्मी में जरा सी देर को भी बिजली जाती है, तो लगता है कि जीना मुश्किल हो रहा है।
–प्रदीप मेहरोत्रा उर्फ गप्पू



ज्यों-ज्यों गर्मी बढ़ रही है, उसी तरह से बिजली की भी दिक्कत बढ़ने लगी है, बिजली विभाग को चाहिए कि गर्मी में बिजली सप्लाई में विशेष सुधार रखे।
–अरविंद अग्रवाल

# निर्माण तोड़ने पहुंची टीम की व्यापारी और भाजपा नेताओं से नोकझोंक

## अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए व्यापारियों ने किया हंगामा

संवाददाता, तिलहर


- बार एसोसिएशन अध्यक्ष की तहसीलदार से नोकझोंक
- देर शाम बिना कार्रवाई लौटी पालिका और राजस्व की टीम

अमृत विचार : व्यापारी की निर्माणाधीन कथित दो अवैध दुकान और मकान को तोड़ने पहुंची जेसीबी को भाजपा नेता और व्यापारियों ने खदेड़ दिया। उन्होंने कार्रवाई को गलत बताते हुए जमकर हंगामा किया। तहसीलदार जय प्रकाश यादव और ईओ कल्पना शर्मा पर कई गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष की अधिकारियों से कई बार नोकझोंक हुई। काफी देर तक चले विवाद के बाद बुधवार देर शाम नौ बजे अधिकारी मौके से बिना कार्रवाई चले आए।

बुधवार शाम उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पालिका और राजस्व की टीम पोटरगंज पुरानी गल्ला मंडी में व्यापारी प्रमोद कुमार गुप्ता की निर्माणाधीन दुकानें और भवन को पालिका की जमीन पर बनाए जाने का आरोप लगाते हुए तोड़ने पहुंची थी। कुछ दिन पहले ईओ कल्पना शर्मा और तहसीलदार जयप्रकाश यादव ने जमीन को नगर पालिका की आराजी बताते हुए निर्माण कार्य बंद करा दिया था। इसी जमीन को लेकर एडीएम न्यायिक राशिद अली खान बुधवार तहसील पहुंचे। उन्होंने तहसील के कई कर्मचारियों से कागज देखकर जांच पड़ताल की।

इसके बाद बुधवार शाम अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा और तहसीलदार जयप्रकाश यादव, नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी पुलिस बल के साथ प्रमोद गुप्ता की ओर से कराए गए निर्माण को गिराने के लिए जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे। जानकारी नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष व बार एसोसिएशन तिलहर के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता को लगी तो वह तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच गए।

उनकी तहसीलदार जयप्रकाश यादव से निर्माणाधीन मकान व दुकान गिराए जाने को लेकर काफी नोकझोंक हुई। भाजपा नेताओं और व्यापारियों ने जेसीबी मशीन चालक को रोक दिया और भवन के पास से खदेड़ दिया। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने तहसीलदार पर कई गंभीर आरोप लगाए। व्यापारियों को परेशान व उनका शोषण करने का भी आरोप लगाया। कुछ भाजपा नेताओं ने वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को फोन किया। भाजपा नेता व व्यापारियों ने अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद देर शाम नौ बजे पालिका और राजस्व टीम मौके से चली आई।



तहसीलदार जयप्रकाश यादव से नोकझोंक करते पूर्व पालिका अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता।

### 30 साल से चल रहे 50 मुकदमें, अभी तक नहीं हुई सुनवाई

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 30 साल से लगभग 50 मुकदमें व्यापारियों के एसडीएम न्यायालय में चल रहे हैं, जिन पर अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। देवेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन ने कुछ दिन पहले रोडवेज बस स्टैंड के पास अवैध रूप से एक दुकान का निर्माण करा दिया, जिसमें नगर पालिका का एक बाबू भी लिप्त है।

# तालाबों में नीर की निगरानी करेंगे बीडीओ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अमृत सरोवरों में जल की उपलब्धता के लिए सीडीओ ने जारी किए गए दिशा-निर्देश

अमृत विचारः जिले की ग्राम पंचायतों में जिला पंचायत राज विभाग व मनरेगा योजना के अंतर्गत तालाब खुदवाए गए हैं। वर्तमान में इन तालाबों में पानी न होने की शिकायतें लगातार आ रही हैं। इसे देखते हुए तालाब व अमृत सरोवरों में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने सभी बीडीओ की भूमिका तय कर दी है। एक-एक ब्लॉक में कम से कम दो तालाबों का संरक्षण व उनमें नीर (जल) की उपलब्धता है या नहीं इसकी निगरानी खुद बीडीओ करेंगे। रोजाना फोटोग्राफ के साथ इसकी रिपोर्ट सीडीओ कार्यालय को भेजी जाएगी। सीडीओ ने बताया कि इससे तालाबों का कायाकल्प होगा और उनमें पानी की उपलब्धता बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि वह स्वयं मुख्यालय से दूर-दराज के गांवों में जाकर अमृत सरोवरों का निरीक्षण करेंगी। बीडीओ, सचिवों से अमृत सरोवरों की रोजाना रिपोर्ट ली जाएगी।

## वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोक

शाहजहांपुर, अमृत विचार : वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र वाजपेयी के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन बुधवार को यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) के जिला कार्यालय पर किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता करते हुए उपजा संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार ओंकार मनीषी ने कहा कि शैलेंद्र वाजपेयी के परिवार को ईश्वर सहन शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर मोहम्मद इरफान, आरिफ सिद्दीकी, सरदार शर्मा, संजीव गुप्ता, पंकज सक्सेना, राजीव मिश्रा, एमआई खान, एनुल हक, इमरान जिलानी, सुएश सिन्हा, अंकित जौहर आदि मौजूद रहे।



School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
FREE CLASSES FOR CNET - 2024
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Pilibhit Office: Kishan Bihar Colony, Near Om Lawn, Pilibhit- Mob.: 9837510267
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

## मुमुक्षु विद्यापीठ में बच्चों को सिखाए गए योगासन



मुमुक्षु विद्यापीठ में योग करते बच्चे। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ में समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने तरह-तरह की गतिविधियों में भाग लिया।बच्चों को व्यायाम के महत्व बताते हुए उन्हें तरह-तरह के योगासन सिखाए गए।

सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, अनुलोम विलोम, प्राणायाम, आदि आसनों का अभ्यास कराया गया, जिससे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों ने बिना आग जलाये तरह-तरह के व्यंजन बनाने सीखे, जिसमें भेलपुरी, फ्रूट चाट, नारियल का लड्डू ,सैंडविच, ब्रेड -रसमलाई, कॉर्न फ्लेक्स चाट,कुकम्बर चाट, पापड़ी चाट, आलू- चाट आदि व तरह-तरह के पेय-पदार्थ जैसे शिकंजी,जलजीरा,आदि चीजों को बनाना सीखा। बच्चों ने क्ले का प्रयोग करके तरह-तरह की ज्वेलरी बनाई ,आर्ट व क्राफ्ट में बच्चों ने बहुत सुंदर-सुंदर चीजें बनानी सीखीं। कैंप में बच्चों ने तरह-तरह के खेल खेले। स्केट्स चलाना और नृत्य सीखे ,बच्चों के जुंबा डांस ने सबका मन मोह लिया। खेल व नृत्य के साथ-साथ बच्चों को सुंदर कर्सिव राइटिंग में लिखना भी सिखाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डाक्टर मेघना मेहंदी रत्ता ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

# माता-पिता के बताए रास्ते पर चलने से होते हैं सफल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



समर कैंप में मुख्य अतिथि सीओ सिटी सौम्या पांडेय, प्रबंध समिति पदाधिकारियों व शिक्षिकाओं के साथ बच्चे। • अमृत विचार

- डॉ. सुदामा प्रसाद इंटर कॉलेज के समर कैंप में सीओ सिटी ने साझा किए छात्र जीवन के संस्मरण

अमृत विचार : डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज में समर कैंप का प्रारंभ बुधवार को मुख्य अतिथि सीओ सिटी सौम्या पांडेय ने फीता काटकर किया। उन्होंने अपने छात्र जीवन के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि मां-बाप के बताए रास्ते पर चलना, उनमें आस्था रखना सदैव सफलता दिलाता है।

उन्होंने समर-कैंप की छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक व कलात्मक शक्तियों को विकसित करने का माध्यम बताया। इसके लिए छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। पूर्व में मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। संस्था की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर चंदन तिलक तथा बैज लगाकर स्वागत किया गया। छात्राओं ने देश भक्ति गीत तथा नृत्य व समूह गान प्रस्तुत किया। छात्रा दिलप्रीत, मेघा व वैश्नवी ने भी एरोबिक एक्सरसाइज प्रस्तुत किया, जिसकी सराहना की गई। योग साधना संस्थान की ओर से साध्वी गीता ने योगा का प्रशिक्षण दिया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि तथा व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष सचिन बाथम को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक राजेश शर्मा, सदस्य कमलेश कुमार, रमा वाजपेयी, शिक्षिकाएं मंजरी यादव, रवि प्रभा, सीमा गुप्ता, प्राची, रीतू अरोड़ा, सुमन शर्मा आदि उपस्थित रहीं। प्रधानाचार्या डॉ. राखी मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। संचालन अर्चना सक्सेना ने किया।

## विभिन्न गतिविधियों में बच्चों ने उत्साह से किया प्रतिभाग



शाहजहांपुर। तक्षशिला पब्लिक स्कूल में गर्मी की छुट्टी के साथ विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए 22 मई से समर कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कैंप में कक्षा केजी से आठ तक के बच्चों के लिए अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें फिटनेस विद फन, विज्ञान मॉडल, संगीत , क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, स्विमिंग,फायर लेस कुकिंग, ताइक्वांडो , स्केटिंग , तीरंदाजी, डांस, कैलीग्राफी, स्केचिंग और पेंटिंग, एक्टिंग क्लास, कंप्यूटर (एचटीएमएल) आदि सिखाया जा रहा है। पहले दिन बुधवार को बच्चे विभिन्न वेशभूषा में विद्यालय आकर उत्साहित दिख रहे थे। विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं ने बच्चों को विभिन्न क्रियाकलाप सिखाए। समर कैंप का प्रारंभ प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने किया। समर कैंप का आयोजन निधि मेहरोत्रा के निर्देशन में किया गया। जिसमें प्रियंका, अंजलि, मधुबाला, राहुल,अतुल, नेहा, अखिल, सबा, अमृता, मुस्कान, पूजा, कल्पना, स्मिता, रसिका, असरा, शीबा, प्रीति, गीतिका, एकता, तैय्यबा, हिमांशी, प्रसून, शिवम, मुद्रिका, शुभांगी, दीपाली, संदेश, प्रतिमा, शिवम, गोविंद आदि शिक्षक - शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## समर कैंप में बच्चों ने शिक्षकों के साथ रोपे पौधे

शाहजहांपुर, अमृत विचार : होली एंजेल्स स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। प्रारंभ मुख्य अतिथि पूर्व उप प्रधानाचार्य रेवरेंट सिस्टर चंदा, उप प्रधानाचार्य रेवरेंट सिस्टर फातिमा, विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटर रेवरेंट सिस्टर शीला ने फीता काटकर किया गया। इसके बाद बच्चों ने प्रार्थना की। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के साथ पौधरोपण कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। मुख्य अतिथि रेवरेंट सिस्टर चंदा की ओर से समर कैंप के प्रति बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया गया। शिक्षक- शिक्षिकाओं की ओर से विद्यार्थियों को योग, मेडिटेशन व एरोबिक्स वातापेक्षी व्यायाम कराया गया। विभिन्न गतिविधियों जैसे-डांस, आर्ट और क्राफ्ट, इंग्लिश स्पीकिंग, स्टोरी टेलिंग, म्यूजिक, सेल्फ डिफेंस में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य रेवरेंट सिस्टर एनी, उप प्रधानाचार्य रेवरेंट सिस्टर फातिमा के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।




होली एंजेल्स स्कूल में खुद की बनाई ड्राइंग दिखाते बच्चे। • अमृत विचार

भावभीनी श्रद्धांजलि



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि पूज्यनीय माताजी
श्रीमती प्रभा गुप्ता जी
(धर्मपत्नी स्व. डॉ. एस.पी. गुप्ता सेवानिवृत्त प्राध्यापक, बरेली उ.प्र.)
का स्वर्गवास दिनांक 13 मई 2024 को हो गया है।
उनकी दिवंगत एवं पुण्य आत्मा की परम शांति एवं सद्गति हेतु निम्न कार्यक्रम प्रस्तावित है :
दशकर्म एवं श्राद्धकर्म : शुक्रवार, 24.05.2024
ब्रह्म भोज : सोमवार, 27.05.2024
समय : प्रातः 9 से अपरान्ह 2:30 तक
कार्यक्रम स्थल : सी-20, फेज-1, यारा फर्टिलाइजर टाउनशिप, बबराला, उ.प्र.
आपको दिव्य आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि एवं शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाओं को व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।
शोकाकुल :
बी.डी. गुप्ता
एवं समस्त गुप्ता परिवार
विनीत :
नीरेन प्रसाद-8392947793
आशुतोष गुप्ता-9503053077
प्रतीक गुप्ता-7738368627


वरदान कॉलेज ऑफ नर्सिंग
VARDAN GROUP OF INSTITUTIONS VGI BAREILLY
ग्राम कैमुआ, आँवला, बदायूं रोड, बरेली, पिन-243402
यू.पी. स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा संबंद्ध
इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आई.एन.सी) दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
हेल्थकेयर क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर





संस्थान में संचालित पाठ्यक्रम
जी.एन.एम. | ए.एन.एम. | ओ.टी. टैक्नीशियन
कॉल करें-0581-2510507, 9412193065, 9720282723
नगर कार्यालय
वरदान हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, ईसाईयों की पुलिया, श्यामगंज, बरेली-243001
ई-मेल : vardancollege1@gmail.com | वेबसाईट : www.vardangroupofinstitution.com

SSVGI SHRI SIDDHI VINAYAK
GROUP OF INSTITUTIONS
Creating Winners for Life
Enroll Now



ADMISSION OPEN 2024 - 25
B.TECH | M.TECH | MBA
BBA | BCA | B.Com/B.Com(H) | Polytechnic
B.Sc (PCM/ZBC) | B.Sc (Biotech) | B.Sc (Home Sci.)
GNM/ANM | B.PHARMA | D.PHARMA
Paramedical courses
Diploma in Optometry / Emergency & Trauma
X-Ray Tech/ Dialysis/ Physiotherapy / O.T. Technician
7599471144, 7599471145
10th km, Bareilly - Nainital Rd, U.P.

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइट्सि, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्मे की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

ओम शान्ति हॉस्पिटल
डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसे:-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)
डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

## बिना कार मत आना ससुराल, बच्चे भी भेज दिए साथ

**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली के मोहल्ला बाबूजई निवासी जेबा ने बताया कि उसकी शादी चार साल पहले सिराजउद्दीन निवासी खेड़ा बीबीजई थाना शाहाबाद जिला हरदोई के साथ हुई थी। शादी के बाद से ससुराल वाले कार की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। उसके कार लाने से मना करने पर नाराज हो गए। आरोप है कि 25 फरवरी को दिन में 11 बजे ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और तीन साल के बेटे मो सैफ तथा एक साल के बेटे अरहान के साथ घर से निकाल दिया। वह दो बेटे को लेकर मायके में रह रही है। पीड़िता ने पति तथा ससुराल वालों के खिलाफ एसपी को शिकायती पत्र दिया। आरोप है कि सिराजउद्दीन अपने रिश्तेदार के साथ 21 मार्च को ससुराल पहुंचा और पत्नी से कहा कि पुलिस में शिकायत करती हो। जब तक मायके वाले कार नहीं देंगे हम नहीं रखेंगे। आरोप है कि उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया क पति सिराजउद्दीन, शमशुन निशा, तबस्सुम समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## बहू से मारपीट, दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**बंडा।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला गायत्रीनगर निवासी सीमा देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी शादी डेढ़ साल पहले सुरजीत निवासी सपत्यारा थाना कांट के साथ हुई थी। उसके पिता के दिए दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। मायके वाले गरीब है कार नहीं दे पाएंगे इतना कहने पर सोमवार की दोपहर ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। पुलिस ने आरोपी पति सुरजीत, सुरेंद्र, महेश्वरी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

# पुलिस उत्पीड़न के विरोध में धरने पर भाकियमयू कार्यकर्ता

### कहा- 15 मई को दिए गए ज्ञापन पर नहीं हुई कोई कार्रवाई



प्रदर्शन करते भारतीय किसान मजदूर यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी के पदाधिकरियों पर फर्जी एफआईआर दर्ज करके उनका शोषण व उत्पीड़न किए जाने के विरोध में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों ने बुधवार को खिरनीबाग रामलीला मैदान में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। किसानों का कहना है कि 15 मई को यूनियन की ओर से दिए गए ज्ञापन में समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई थी, जिसकी समयावधि पूरी होने पर धरना शुरू कर दिया गया। यह धरना तब तक चालू रहेगा, जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता।

● **कहा- समय पूरा होने पर शुरू किया धरना, नहीं हटेंगे पीछे**

महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष क्रांति सिंह के नेतृत्व में यूनियन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता बुधवार सुबह करीब 11 बजे खिरनीबाग रामलीला मैदान में पहुंच गए और टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। धरना स्थल पर महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष ने बताया की पुलिस द्वारा लगातार यूनियन पदाधिकारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। ज्ञापन देने के बाद भी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जाती है। इस कारण विवश होकर हम लोगों को धरना प्रदर्शन का माध्यम चुनना पड़ा। अब यह तब तक चालू रहेगा, जब तक कि समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता। कहा कि शीघ्र ही समस्या समाधान नहीं किया जाता है तो सड़क जाम के साथ जेल भरो आंदोलन तक भी जा सकता है।

उन्होंने बताया कि दिए गए ज्ञापन में पुलिसकर्मियों व दलालों तथा दबंगों की मिली भगत से निर्दोष पदाधिकारियों पर फर्जी एफआईआर दर्ज कर उनका शोषण व उत्पीड़न किया जा रहा है। जिसमें न्यायोचित कार्रवाई करने की मांग की गई थीं लेकिन कार्रवाई नहीं होने से मजबूरन धरने पर बैठना पड़ा।

धरने पर बैठने वालों में महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष क्रांति सिंह, निगोही ब्लॉक अध्यक्ष, अंकिता शर्मा, कविता शर्मा, सावित्री कुशवाहा, गीता शर्मा शामिल हैं। उनके सहयोग में जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, सुखपाल सिंह यादव, प्रमोद वर्मा, गंगाश्री, गुरदेव सिंह यादव, अजवेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, खुशीराम राठौर, योगेंद्र यादव, कामता प्रसाद, विजय सिंह, तिलकराम शर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा, जदुनाथ सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

**इन पदाधिकारियों के उत्पीड़न का आरोप**

**केस-एक:** निगोही के गांव परसरा-परसरी की अंकिता शर्मा पत्नी मुकेश कुमार शर्मा जो कि यूनियन की ब्लॉक प्रभारी हैं, जिनका प्रधान से विवाद चल रहा है। जिसमें अंकिता शर्मा ने निगोही में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि इसी रंजिश में प्रधान पति ने अंकिता के पति को सात मई को गालियां देते हुए मारा पीटा। थाने जाकर तहरीर दी लेकिन पुलिस ने उल्टा उनके खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज कर ली।

**केस-दो:** कटरा के गांव भमौरी की सुनहरी पत्नी विनेश जो कि भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। जिन्हें 10 मई को गांव के ही दो लोगों ने घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की, जिससे सुनहरी का सिर फट गया था। उसे कटरा अस्पताल से जिला अस्पताल भेज दिया गया, लेकिन पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

**केस-तीन:** निगोही के गांव परसरा परसरी के अजवेंद्र पाल सिंह, जो यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष हैं। इनके गांव के ही दबंग, भू-माफिया ने ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर रखा था। जिसकी डीएम से शिकायत की गई थी। इसके बाद जांच हुई। शिकायत सही मिलने पर कब्जे को राजस्व टीम ने हटवा दिया था। जिससे नाराज होकर दबंग परेशान कर रहे हैं। जिससे परिवार दहशत में है।

## गर्भवती को पीटकर घर से निकाला

**कलान।** थाना क्षेत्र के गांव भूडेली निवासी रागनी ने बताया कि चार साल पहले उसकी शादी सौरभ निवासी मरेना थाना गढ़िया रंगीन के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से बाइक मंगाकर दो। उसने ससुराल वालों से कहा कि बाइक नहीं दे पाएंगे। वह नौ माह की गर्भवती है। आरोप है कि 17 मई की शाम उसे मारापीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति सौरभ, मंगल, सुरेश समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## युवक को किया घायल

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला महमंद हद्दफ निवासी आर्यन राठौर ने बताया कि चार फरवरी की शाम सात बजे मोहल्ला मक्कू बजरिया किसी काम से गया था। वहां सचित व आनंद पाल निवासी महमंद हद्दफ थाना सदर बाजार मिले और गाली देने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण पुरानी रंजिश है। पुलिस ने आरोपी सचित तथा आनंद पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अध्यक्ष ने निरीक्षण कर दिए नाला सफाई के निर्देश

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शकील अहमद खान ने बरसात को देखते हुए बुधवार को नाला-नालियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश जारी किए। उन्होंने शास्त्री नगर और रामनगर मोहल्ले की साफ-सफाई का भी जायजा लिया। नाले पर मिले अतिक्रमण को हटाकर बरसात आने से पहले सफाई कराने का आदेश दिया। उन्होंने वार्डवासियों से मिल कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। मुख्य रूप से सफाई व्यवस्था का फीडबैक लिया और संबंधित वार्ड कर्मचारियों को नगर की साफ-सफाई को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए।



नाला सफाई का निरीक्षण करते पालिका अध्यक्ष अकील अहमद खान।

● **वार्डवासियों से मिल उनकी समस्याओं जानीं**

उन्होंने बताया कि साफ-सफाई के साथ ही बिजली व पानी की व्यवस्था पर भी लगातार नगर पालिका परिषद की ओर से कार्य किया जा रहा है। जल्द ही नगर वासियों को समस्याओं से निजात दिलाई जाएगी। इस दौरान सभासद गिरजेश कटियार, करतार सिंह, नीरज भारद्वाज, रामनरेश, नन्हे गुप्ता, अजय गुप्ता, कौशल दीक्षित, रजत शर्मा, नोडल अधिकारी सत्यम तिवारी, सुपरवाइजर अमित आदि उपस्थित रहे।

# रोजा पावर ने मेधावियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल की अच्छे नंबरों से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

रोजा पावर द्वारा गांव चौढेरा में एक निःशुल्क कोचिंग संस्थान का संचालन सात वर्षों से किया जा रहा है। यहां विभिन्न गांव के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। प्रधान के सहयोग से पंचायत भवन चौढेरा में संचालित संस्थान में वर्तमान में 175 विद्यार्थी पंजीकृत हैं जिनको अंग्रेज़ी, विज्ञान, गणित जैसे विषयों की शिक्षा दी जाती है। प्रति वर्ष संस्थान से छात्र छात्राएं यूपी बोर्ड की दसवीं की परीक्षा देते हैं और अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होते हैं। इस वर्ष की दसवीं की परीक्षा में संस्थान से कुल 18 छात्र छात्राओं ने प्रतिभागिता की, जिसमें 15 ने 60 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए। शेष तीन ने भी 50 प्रतिशत या इससे अधिक अंकों के साथ परीक्षा में सफलता प्राप्त की। विषम परिस्थितियों एवं सीमित संसाधनों के बावजूद ऐसी सफलता प्राप्त करने वाले इन सभी छात्र छात्राओं को रोजा पावर के द्वारा सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरित करते हुए रोजा पावर के सीएसआर प्रमुख कुमार अवनीश ने छात्रों को भविष्य में भी सफलता की शुभकामनाएं दी तथा नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए भी निः शुल्क कोचिंग की व्यवस्था प्रारंभ किए जाने की जानकारी दी। नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र सुमित कुमार के विषय में भी बताया तथा अन्य छात्रों के भी सफल होने की आशा जताई। इस अवसर पर रोजा पावर के राजीव कुमार सिंह, प्रधानपति सुनील कुमार वर्मा, कोचिंग संस्थान के संचालक गौरव कुमार मिश्रा, सहयोगी शिक्षक घनश्याम भारद्वाज, कुलदीप शुक्ला, देवेंद्र सिंह, सोनू कटियार आदि उपस्थित रहे।



छात्रा को सम्मानित करते रोजा पावर के सीएसआर प्रमुख कुमार अवनीश व अन्य।

● **निःशुल्क कोचिंग संस्थान के बच्चों का किया उत्साहवर्द्धन**
● **नवोदय में प्रवेश को होगी निः शुल्क कोचिंग की व्यवस्था**

## डीईओ ने परखीं मतगणना की तैयारी जारी किए निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बुधवार को रोजा मंडी स्थित स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था सहित सीसीटीवी कंट्रोल रूम, मतगणना के लिए बनाए कक्षों को देखा।

निरीक्षण के दौरान सभी सीसीटीवी कैमरे सुचारू पाए गए। स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी 24 घंटे तैनात हैं। सुरक्षा कर्मियों से भी डीईओ ने वार्ता कर जानकारी ली कि उन्हें किसी प्रकार कोई समस्या तो नहीं है। मतगणना को विधानसभावार बनाए गए कक्षों में बल्लियां और जाली लगाकर मतगणना कक्षों को तैयार किया जा रहा है। डीईओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्धारित समयावधि में मतगणना से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। उन्होंने प्रवेश व निकास रजिस्टर भी चेक किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार अधिकारी मौजूद रहे।


# अतिक्रमण कर बनाई दुकानें, बस अड्डे के अंदर नहीं जा पाती बसें

## बोले लोग- इंतजार में बैठे रह जाते हैं यात्री, राजीव चौक से होकर निकल जाती है बस

संवाददाता, पुवायां

अमृत विचारः नगर में बस अड्डे का बहुत बुरा हाल है। बस अड्डे के बाहर दबंगों ने अतिक्रमण कर दुकानें बना रखी हैं, जिसके कारण रोडवेज बस अड्डे के अंदर बसें नहीं जा पाती। अतिक्रमण के कारण बाहर से आने वाले यात्रियों को बस अड्डा भी नहीं दिखाई देता।

पुवायां के वाशिंदे अतिक्रमण व बस अड्डे पर मूलभूत सुविधाओं नहीं होने से परेशान हैं। पुवायां में रोडवेज बस ही एक मात्र यातायात का साधन है। पुवायां से शाहजहांपुर जाने वाले दैनिक यात्री बस अड्डे पर बस का इंतजार करते रहते है लेकिन अतिक्रमण के कारण बस अंदर बसें आती ही नहीं। यात्री बस के इंतजार में बैठे ही रह जाते और बस राजीव चौक से होकर सीधे निकल जाती है। इससे यात्रियों को परेशानी होती ही है। साथ ही रोडवेज को भी भारी नुकसान होता है।



सुविधाओं की कमी से जूझ रहा बस अड्डा। ● अमृत विचार

### बस स्टैंड पर रात में रोशनी नही, नशेड़ियों का अड्डा बना

बस स्टैंड पर रात में अंधेरा छा जाता है। कोई रोशनी की व्यवस्था नहीं होने के कारण नशेड़ियों ने बस स्टैंड को अपना अड्डा बना रखा है, जिसके कारण यात्री भी सुरक्षित नहीं हैं और रात में यात्री बस अड्डे पर न रुक कर इधर-उधर रुकने को मजबूर होते हैं।



पुवायां में बस अड्डे के बाहर किया गया अतिक्रमण। ● अमृत विचार

- **अतिक्रमण और अव्यवस्थाओं से जूझ रहा पुवायां का रोडवेज बस अड्डा**

पुवायां बस अड्डे के जीर्णोद्धार के लिए काफी पत्राचार किया जा चुका है। जिसका एई की ओर से मुआयना भी किया जा चुका है। जल्द ही स्वीकृत मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। रही बात अतिक्रमण की तो तीन दिन के अंदर अतिक्रमण हटाया जाएगा। – **एसके पांडेय**, एआरएम परिवहन विभाग

### क्या कहते हैं यात्री



हम प्रतिदिन शाहजहांपुर रोडवेज से आते-जाते हैं। बस अड्डे पर बिजली, पानी, रोशनी की कोई सुविधा नहीं है और न ही कोई समय सारणी अंकित है।
– **सुनील दीक्षित**, बनिगवां



रोडवेज बस अड्डे का बहुत बुरा हाल है। जनप्रतिनिधियों को सबसे पहले बस अड्डे का आधुनिकीकरण करना चाहिए ताकि क्षेत्र की जनता को विकास कार्यों का पता चले।
– **संजीव मिश्रा**, रेहरिया



रोडवेज बस अड्डे के बाहर हुए अतिक्रमण से बस अड्डा बाहर से दिखाई नहीं पड़ता है। बस अड्डे के अंदर बसें भी नहीं जाती। समय सारणी उपलब्ध न होने के कारण कौन सी बस किस समय आ रही है यह भी पता नहीं चलता। परिवहन विभाग को बस अड्डे पर ध्यान देना चाहिए।
– **अक्षय मिश्रा**, घनश्यामपुर बुजुर्ग



अतुल मिश्रा रोडवेज की बस पुवायां से नाहिल होते हुए दिल्ली जाती थी। अब जाना बंद हो गई, जिससे नाहिल क्षेत्र के यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है। परिवहन विभाग को दोबारा पुवायां से दिल्ली के लिए बस संचालित करनी चाहिए।
– **अतुल मिश्रा, नाहिल**

## बरसात से पूर्व ही करा लें सफाई कार्य

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** नगर आयुक्त डॉ.. विपिन कुमार मिश्र ने बुधवार को सराय काइयां, बीबीजई हददफ़, हुंडालखेल आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर नाले-नालियों की सफाई कार्य की स्थिति को देखा।

निरीक्षण के समय उन्हें स्वच्छता कार्य होता मिला। नाले-नालियों की सफाई भी की जा रही थी। नगर आयुक्त ने निर्देशित किया गया कि बरसात से पहले ही महानगर क्षेत्र में स्थित सभी बड़े व छोटे नालों की सफाई का कार्य करा लें, जिससे बरसात के समय कहीं पर जलभराव की स्थिति न बने। साथ ही सफाई व खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया कि नालों की विशेष सफाई कराए जाने के साथ-साथ नालों से निकलने वाली सिल्ट आदि को भी तत्काल साफ कराए। जिससे आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। निरीक्षण के समय सफाई व खाद्य निरीक्षक चंद्रवीर सिंह सागर, सफाई व खाद्य निरीक्षक सतेंद्र कटियार, सुनील कुमार शाक्य आदि मौजूद रहे।

# प्रोजेक्ट अलंकार की राह में बजट का रोड़ा, लटके निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः माध्यमिक कॉलेजों के कायाकल्प के लिए प्रोजेक्ट अलंकार के तहत जिले के छह राजकीय कॉलेजों में अतिरिक्त कक्षा कक्ष (एसीआर), पुस्तकालय और शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। अब 50 फीसदी बजट जारी होने के बाद खर्च भी हो चुका है और निर्माण लगभग आधे पूरे हो चुके हैं। शेष बजट नहीं मिल पाने के चलते प्रोजेक्ट की राह में रोड़ा अटक गया है।

जीआईसी शाहजहांपुर, कांट, अहमदनगर, कलान, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तिलहर, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़ैया को प्रोजेक्ट अलंकार के तहत वर्ष 2022-23 में चुना गया है। विद्यालयों में निर्माण कार्य कराने के लिए कुल 5.28 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली थी।

प्रथम चरण में फरवरी 2023 में कुल स्वीकृत धनराशि में 2.64 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। इसमें खेल मैदान को विकसित करने के मद में कोई धनराशि नहीं दी गई। राजकीय इंटर कॉलेज प्रशासन का कहना है कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत खेल मद में धनराशि भले ही न मिली हो, वह विद्यालय के स्रोत से खेल सुविधाओं को उपलब्ध कराएंगे। इसके लिए कार्ययोजना भी तैयार कर ली है। वॉलीबाल, खो-खो और क्रिकेट के लिए मैदान को विकसित किया जाएगा।

### खिड़की, दरवाजे लगवाने को दूसरी किस्त का इंतजार

पहली किस्त मिलने के बाद काफी काम पूरा करा लिया गया है और काफी काम अभी शेष है। खिड़की दरवाजे लगवाना और फिनिशिंग कराना अभी शेष है। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राजकीय इंटर कॉलेज शाहजहांपुर में एसीआर, बालक-बालिकाओं के लिए शौचालय, पुस्तकालय का निर्माण शुरू करवाया गया। जबकि, राजकीय इंटर कॉलेज कांट, राजकीय इंटर कॉलेज कलान, राजकीय इंटर कॉलेज अहमदनगर व राजकीय इंटर कॉलेज कलान में एसीआर, पुस्तकालय, शौचालय, बहुद्देशीय हॉल का निर्माण शुरू हो गया। प्राप्त धनराशि से कार्यदायी संस्था यूपी सिडको ने इन सभी के आधे-अधूरे भवन खड़े कर दिए। अब खिड़की, दरवाजे, शौचालय सीट, टाइल्स आदि के साथ फिनिशिंग का कार्य पूरा कराने के लिए दूसरी किस्त का इंतजार किया जा रहा है।

- **निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता परखने को बनी टास्क फोर्स**
- **समिति की रिपोर्ट के आधार पर जारी होना है अवशेष बजट**

# ट्रेनी मजिस्ट्रेट ने जिला जेल का किया निरीक्षण



जेल का निरीक्षण करते विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व ट्रेनी मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **पाकशाला, किशोर, महिला और अस्पताल बैरक देखा**

**अमृत विचारः** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीयूष तिवारी ने ट्रेनी न्यायिक मजिस्ट्रेट सचिन नयाल, भावना तोमर, आकांक्षा पुष्कर के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। यहां साफ-सफाई व्यवस्था सही मिली।

उन्होंने पाकशाला, किशोर बैरक, महिला बैरक, अस्पताल बैरक आदि देखे। निरीक्षण के दौरान ट्रेनी न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जिला कारागार प्रशासन के सहयोग से जेल संबंधी रजिस्टरों का मुआयना किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान अधीक्षक की ओर से खाने की जानकारी दी गई। सचिव ने जेलर को निर्देशित किया कि जिनके पास पैरवी को अधिवक्ता नहीं है। उनका प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजा जाए। इस दौरान जिला कारागार जेलर कृष्ण मुरारी गुप्ता, डिप्टी जेलर सुभाष यादव, डिप्टी जेलर सुरेंद्र कुमार, लोक अदालत लिपिक मोहम्मद अफजल, जेल स्टाफ और बंदी मौजूद रहे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर कार्यक्रम की बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते भगवान बुद्ध विहार समिति के पदाधिकारी।

- **सुबह बुद्ध वंदना के बाद होगा खीर वितरण, दोपहर को भोजन, चार बजे होगी सभा**

**अमृत विचारः** भगवान बुद्ध विहार समिति पुवायां रोड के तत्वावधान में आज आयोजित होने वाले बुद्ध पूर्णिमा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई।

जिसमें समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश प्रसाद ने बताया 23 मई को सुबह 10 बजे बुद्ध वंदना भंते बसु बंधु द्वारा, 11 बजे खीर वितरण, 2:30 बजे भोजन व्यवस्था, चार बजे सभा का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जसविंदर सिंह बजाज एडवोकेट, विशिष्ट अतिथि एसएस पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार आजाद, डॉ. कमलेश गौतम प्रोफेसर एसएस कॉलेज, डॉ. एमपी सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. बाइपी गौतम हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. पीके कपिल सहायक निदेशक उत्तर प्रदेश गन्ना किसान प्रशिक्षण संस्थान लोदीपुर, डॉ. नवनीत कुमार यादव, राजन सिंह प्राचार्य जीटीआई रहेंगे। समिति के कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार ने बताया यह कार्यक्रम पूर्णता सामाजिक धार्मिक एवं गैर राजनीतिक रहेगा। समिति के महामंत्री नेवा एवं कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार एडवोकेट ने कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने की अपील की। अंत में समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार नेता ने सभी आभार व्यक्त कर बैठक का समापन किया। बैठक में राजीव वर्मा, विनोद सम्राट, बृजेश कुमार, एडवोकेट सुनील कुमार वर्मा, अखिलेश गौरव आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार नेता ने की और संचालन संयुक्त मंत्री अजय वर्मा ने किया।

## फोन पर करता था अश्लील बातें, मना किया तो दी धमकी

**शाहजहांपुर।** तिलहर थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने बताया कि उसकी पत्नी तथा पुत्री गंगा स्नान ढाई घाट मेले में गई थी। पत्नी ने अपना मोबाइल चार्जिंग के लिए वहां लगाया था। इसी बीच गांव के ही प्रियांशु ने चार्जिंग में लगे मोबाइल से बेटी का नंबर ले लिया। आरोप है कि आए दिन आरोपी उसकी पुत्री को फोन कर अश्लील बातें तथा गलत मैसेज भेजकर परेशान करता है। 20 मई की शाम पांच बजे उसने आरोपी प्रियांशु के मोबाइल पर फोन कर और कहा कि उसकी पुत्री को फोन करके क्यों परेशान करते हो। इस बात से नाराज होकर आरोपी ने उसे गालियां और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी प्रियांशु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
VAMCRH SHAHJAHANPUR
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
• ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

# जीआईसी कांट में वार्षिक अलंकरण समारोह में मेधावियों को किया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अलंकरण समारोह में मौजूद बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

- **विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले विजेता छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान**

**अमृत विचारः** राजकीय महाविद्यालय कांट में वार्षिक अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय में वर्ष भर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों क्रीड़ा समारोह, सड़क सुरक्षा कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण, मिशन शक्ति आदि में प्रतिभाग करने वाले विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

वार्षिक अलंकरण समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजकुमार सिंह ने की। समारोह का शुभारंभ प्राचार्य ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस समारोह में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला प्रक्षेपण, गोला प्रक्षेपण, चक्र प्रक्षेपण, कबड्डी, खो-खो एवं रस्साकसी के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। सड़क-सुरक्षा कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण, मिशनशक्ति के अंतर्गत जिन छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय, जनपद एवं मंडल स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है, उनके साथ ही महाविद्यालय में विश्वविद्यालय परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले बीए, बीकॉम एवं बीएससी के छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा प्रभारी आनंद कुमार ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक राकेश कुमार वर्मा, डॉ. सुधीर कुमार शर्मा, डॉ. जितेन्द्र कुमार, योगेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ. अनूप कुमार, मुकेश कुमार, डॉ. अवनीश कुमार गौतम, दिशांत कुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्रोजेक्टर के माध्यम से दी जा रही कंप्यूटर की शिक्षा



छात्राओं को कंप्यूटर सिखाते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **मदरसा नुरुल हुदा में शिक्षा प्रदान करने की नई तकनीक शुरू**

अमृत विचारः मदरसा नुरुल हुदा बिजलीपुरा में छात्र-छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षा प्रदान किया जाना प्रारंभ कर दिया गया है।

वहीं कक्षा 6 से कक्षा 10 तक छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करने की भी व्यवस्था कर दी गई है। जिससे छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ कंप्यूटर शिक्षा भी प्राप्त कर सकें। चार साल तक के बच्चों के लिए किड्स जोन की व्यवस्था की गई है, उसके लिए स्मार्ट क्लास तैयार किया गया है, जिसमें बच्चे खेल-खेल के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने बताया वर्तमान सत्र में शिक्षा को नई तकनीक से प्रदान करने के लिए प्रोजेक्टर का इंतजाम किया गया है जिससे बच्चे कॉन्वेंट स्कूलों की तरह मदरसे में भी शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे वहीं कंप्यूटर भी निशुल्क सीख कर आत्मनिर्भर भी हो सकेंगे उन्होंने बताया कि समर स्पेशल कोर्सेज भी चलाए जाएंगे जिससे लोग कम समय में प्रशिक्षित हो सकते हैं।

# पुराने ढर्रे पर चल रहा काम... कब निपटे पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



महानगर में खोदाई करती जेसीबी। ● अमृत विचार

- **कछुआ चाल से चल रहा सीवर का काम, चुनाव बाद भी तेजी नहीं**
- **जून 2023 तक काम पूरा कराने की समय सीमा की है निर्धारित**
- **सड़क पर गड्ढे भरने के नाम पर सिर्फ गिट्टी डालकर छोड़ने से दिक्कत**

**अमृत विचारः** महानगर में सीवर लाइन डालने का काम जस का तस है। इधर खोदाई तो उधर खोदाई कछुआ चाल से चल रही है। काम पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है। जिससे कब तक निपटेगा कह नहीं सकते। पहले चुनाव निपटने के बाद काम में तेजी आने की बात कही जा रही थी, लेकिन चुनाव के बाद भी तेजी दिखाई नहीं दे रही है।

शहर में 186 किमी सीवर लाइन बिछाई जा रही है। जून 2023 तक काम पूरा कराने की समय सीमा निर्धारित की गई थी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कार्यदायी संस्था टेक्नोक्राफ्ट के अधिकारियों के आग्रह पर कई बार समय सीमा को बढ़ाया गया, लेकिन उसके बाद भी अभी तक काम पूरा नहीं हो पाया। चुनाव व गेहूं कटाई की वजह से कुछ दिन काम बंद भी रहा। चुनाव निपटने के बाद काम शुरू करा दिया गया, लेकिन बेहद धीमी गति से काम कराया जा रहा है। लाला तेली की बजरिया मोहल्ले में चैंबर से कनेक्शन देने का काम कराया जा रहा है।

जहां पर काम पूरा हो रहा हैं वह गड्ढे ठीक से नहीं भरे जा रहे। इसके अतिरिक्त मोहनगंज स्थित पार्क के पास काफी दिन पहले ही सीवर बिछाने का काम कराया जा चुका है, लेकिन सड़क ठीक से नहीं बनाई गई। गड्ढे भरने के नाम पर सिर्फ गिट्टी डालकर छोड़ दी गई। जिस वजह से धूल उड़ने के साथ ही पैदल निकलना तक मुश्किल हो रहा हैं। इसी तरह की स्थिति शहर में कई अन्य क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है। उसके बाद भी न कार्यदायी संस्था के ठेकेदार इसको लेकर गंभीर है और न ही जल निगम के अधिकारी ध्यान दे रहे। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## प्रसूता की मौत के मामले में नहीं हुई एफआईआर

**पुवायां, अमृत विचार :** बनियानी गांव के दिनेश कुमार ने डीएम को पत्र देकर डॉक्टरों की लापरवाही से हुई प्रसूता की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है।

दिनेश कुमार ने बताया कि छह अप्रैल को अपनी भांजी गौरी को पुवायां के खुटार रोड पर स्थित अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया था। ऑपरेशन के दौरान चिकित्सकों की लापरवाही से गौरी की मौत हो गई। शिकायत करने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बयान दर्ज किए। एक सप्ताह में रिपोर्ट दर्ज किए जाने का आश्वासन दिया था, लेकिन घटना के लगभग 40 दिन बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। दिनेश कुमार ने डीएम से रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्खलन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO 9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामबाण इलाज




विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें



सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षो का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 26 मई 2024, रविवार
09 जून 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# 13 साल की लड़की का करा दिया विवाह...मां ने दर्ज कराई एफआईआर

## बोली- जेठ बरेली अस्पताल से बहलाकर ले आए थे घर, फर्जी अभिलेख बना करा दिया विवाह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनवरी में शादी कराने और धनराशि हड़पने का लगाया आरोप
- एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की नामजद रिपोर्ट

**अमृत विचार:** एक महिला ने अपने जेठ समेत चार लोगों पर 13 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर बरेली से पीलीभीत लाने के बाद शादी कराने का आरोप लगाया है। खास बात है कि किशोरी की शादी छिपकर नहीं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनवरी माह में कराए जाने की बात कही है। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र की एक महिला की ओर से धोखाधड़ी, , बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसमें जेठ समेत चार लोगों को आरोपी बनाया है। पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी 17 जुलाई 2010 को हुई थी। उसके तीन बच्चे 13 व आठ साल की पुत्री व एक 11 साल का बेटा है। पति नशा अधिक करते थे। जिसके चलते वह बच्चों को लेकर बरेली चली गई थी।

वहीं पर मजदूरी किया करती थी। 20 दिसंबर 2023 को उसका जेठ समेत चार आरोपी उसे देखने के बहाने जिला अस्पताल बरेली आए थे। उस वक्त पीड़िता के पैर में फैक्चर होने पर इलाज चल रहा था। आरोपी उसकी 13 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर ले गए। इसके बाद उसकी नाबालिग पुत्री का सामूहिक विवाह योजा के तहत 27 जनवरी को ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में कूटरचित दस्तावेज की मदद से दियोरियाकलां क्षेत्र के एक युवक से शादी करा दी। योजना के तहत मिलने वाली धनराशि भी आरोपियों ने हड़प ली। जबकि पुत्री कक्षा आठ में माधोटांडा क्षेत्र के एक विद्यालय में पढ़ती थी। पति की 25 मार्च 2024 को मौत हो चुकी है। बेटी की शादी के बारे में उस जानकारी तब हुई जब पीड़िता उसे तलाशते हुए घर पहुंची थी। आरोपियों ने विरोध करने पर मारपीट कर धमकी देकर भगा दिया।

> उच्चाधिकारियों के आदेश पर एक महिला की ओर से एफआईआर दर्ज कर ली गई है। विवेचना कराई जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। – नरेश त्यागी, कोतवाल
>
> महिला की ओर से समाज कल्याण विभाग में शिकायत की गई थी। संबंधित अधिकारियों से पता किया गया तो बताया है कि आधार कार्ड चेक करने पर संबंधित लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक निकली थी। इसलिए चयन किया गया था। अभी जांच चल रही है। अगर लड़की नाबालिग निकलती है तो नियमानुसार धनराशि की वसूली समेत अन्य कार्रवाई कराई जाएगी। – धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ

### आरोप सही तो जिम्मेदारों की बढ़ेगी मुश्किल

महिला की ओर से लगाए गए आरोप बेहद संगीन है। खासकर 13 साल की पुत्री की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी कराया जाना। पुलिस तो एफआईआर दर्ज करने के बाद विवेचना में जुट गई है। वहीं, प्रशासनिक स्तर भी खलबली मचना तय है। चूंकि सामूहिक विवाह योजना में आवेदन के बाद लंबी –चौड़ी जांच की प्रक्रिया होती है। वर–वधू का सत्यापन कराया जाता है। अगर फर्जी अभिलेख आरोपियों ने तैयार करा भी लिए तो वह शादी के दौरान पकड़ में क्यों नहीं? ऐसे में महिला का आरोप पुलिस की जांच में सही निकला तो प्रशासनिक स्तर पर भी कई जिम्मेदारों की मुश्किल बढ़ना तय है। फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर भी मामले की जांच शुरू करा दी गई है।

## काला तिल विक्रेता व खरीदार में कहासुनी

**जलालाबाद, अमृत विचार :** काले तिल को लेकर एक बार फिर नगर चर्चा में आया है।

खंडहर रोड पर बुधवार को दुकानदार ने प्रोफेसर अरविंद कुमार को मिट्टी से बने तिल दे दिए। जब शिकायत करने वह दुकानदार के पास गए तो उसने बताया कि वह भी किसी अन्य से खरीदता है। अरविंद ने बताया कि इसकी शिकायत उन्होंने अधिकारियों से की है। अगर कार्रवाई नहीं होती है तो शासन स्तर पर भी वह शिकायत करेंगे। दुकान में हुई कहासुनी का किसी ने वीडियो बना लिया।

## लापरवाही पर भड़का आक्रोश, हाईवे जाम

संवाददाता, पूरनपुर /माधोटांडा

- डूबे किशोर का सुराग नहीं मिलने पर माधोटांडा एसओ ने एसडीएम से खारजा नहर का पानी बंद कराने का किया था आग्रह

**अमृत विचार :** खारजा नहर में डूबे किशोरी की तलाश में लापरवाही बरती गई। कहने के बाद भी एसडीएम ने नहर का पानी बंद नहीं कराया और बहाव पहले भी तेज हो गया व पानी बढ़ गया।

रेस्क्यू नहीं हो पाने से गुस्साए परिजनों ने पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग पर ग्रामीणों संग जाम लगाकर नारेबाजी कर दी। सूचना पर पहुंचे सीओ न हरसंभव मदद का आश्वासन देकर बमुश्किल परिवार को शांत कराया। उधर, नहर में डूबे युवक की तलाश तेज कर दी गई है। ग्राम प्रसादपुर के रहने वाले नोखेलाल का पुत्र अजय कुमार (17) मंगलवार सुबह घर से नाराज होकर निकला और खारजा नहर शाहगढ़ पुल पर पहुंचकर कुछ देर खड़ा रहने के बाद अचानक नहर में छलांग लगा दी थी। सूचना मिलने पर माधोटांडा पुलिस मौके पहुंची और गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश शुरू कराई। एसओ माधोटांडा अचल कुमार ने कलीनगर एसडीएम आशुतोष गुप्ता को घटना से अवगत कराते हुए नहर का पानी बंद कराने का आग्रह किया था। मगर नहर का पानी बंद नहीं किया गया। बुधवार को नहर का पानी कम होने के बजाय बढ़ गया। जिस कारण किशोर की खोजबीन नहीं हो सकी। 24 घंटे बाद भी किशोर का पता न चलने पर परिजनों में आक्रोश भड़क गया। ग्रामीणों संग परिवार वाले पूरनपुर -पीलीभीत मार्ग पर पहुंचे और शाहगढ़ मोड़ के पास सड़क जाम कर दी। जिम्मेदारों की ओर से रेस्क्यू के नाम पर बरती जा रही औपचारिकता और लापरवाही पर नाराजगी जताई। इसकी सूचना मिलने पर सीओ पूरनपुर आलोक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
डॉ. कुशाग्र सिंह
MBBS, M.S. (Surgery), FMAS, DMAS
लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
दूरबीन द्वारा आपरेशन के विशेषज्ञ
7983368142
पं. दीन दयाल उपाध्याय कार्डधारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन, हर भारतवासी का-रविवार व बुधवार
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
●पित्त की पथरी ●पित्त की नली की पथरी ●अपेन्डिक्स ● हार्निया
●पेशाब नली की पथरी (PCNL, URSL) ●बच्चेदानी व रसौली ●आबेरियन सिस्ट
●एक्टापिक प्रगनेन्सी ●गदूद ऑपरेशन (TURP) ●पेट की जाँच।
●महिला ऑपरेशन स्त्री रोग डाक्टर की देख-रेख में
●गम्भीर मरीजों के लिए ICU एवं वेन्टीलेटर ●मात्र एक टीका और ऑपरेशन



नवजात शिशु कहीं भी पैदा हो?
आयुष्मान कार्ड धारक पिता अथवा माताओं के नवजात शिशुओं का निःशुल्क इलाज नर्सरी (NICU) में
महेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल
निकट कुदेशिया फाटक, इज्जतनगर, बरेली-9411090551

नर्सिंग है अधिक रोजगार वाला क्षेत्र
B.Sc. NURSING
महेन्द्र गायत्री ग्रुप ऑफ कॉलेज
धन्वन्तरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज
रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली
Mob.: 9410405769, 7599203105
Clinical Training
★ महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली
★ महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली
● G.N.M. ● A.N.M. ● D.P.T.
● D.OPT. ● DIPLOMA O.T.
● D. PHARMA ● BAMS

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
निःशुल्क शिविर 23 मई 2024
स्पीच थेरैपी
हकलाना/तुतलाना
आटिस्म



आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

## सार-संक्षेप

### शादी से एक दिन पहले घर छोड़ा, प्रेमी निकला बेवफा

**पूरनपुर।** शादी से एक दिन पहले परिवार को छोड़कर जाने वाली युवती को उसके प्रेमी ने भी दगा दे दिया। शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए और अब शादी से मुकर गया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मामले में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है। लखीमपुर जनपद की रहने वाली एक युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका प्रेम प्रसंग कस्बा माधोटांडा के रहने वाले युवक से था। युवती का निकाह 14 नवंबर 2023 को होने वाला था। निकाह से एक दिन पहले युवती माधोटांडा में रहने वाले प्रेमी के साथ घर छोड़कर चली गई। आरोप है कि प्रेमी ने उसे तीन दिनों तक पूरनपुर के मोहल्ला ढका में रखा। वहां शादी का झांसा देकर प्रेमी ने उसका शारीरिक शोषण किया। युवती ने प्रेमी से कई बार शादी करने को कहा लेकिन युवक हर बार कुछ दिनों में ही शादी करने की बात कहकर टाल मटोल करता रहा। अब युवती से शादी करने से ही इनकार कर दिया। पुलिस ने पहले इस मामले को गोला गोकर्णनाथ कोतवाली क्षेत्र का बताकर टाल दिया था। जिस पर युवती ने एसपी के समक्ष पेश होकर दुखड़ा सुनाया और न्याय की गुहार लगाई। अब एसपी के आदेश पर पूरनपुर कोतवाली पुलिस ने उसके प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है।

### बीमारी का ड्रामा नहीं आया काम, जिला बदर भेजा जेल

**पूरनपुर।** हवालात में बंद जिला बदर आरोपी ने जेल से बचने के लिए तबीयत बिगड़ने का ड्रामा तो किया लेकिन बात नहीं बन सकी। अस्पताल में चेकअप कराने के बाद कोई बीमारी न होने पर पुलिस वापस ले आई थी। दूसरे दिन आरोपी को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया गया। नगर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा का रहने वाला मुन्ना पुत्र इकबाल पर पशु वध अधिनियम व अन्य धाराओं में दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अपराध की रोकथाम के लिए उसे जिला बदर घोषित किया था। इसके बावजूद वह अपने घर में रह रहा था। सोमवार रात पुलिस ने जिलाबदर मुन्ना को घर से पकड़ लिया और उससे पूछताछ की। मंगलवार सुबह जब आरोपी को जेल जाने के बारे में भनक लगी तो उसने नाटक शुरू कर दिया। उसने पेट में तेज दर्द उठने के बारे में बताया और हवालात में ही लेट गया। पुलिस उसे सीएचसी ले गई और जांच कराई। इस दौरान वह पूरी तरह फिट बताया गया। प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने उसे फिर हवालात में बंद कर दिया। इस दौरान पहुंचे उसके परिजन मुन्ना को कई गंभीर बीमारी बताकर पुलिस से छोड़ने की सिफारिश करने लगे लेकिन पुलिस पर आरोपी के ड्रामे और परिजनों की सिफारिश का कोई असर नहीं हुआ। बुधवार को पुलिस ने आरोपी मुन्ना पुत्र इकबाल को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि आरोपी पूरी तरह फिट था। उसे जेल भेज दिया है।

### कारोबारी पर भी सोबती बिल्डर ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**बरेली कार्यालय।** सोबती बिल्डर के मालिक, उनके बेटा–बेटी समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने वाले सरिया व्यापारी रोहित गुप्ता को कैंट पुलिस ने साक्ष्यों के साथ थाने बुलाया लेकिन उन्होंने लखनऊ में होने का हवाला दिया। वह गुरुवार को साक्ष्यों के साथ थाने पहुंचेंगे। पुलिस उनका बयान दर्ज करेगी। वहीं कुछ दिनों पहले सोबती बिल्डर की तरफ से भी प्रेमनगर थाने में रोहित, उनकी पत्नी और बेटे पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। गुलजारी लाल कंठीराम सरिया वालों के मालिक रोहित गुप्ता ने माडल टाउन निवासी बिल्डर चरन पाल सिंह सोबती, उनके बेटे दिव्यजोत सिंह, आकृति सोबती, वरिंदर सिंह, ललित गोयल और दिनेश शर्मा के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि सोबती बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड ने उनसे 93 .35 लाख में सरिया का सौदा किया था। सोबती बिल्डटेक के डायरेक्टर ने सरिया के दस लाख रुपये एडवांस भेजे थे। 18 दिसंबर 2023 को उन्होंने 22 लाख की सरिया और लोहे का माल भेज दिया था। आरोप है कि बचे हुए रुपये मांगने पर 12 अप्रैल को लाल फाटक के पास उनपर जानलेवा हमला किया गया। उधर सोबती बिल्डर ने भी हाल ही में प्रेमनगर थाने में रोहित गुप्ता, उनके बेटे और पत्नी के खिलाफ 10 लाख रुपये लेकर सामान न देने और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस दोनों मामले में जांच कर रही है।

### डंपरों की भिड़ंत, शाहजहांपुर का चालक घायल

**रामपुर।** खनन लदे तेज रफ्तार दो डंपरों की आमने–सामने से भिड़ंत हो गई। इसमें डंपरों के चालक और सहायक मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। मंगलवार देर रात बिजारखाता की ओर से आ रहे और स्वार की ओर जा रहे खनन से लदे डंपर स्वार–बाजपुर मार्ग स्थित चौराहे पर आपस में भिड़ गए। हादसे में शाहजहांपुर निवासी डंपर चालक सौरभ कुमार और सहायक सोमू मामूली चोटिल हो गए। उन्होंने बताया कि वे डंपर में खनन लेकर बाजपुर से सीतापुर जा रहे थे। दुर्घटना के बाद दूसरा डंपर चालक वाहन लेकर मौके से भाग गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# मरीजों के लिए शव वाहन से ढोई जा रहीं दवाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के शव वाहन से शव ढोने के अलावा अन्य कई कार्य लिए जा रहे हैं। अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली दवाएं भी शव वाहन से ढोई जा रही हैं। अस्पताल प्रशासन की यह बड़ी लापरवाही उजागर होने पर खलबली मच गई है।

शासन की व्यवस्था है कि जो लोग जिला अस्पताल में भर्ती होते हैं उनकी मौत होने पर उनके शवों को जिला अस्पताल के शव वाहन से उनके घर तक पहुंचाए जाते हैं। लावारिस शवों को इन्हीं वाहनों से पोस्टमार्टम हाउस तक पहुंचाया जाता है। जिला अस्पताल प्रशासन शव वाहन से कई तरह के काम ले रहा है। बुधवार को शव वाहन में दवाएं भर कर लायी गयीं। शव वाहन में भरे गए दवाओं के पैकेट दूर से दिखाई दे रहे थे। चालक ने दवाएं लाकर दवा स्टोर के पिछले दरवाजे वाहन को लगा दिया। शव वाहन के पीछे का गेट खोला गया वैसे ही उसके फोटो कर लिए गए। कैमरों को देख कर दवा स्टोर में खलबली मच गयी। चालक भी भाग गया। जबकि दवा स्टोर के लोग भी अंदर ही छिप गए। शव वाहन में दवाएं लायी जाती हैं। इन्ही दवाओं को मरीजों को बांटा जाता है। इससे अस्पताल प्रशासन की संवेदनहीनता का पता चलता है।

## विजन फॉर विकसित भारत पोस्टर का विमोचन

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. केपी सिंह ने विजन फॉर विकसित भारत विषय पर शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन किया। भारतीय शिक्षण मंडल की ओर से अखिल भारतीय स्तर पर विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं की भूमिका और उनके विचार जानने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए युवाओं को 30 जून तक पंजीकरण कराना होगा। युवाओं को 31 जुलाई तक वेबसाइट पर जमा करने होंगे। इस प्रतियोगिता में कम से कम एक लाख युवाओं के भाग लेने की संभावना है। शोध पत्र लेखन में जिन प्रतिभागियों के शोध पत्र स्तरीय होंगे उनमें से एक हजार युवा शोधार्थियों का चयन कर 15, 16 और 17 नवम्बर को दिल्ली में युवा शोधार्थियों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर अंग्रेजी विभागाध्यक्ष एवं भारतीय शिक्षण मंडल के प्रकाशन विभाग की अखिल भारतीय सह-प्रमुख प्रो. सुमित्रा कुकरेती, ब्रज प्रांत के उपाध्यक्ष प्रो. आशुतोष प्रिय आदि मौजूद रहे।

## जंतु विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा तिथि बदली

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर जंतु विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि बदल दी है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि 24 और 25 मई को होने वाली परीक्षा किन्हीं कारण से स्थगित की गई है। परीक्षा की अगली तिथि जल्द निर्धारित की जाएगी।

# सिविल जज का कुत्ता गायब, 15 लोगों पर दर्ज की गई प्राथमिकी

### 16 मई की घटना, कुत्ते के भौंकने पर कॉलोनी में कुछ लोगों से हुआ था विवाद

बरेली कार्यालय

- बेटियों से अभद्रता का आरोप, जज की पत्नी की शिकायत पर कार्रवाई

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में रहने वाले एक जज का कुत्ता गायब हो गया। जज की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने सनसिटी के रहने वाले डंपी अहमद समेत 14 के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। आरोप है कि कॉलोनी के दबंगों ने कुत्ते के साथ कुछ अनहोनी कर दी है। आरोप है कि जज की बेटियों के साथ भी अभद्रता की गई है।

हरदोई में तैनात सिविल जज का परिवार इज्जतनगर थाना क्षेत्र के सनसिटी में रहता है। जज की पत्नी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 16 मई को उनके कुत्ते के भौंकने को लेकर कॉलोनी में कुछ लोगों से विवाद हो गया था। इसी दिन कॉलोनी के डंपी अहमद ने उनका कुत्ता गायब कर दिया।

आरोप है कि डंपी और उसकी पत्नी रात में करीब 9 बजे उनके घर आए और दोनों बेटियों को बुलाकर अभद्रता की। उस समय पति घर नहीं थे, जबकि वह बीमार थीं। जानकारी मिलने पर उनके पति ने फोन से मामले की शिकायत सीओ तृतीय अनीता चौहान से की। सीओ के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

**पहले पुलिस गुपचुप तरीके से कुत्ते को खोजती रही**

इज्जतनगर पुलिस पहले गुपचुप तरीके से कुत्ते को खोजती रही, लेकिन पता नहीं चला। जब मामले ने तूल पकड़ा तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वहीं, आरोपी भी अफसरों को शिकायत भेजकर उत्पीड़न करने का आरोप लगा रहे हैं।

## बुद्ध पूर्णिमा की वजह से परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने गुरुवार को बृद्ध पूर्णिमा के अवकाश की वजह से बीए द्वितीय व तृतीय वर्ष और बीएससी तृतीय वर्ष की मुख्य परीक्षा 2024 के कार्यक्रम में बदलाव किया है।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक 23 मई को सुबह 11 से 2 बजे की पाली में होने वाली बीए द्वितीय वर्ष की साइकोलॉजी के सोशल साइकोलॉजी प्रश्नपत्र की परीक्षा 29 मई को होगी। इसके अलावा दोपहर 3 से 6 बजे की पाली में होने वाली बीए तृतीय वर्ष की संस्कृत के वेद मंत्र के प्रश्नपत्र और बीएससी तृतीय वर्ष के बॉयोटेक्नोलॉजी के इन्वॉयरमेंटल बॉयोटेक्नोलॉजी की परीक्षा 19 जून को होगी।

उन्होंने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों और केंद्राध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम के बारे में अपने स्तर से भी छात्रों को बताएं। इसके अलावा छात्रों को नया प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए भी कहें।

## लू की चपेट में आ रहे पशु सांस लेने में हो रही दिक्कत

बरेली कार्यालय

- आईवीआरआई के रेफरल वेटनरी पॉलिक्लिनिक में लू लगने से बीमार पशु पहुंच रहे

**अमृत विचार :** गर्मी में पशु भी लूट की चपेट में आ रहे हैं। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के रेफरल वेटनरी पॉलीक्लिनिक में लू लगने से बीमार पशु पहुंच रहे हैं। अब तक 15 से अधिक पशुओं में लू के लक्षण दिखाई दिए हैं, जिन्हें आरवीसी में भर्ती कर उपचार दिया गया। लू से ज्यादा बीमार होने वालों में गाय, भैंस, बकरी और घोड़े हैं।

आरवीसी प्रभारी डॉ. अमर पाल ने बताया कि तेज गर्म हवाओं का प्रभाव पशुओं की दिनचर्या को भी प्रभावित करता है, इसलिए पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए ठंडा व छायादार पशु आवास, पीने के स्वच्छ पानी की व्यवस्था रखें। लू लगने पर पशु को तेज बुखार, सुस्ती के साथ खाना-पीना बंद करने, सांस की गति और नाड़ी तेज होने और कभी-कभी नाक से खून आने के लक्षण दिखाई देते हैं। समय पर ध्यान न देने पर सांस की गति धीरे-धीरे कम होने लगती है और पशु चक्कर खाकर बेहोश हो जाता है, जिस कारण मृत्यु की संभावना होती है।

पशु वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत पावड़े के अनुसार पशुपालकों को पशु आवास के लिए निर्मित मकानों की छत को गर्म होने से रोकने के लिए सूखी घास और जामुन के पत्ते रखना चाहिए। गर्म हवाओं का सीधा प्रवाह रोकने के लिए लकड़ी की तख्ती, फटे बोरा-बोरी की टाट को गीला करके लगाना चाहिए, जिससे पशु आवास में ठंडक बनी रहे। पशु आवास गृह में आवश्यकता से अधिक पशुओं को न बांधे और रात्रि में पशुओं को खुले स्थान में बांधे।

इसके अलावा पशु आवास का अभाव होने पर पशुओं को छायादार पेड़ के नीचे बांधे। इसके अलावा पशुओं को हरा चारा अधिक मात्रा में खिलाए, क्योंकि हारे चारे में 70 से 90 प्रतिशत जल की मात्रा होती है। बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सालय में पशु का उपचार कराएं।

## एसजेआर में रुहेलखंड विवि को तीसरा स्थान

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय को एससीआईमैगो जरनल एंड कंट्री रैंकिंग (एसजेआर) में प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा विश्वविद्यालय की देश में 163वीं और विश्व में 6828वीं रैंक मिली है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने ग्लोबल यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में भी विश्व में 1018 रैंकिंग हासिल की है। दोनों रैंकिंग बुधवार को जारी की गई है। इससे पहले विश्वविद्यालय ने नैक और ईडू में भी बेहतर रैंक प्राप्त की थी। यूजीसी ने विश्वविद्यालय को श्रेणी वन के विश्वविद्यालय में रखा है। अब एसजेआर में बेहतर रैंक मिलने से विश्वविद्यालय को क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग, एशिया रैंकिंग और कई अन्य में अच्छा स्थान हासिल होने की उम्मीद जगी है। विश्वविद्यालय की प्रभावशाली रैंकिंग कई शैक्षणिक मापदंडों में इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाती है। ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 1018 रैंक विश्वविद्यालय के रोजगार पर इसके मजबूत जोर को इंगित करती है और इसके व्यापक कैरियर विकास कार्यक्रमों, उद्योग भागीदारी और जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में परिलक्षित होती है। प्रो. भोला खान ने बताया कि एसजेआर में देश में 168 रैंकिंग 324 विश्वविद्यालयों में मिली है जो बड़ी उपलब्धि ही है। 4 जून को वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग जारी की जाएगी। उम्मीद है कि इसमें भी विश्वविद्यालय को बेहतर रैंक मिलेगी।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लि. शाखा बरेली से श्रीमती मीना देवी पत्नी ओम प्रकाश निवासी कत्था फैक्ट्री इज्जतनगर बरेली एक किता मकान तादादी 94.75 वर्ग मी. जो मि. खसरा नं. 956 व 959-960 में से बाकै मौजा बिहारमान नगला बरेली जिसकी चौहद्दी पूरब में आराजी महेश कुमार चौधरी, पश्चिम में आराजी विक्रेता, उत्तर में मकान अजय कुमार डे व दक्षिण में रास्ता 20 फिट चौड़ा है को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से लोन ले रही है। उक्त सम्पत्ति को मीना देवी ने द्वारा बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 28.06.2002 को ए.फा.बुक सं. 1 जिल्द 396 से पृष्ठ 1097 से 1108 पर क्रमांक 7331 पर स.र. बरेली में हुई है इकरारी राकेश मिश्रा मुख्तारे आम मुमताज खां से बशक्ल आराजी खरीद किया था।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेन्स लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा श्रीमती मीना देवी के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**मुनीश कुमार सक्सेना**
**चैम्बर नं. 7, न्यू बिल्डिंग बंगलिया, सिविल कोर्ट, बरेली।**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेन्स लि., बरेली**
**मो. 9997389012**

Phone & Fax : 0581-253525
**उ.प्र. प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड**
क्षेत्रीय कार्यालय:- 1219/1, ई-ब्लाक राजेन्द्र नगर, बरेली 243122

सन्दर्भ संख्या- 153/e-5/General/2024 — दिनांक: 22/5/24

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद्द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बरेली के अन्तर्गत आच्छादित जनपद, बरेली, पीलीभीत, बदायूं एवं शाहजहांपुर के समस्त ईट भट्टा स्वामियों / संचालकों को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 22.02.2022 को पर्यावरण (संरक्षण) संशोधन नियम, 2022 के अनुसार क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली के क्षेत्रान्तर्गत स्थापित / संचालित ईट भट्टे को जिग-जैग तकनीकी या वर्टिकल शाफ्ट में परिवर्तित कर संचालित किया जाना प्राविधानित है। पूर्व में भी इस कार्यालय के पत्र सं. 661/ई-5/जनरल/2023 दिनांक 27.09.2023 के माध्यम से विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक 28.09.2023 द्वारा ईट भट्टा मालिकों को जनसूचना के माध्यम से सूचित किया गया है। अत: उपरोक्त अधिसूचना का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली के क्षेत्रान्तर्गत आच्छादित समस्त ईट भट्टा मालिकों को जनसूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये ईट भट्टे का संचालन किया जाये, अन्यथा ईट भट्टे के विरूद्ध बिना अन्य सूचना/नोटिस प्रेषित किये पर्यावरणीय अधिनियमों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व ईट भट्टा स्वामी का होगा।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
**उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बरेली**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**

मेरे डीएल नंबर UP- 27-20 11000 3048 में मेरा नाम ABHIJEET KUMAR RAY S/O RAJESHWAR PRASAD RAY अंकित हो गया है। जो कि गलत है मेरा सही नाम ABHIJEET KUMAR RAI S/O RAJESHWAR PRASAD RAI है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। ABHIJEET KUMAR RAI S/O RAJESHWAR PRASAD RAI नि. चमकानी कर्बला गेट किसानों वाली गली सदर शाहजहांपुर।

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री शशि को उसके दुर्व्यवहार व चाल चलन ठीक न होने के कारण उससे तंग आकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। ये अपने कृत्यों व लेनदेन की स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा।
**सोमवती पत्नी श्री शिव किशोर, निवासी- ग्राम सतुईया पट्टी, तहसील मीरगंज, जिला बरेली**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र काजी उमैर अहमद को उसके गलत व्यवहार के कारण उसे दिनांक 05.02.2024 को अपने सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा।
**नजायरूल हसनैन पुत्र श्री शफीक अहमद नि. 56, उदित, महानगर कालोनी पार्ट-2, बरेली**

**बिस्वास डायग्नोस्टिक सेंटर**
आईटीबीपी (बुखारा मोड़), लाल फाटक रोड, बरेली
हमारे यहां पर लैब टेक्नीशियन, लैब सैंपल कलेक्शन स्टाफ, एक्स-रे टेक्नीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, फीमेल रिसेप्शनिस्ट के जॉब के पद खाली है!
अतिशीघ्र संपर्क करे!!
कॉन्टेक्ट : 9695554511, 8218670974, 9536380877

**सीधी भर्ती**
**पशु स्वास्थ्य सुधार मिशन उ.प्र.**
में कुल 6222 रिक्त पदों पर

| | | |
|---|---|---|
| ग्रुप-A-375 (स्नातक) | ग्रप-B-980 (इण्टरमीडिएट) | ग्रुप-C-4867 (हाईस्कूल) |

वेतनमान 21500, 17000 व 13500
योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी
https://pashuswasthyasm.com
पर ऑनलाइन आवेदन करें।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
**बरेली संस्करण** — **स्मृतियाँ शेष**
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
**साइज व रेट**
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

Admission Open 2024-25 — Admission Open 2024-25
**KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE**
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

**Nursing Courses**
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

**Paramedical Diploma Courses (2 Year)**
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

**Pharmacy Course (2 Year)**
- D. Pharma

**Facilities Available**
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

**आवश्यकता है**
अनुभवी
**कंप्यूटर ऑपरेटर**
(योग्यता-स्नातक एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा)
एवं
**फार्मासिस्ट**
(योग्यता डी. फार्मा अथवा बी. फार्मा)
वेतन-योग्यतानुसार
शीघ्र संपर्क करें :-
HR ऑफिस, कमरा नं. 102, OPD गेट के पास
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर में
समय : प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक
मो. 7521001986, 7521001994

**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is Rural Wellbeing there is Universal Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
**मेडिकल साइसेंज**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
**डेन्टल साइंसेज**
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
**फार्मेसी**
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
**पैरामेडिकल साइंसेज**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
**फोरेंसिक साइंसेज**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
**योगा एंड नेचुरोपैथी**
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

प्रवेश प्रारम्भ
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**
**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) — श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) — योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**
**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) — श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) — डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


# करनाल में भाजपा का इम्तिहान तो रोहतक में कांग्रेस की अग्नि परीक्षा

## 51 फीसदी वोटों का अंतर पाट पाएगा युवा चेहरा

**खट्टर की चुनौती**

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** करनाल लोकसभा सीट पर 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने 70 प्रतिशत से अधिक मत लेकर देश में दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। कांग्रेस को केवल 19 प्रतिशत वोट मिले थे। लेकिन इस बार भाजपा से चुनाव लड़ रहे साढ़े नौ साल तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें कांग्रेस के युवा छात्र नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा से कड़ी टक्कर मिल रही है। यहां खट्टर और भाजपा दोनों की प्रतिष्ठा का कड़ा इम्तिहान हो रहा है। लोगों की नाराजगी भांपकर खट्टर को गली-चौराहों पर नुक्कड़ सभाएं करनी पड़ रही हैं। खट्टर को किसानों के विरोध प्रदर्शन का भी सामना करना पड़ा है। हालांकि मोदी मैजिक और गांरटी के चलते उन्हें उम्मीद है कि मतदान में बटन कमल का ही दबेगा। उधर कांग्रेस दावा कर रही है कि करनाल इस बार चौंकाने वाला नतीजा और नया चेहरा देगा। यहां बसपा से इंद्र सिंह, जेजेपी देवेंद्र कादियान भी मैदान में हैं। लेकिन वह उपस्थिति भर के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। करनाल सीट की पहचान ब्राह्मण बहुल की है। यहां दिग्गजों की हार का इतिहास भी है। पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल को यहां हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा की दिग्गज नेत्री सुषमा स्वराज करनाल से जीत नहीं पाई थीं। करनाल लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नौ विधानसभा सीटों में पांच पर भाजपा, तीन में कांग्रेस और एक पर निर्दलीय विधायक है।


पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर।


कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा

### विधानसभा उपचुनाव में सैनी के सामने भी तरलोचन



विधायक पद से मनोहर लाल खट्टर के इस्तीफे के बाद खाली हुई करनाल विधानसभा सीट पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपचुनाव लड़ रहे हैं। ओबीसी समुदाय के सैनी को खट्टर का विश्वासपात्र माना जाता है।पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर ने 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के तरलोचन सिंह को हराया था। सैनी के विरुद्ध भी कांग्रेस ने तरलोचन सिंह को ही उतारा है। वह हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग के प्रमुख रह चुके हैं। तरलोचन का कहना है कि सत्ता में 10 साल तक रहने के बाद भी खट्टर के पास दिखाने के लिए कुछ नहीं है। जनता ने खट्टर से हिसाब मांगा तो उनकी पार्टी ने उन्हें हटा दिया।

### 2019 : किसको कितना वोट

| | | |
|---|---|---|
| **अगड़ी जातियां गैर जाट** | 74% | वोट भाजपा |
| | 18% | वोट कांग्रेस |
| **जाट समुदाय** | 50% | वोट भाजपा |
| | 33% | वोट कांग्रेस |
| **ओबीसी समुदाय** | 73% | वोट भाजपा |
| | 22% | वोट कांग्रेस |
| **दलित वर्ग** | 58% | वोट भाजपा |
| | 28% | वोट कांग्रेस |
| **मुस्लिम वर्ग** | 13% | वोट भाजपा |
| | 85% | वोट कांग्रेस |

2019 चुनाव
सीएसडीएस लोकनीति के आंकड़े

## हुड्डा परिवार को इस बार अकेला जूझना पड़ रहा है अपना गढ़ बचाने में


रोहतक लोकसभा सीट को कांग्रेस और हुड्डा परिवार का गढ़ माना जाता है। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा के पुत्र दीपेंद्र हुड्डा चुनाव लड़ रहे हैं। वर्तमान में राज्य सभा सदस्य दीपेंद्र रोहतक से तीन बार लगातार सांसद चुने जा चुके दीपेंद्र को पिछली बार भाजपा के डॉ. अरविंद शर्मा के सामने हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा ने सांसद डॉ. अरविंद शर्मा को ही मैदान में उतारा है। रोहतक सीट पर करीब 19 लाख मतदाताओं में 11 लाख गैर जाट हैं। जाट वोट बैंक की हमेशा यहां अहम भूमिका रही है, लेकिन पिछले चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की अहीर बाहुल्य कोसली विधानसभा सीट की वजह से दीपेंद्र हुड्डा को हार मिली थी। लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नौ विधानसभा सीटों में पांच पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और चेहरे के सहारे दूसरी जीत की उम्मीद लगा रहे हैं। भाजपा नेताओं के लगातार दौरे और सभाएं हो रही हैं। भाजपा की राज्य इकाई और पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर ने यहां पूरी ताकत लगा रखी है। उधर हुड्डा परिवार अकेला ही रोहतक का रण जीतने के लिए प्रयासरत है। उनके साथ एसआरके गुट यानी कुमारी शैलजा, रणदीप सुरजेवाला और किरण चौधरी के बाद अब बीरेंद्र सिंह भी रोहतक में नहीं हैं। शैलजा सिरसा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं, जबकि हिसार में बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह चुनावी मैदान में हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ में किरण चौधरी अपनी पूर्व सांसद बेटी श्रुति चौधरी का टिकट कटवाने में हुड्डा की भूमिका मानकर नाराज हैं।

### भाजपा ने दिखाया था 10 का दम


पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने हरियाणा की सभी 10 सीटें जीत ली थी। भाजपा का वोट शेयर 58% था। कांग्रेस का वोट शेयर 28% था, उसे एक भी सीट नहीं मिली थी। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) को 3% तथा जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) को 5% वोट मिले थे, इन दोनों दलों का भी खाता नहीं खुला था। 2014 के चुनाव में भाजपा ने 7 सीटें जीती थीं। कांग्रेस को एक और इनेलो को दो सीटें मिली थीं।


अरविंद शर्मा व दीपेंद्र हुड्डा।

### राज्य में वोट शेयर




# यहां विकास और दिक्कत से बड़ी जातीय सरहद



जगदम्बिका पाल व भीष्म शंकर तिवारी।

## डुमरियागंज में चौथी जीत के लिए जगदम्बिका पाल बहा रहे पसीना

- सपा-कांग्रेस गठबंधन से उतरे पूर्व सांसद भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी दे रहे कड़ी चुनौती

चुनाव डेस्क

बस्ती मंडल के सिद्धार्थ नगर जिले में आने वाले राप्ती नदी के किनारे बसे डुमरियागंज को महात्मा बुद्ध से जुड़े महत्व, काला नमक चावल और हर साल आने वाली बाढ़ के लिए जाना जाता है। इस समय यह इलाका 25 मई को होने वाले मतदान से पहले चुनावी शोर में डूबा है। डुमरियागंज लोकसभा सीट पर पूर्वांचल के दिग्गज नेताओं में शुमार जगदम्बिका पाल पिछले 15 साल से सांसद हैं और लगातार चौथी जीत हासिल करके इतिहास बनाने के लिए पसीना बहा रहे हैं। सपा ने उनके मुकाबले इस बार भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी को मैदान में उतारा है। कुशल तिवारी बाहुबली रहे हरिशंकर तिवारी के पुत्र हैं और बगल की संत कबीर नगर सीट से सांसद रह चुके हैं। बसपा ने यहां मुस्लिम प्रत्याशी मो. नदीम पर दांव लगाया है।

यहां से भाजपा के सांसद जगदम्बिका पाल को एक दिन का मुख्यमंत्री भी कहा जाता है। साल 2014 में वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ गए थे और पिछले दोनों चुनाव भाजपा के टिकट पर ही जीते हैं।

### जातीय गोलबंदी के बीच मोदी का चेहरा और गारंटी का भरोसा

- चुनाव प्रचार में भाजपा के सांसद जगदंबिका पाल पिछले 15 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हैं, लेकिन भरोसा मोदी की गांरटी और चेहरे पर ही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी कुशल तिवारी भाजपा का चक्रव्यूह तोड़ने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सपा की रणनीति ब्राह्मण, ओबीसी और मुस्लिम वोट बैंक के सहारे चुनाव जीतने की है। भाजपा को ओबीसी, ब्राह्मण और दलितों के गठजोड़ पर भरोसा है। ऐसे में यहां सीधा मुकाबला माना जा रहा है।

### बीते दोनों चुनाव एक लाख से ज्यादा मतों से जीते

- 2019 के चुनाव में जगदंबिका पाल को 4,92,253 वोट मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन में बसपा उम्मीदवार आफताब आलम ने 3,86,932 वोट पाए थे। कांग्रेस के चंद्रेश उर्फ चंद्रेश कुमार उपाध्याय 60,549 मत ही पा सके थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में भाजपा के जगदम्बिका पाल और बसपा के मो. मुकीम में संघर्ष हुआ था। पाल को 2,98,845 वोट और मुकीम को 1,95,257 वोट मिले थे। सपा के माता प्रसाद पांडे 1,74,778 वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे।

### पिछड़े और मुस्लिम मिलकर बदल सकते परिणाम

डुमरियागंज में 19 लाख मतदाताओं में पिछड़ा वर्ग के सर्वाधिक 37% मतदाता माने जाते हैं। इसके बाद 24% मुस्लिम, 14% ब्राह्मण और करीब इतने ही दलित मतदाता गिने जाते हैं। ऐसे में यहां पिछड़ा वर्ग के मतदाता ही हार-जीत तय करते हैं। लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांच विधानसभा सीटों में शोहरतगढ़ में अपना दल (एस), कपिलवस्तु और बांसी पर भाजपा का कब्जा है। शेष दो सीटें इटवा और डुमरियागंज सपा के पास हैं।

## संत कबीर नगर में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार

- भाजपा सांसद प्रवीण निषाद जीत की हैट्रिक का भर रहे दम, सपा का उनके ही वोट बैंक पर प्रहार, बसपा ने खेला मुस्लिम-दलित का दांव

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** बस्ती मंडल का संत कबीर नगर जिला देश के सबसे पिछड़े जिलों में शामिल है। जिले का मुख्यालय खलीलाबाद में है, लेकिन संत कबीर की महापरिनिर्वाण स्थली 'मगहर' स्थित होने के कारण जिले को संत कबीर नगर नाम दिया गया है। परिसीमन के बाद 2008 में संत कबीर नगर को लोकसभा सीट का दर्जा मिला था। भाजपा ने यहां सांसद प्रवीण कुमार निषाद पर दूसरी बार दांव लगाया है। अगर वह जीतते हैं तो उनकी यह तीसरी जीत होगी। प्रवीण योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद के पुत्र हैं। सपा ने उनका मुकाबला करने के लिए पूर्व राज्य मंत्री लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद को उतारा है, जबकि बसपा ने दो बार प्रत्याशी बदलने के बाद नदीम अशरफ पर दांव लगाकर मुस्लिम-दलित गठजोड़ बनाने की कोशिश की है। इसके चलते यहां इस बार लड़ाई त्रिकोणीय होने के आसार जताए जा रहे हैं।


प्रवीण निषाद - भाजपा प्रत्याशी।


सपा प्रत्याशी- लक्ष्मीकांत निषाद।

### उद्योग-धंधे बंद होना बड़ा मुद्दा, जोर जातीय गोलबंदी पर

- संत कबीर नगर का खलीलाबाद कभी औद्योगिक और बुनकरों की नगरी था। यह जिला तो बन गया लेकिन इसका विकास गोरखपुर और बस्ती के बीच अटका हुआ है। हालांकि चुनाव में विकास बड़ा मुद्दा नहीं है। जातीय समीकरण सेट करने पर प्रत्याशियों का जोर है। संत कबीर नगर में मुस्लिम मतदाता पांच लाख, ब्राह्मण करीब ढाई लाख, क्षत्रिय लगभग दो लाख और दलित मतदाता करीब साढ़े चार लाख, निषाद मतदाता डेढ़ लाख से ज्यादा और यादव मतदाता सवा लाख तथा इतने ही कुर्मी मतदाता गिने जाते हैं।

### पिछली बार हुआ था कांटे का मुकाबला

- साल 2019 के चुनाव में संत कबीर नगर में कांटे का संघर्ष हुआ था। भाजपा के प्रवीण निषाद जीते थे। उन्होंने सपा-बसपा गठबंधन से उतरे बसपा प्रत्याशी भीष्म शंकर तिवारी को हराया था। प्रवीण निषाद को 4,67,543 और भीष्म शंकर तिवारी को 4,31,794 वोट मिले थे। कांग्रेस के भाल चन्द्र यादव ने 1,28,506 वोट पाए थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में भाजपा के शरद त्रिपाठी जीते थे। उन्होंने 97 हजार मतों के अंतर से बसपा के भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी को हराया था। संत कबीर नगर सीट अस्तित्व में आने के बाद 2009 में हुए पहले चुनाव में बसपा से भीष्म शंकर तिवारी जीत हासिल कर पहले सांसद बने थे।

### मोदी की रैली से बस्ती मंडल की तीनों सीटों पर बदला माहौल

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बस्ती पहुंचकर जनता को राम-राम करते हुए पूर्वांचल से अपना खास रिश्ता जोड़ा। उन्होंने बस्ती मंडल में विकास की त्रिवेणी बहाने के लिए बस्ती से सांसद हरीश द्विवेदी, डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल और संत कबीर नगर के सांसद प्रवीण निषाद को फिर से लोकसभा में पहुंचाने की हुंकार भरी। माना जा रहा है कि प्रधान मंत्री मोदी की रैली के बाद बस्ती मंडल में चुनावी माहौल थोड़ा बदल गया है।

**छठे चरण में वाल्मीकि नगर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में 25 मई को मतदान**

# बिहार में एनडीए के सामने आठों सीटें बचाने की चुनौती

चुनाव डेस्क। छठे चरण के मतदान में बिहार की आठ लोकसभा सीटों वाल्मीकि नगर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में 25 मई को मतदान होगा। इन आठ सीटों पर 86 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। साल 2019 आम चुनाव में इन आठ सीटों में भाजपा को 4, जेडीयू को 3 और एलजेपी को एक सीट पर जीत मिली थी।



### वाल्मीकि नगर में थारू अदिवासी और निर्दलीय हुए निर्णायक

- वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र पश्चिम चंपारण जिले में है। यहां एनडीए जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश कर रहा है। जेडीयू ने सांसद सुनील कुमार कुशवाहा को फिर से उतारा है। इंडिया गठबंधन में राजद ने चीनी मिल मालिक दीपक यादव को उम्मीदवार बनाया है। पिछले चुनाव में कांग्रेस से चुनाव लड़े प्रवेश मिश्रा निर्दलीय के रूप में मैदान में हैं। यहां भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल भी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा असम से दो बार सांसद रहे नव कुमार सरनिया उर्फ हीराबाई भी मैदान में हैं। बसपा से दुर्गेश सिंह चौहान हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच सीधे मुकाबले वाली इस सीट पर थारू अदिवासी निर्णायक मतदाता है, तो निर्दलीय भी किसी का खेल बिगाड़ सकते हैं।

### पश्चिमी चंपारण में जीत का चौका रोकने का जाल बिछाया

पश्चिमी चंपारण लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद डॉ. संजय जायसवाल उम्मीदवार हैं। वह तीन बार सांसद चुने गए हैं। इस बार जीत का चौका लगाना चाहते हैं। राजद ने रणनीति के तहत यहां से कांग्रेस के ब्राह्मण मदन मोहन तिवारी पर भरोसा जताया है। इससे मुकाबला रोचक हो गया है। मदन मोहन भाजपा के कोर वोट बैंक ब्राह्मण मतों में सेंधमारी कर रहे हैं। उन्हें राजद के परंपरागत मुस्लिम-यादव मतों का समर्थन पहले ही है।

### पूर्वी चंपारण में जातीय समीकरण की नई बिसात

पूर्वी चंपारण सीट पर भाजपा ने सांसद राधामोहन सिंह को मैदान में उतारा है। राधामोहन सिंह लगातार तीन बार जीत दर्ज कर चुके हैं और चौथी बार जीत के लिए मैदान में हैं। राधामोहन सिंह राजपूत समाज से आते हैं। यहां इंडिया गठबंधन की तरफ से वीआईपी के राजेश कुशवाहा उनका मुकाबला कर रहे हैं। इस सीट पर पिछले तीन चुनावों में सवर्ण बना सवर्ण मुकाबला हुआ था। लेकिन इस बार इंडिया गठबंधन के नया दांव खेलने से मुकाबला रोचक हो गया है।

### शिवहर में लवली आनंद की जीत नहीं आसान

शिवहर सीट पर भाजपा से तीन बार की सांसद रमा देवी की जगह इस बार जेडीयू ने पूर्व सांसद और बाहुबली आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद को मैदान में उतारा है। लवली सांसद रह चुकी हैं। इंडिया गठबंधन से राजद की ऋतु जायसवाल को उम्मीदवार बनाया है। यहां पूर्व सांसद सीताराम सिंह के छोटे पुत्र राणा रणजीत एआईएमआईएम से मैदान में हैं। उनके निशाने पर हैं लवली आनंद। उनका कहना है कि लवली के पति आनंद मोहन ने ही उनके पिता सीताराम सिंह को हराया था।

### वैशाली में सांसद जूझ रहीं बाहुबली की चुनौती से

वैशाली सीट पर चिराग पासवान ने राजपूत समुदाय की सांसद वीणा देवी पर भरोसा जताया है। राजद ने यहां भूमिहार समुदाय से आने वाले बाहुबली मुन्ना शुक्ला को उतारा है। यहां राजपूत और यादव मतदाताओं का दबदबा है। ऐसे में राजद ने भूमिहार समाज क उम्मीदवार को उतारकर लड़ाई रोचक बना दी है। वैशाली लोकसभा का गठन 1977 में हुआ था। अब तक हुए 13 चुनावों में इस सीट से 11 बार राजपूत उम्मीदवारों की जीत हुई है, दो बार भूमिहार प्रत्याशी जीते हैं।


रांची में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने अदिवासी समुदाय की महिलाओं के साथ नृत्य किया। अदिवासी समाज की ये महिलाएं इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशवश्निी सहाय के समर्थन में हुई रैली में भाग लेने आई थीं।

# शक्ति योजना के बावजूद मेट्रो में यात्रियों की संख्या 30% बढ़ी

- वर्ष 2024 में प्रति माह यात्रियों की संख्या में 35 लाख और राजस्व में 1.10 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार की 'शक्ति' गारंटी के तहत गैर लग्जरी सरकारी बसों में महिलाओं को मुफ्त सफर की सुविधा दी जा रही है और इसके बावजूद गत एक साल में मेट्रो ट्रेन से यात्रा करने वालों की संख्या में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रेड्डी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस कथित बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकारी बसों में महिलाओं को मुफ्त सफर की सुविधा देने से मेट्रो रेल का राजस्व प्रभावित होगा। रेड्डी के मुताबिक शक्ति गारंटी योजना राज्य में 11 जून 2023 को लागू की गई थी और तब से 20 मई तक महिलाओं ने शहर में 67.34 करोड़ बार मुफ्त में यात्रा की। मंत्री ने कहा, हमारे मेट्रो रेल में सफर करने वालों की संख्या में गत एक साल में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अप्रैल 2024 में यात्रियों की संख्या बढ़कर दो करोड़ और राजस्व 51.71 करोड़ रुपये हो गया। मंत्री के मुताबिक 2023 की तुलना में 2024 में प्रति माह यात्रियों की संख्या में 35 लाख और राजस्व में 1.10 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

# हरियाणा ने दिल्ली को जल की आपूर्ति रोकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा- जरूरत पड़ी तो उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगी

दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आप) को निशाना बनाने के लिए एक नई साजिश रची है और हरियाणा सरकार के माध्यम से उसने राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति रोक दी है।

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से ही भाजपा उनकी पार्टी आप को निशाना बनाने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव की घोषणा के पांच दिन के अंदर ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया ताकि आप चुनाव प्रचार नहीं कर सके। आतिशी ने आरोप लगाया अब अपनी हरियाणा सरकार के माध्यम से भाजपा ने दिल्ली को यमुना के पानी की आपूर्ति रोक दी है। आतिशी ने कहा कि यह मामला तब सामने आया जब उन्हें उन इलाकों से भी पानी की कमी की शिकायतें मिलनी शुरू हुईं। उन्होंने कहा कि वह हरियाणा सरकार को पत्र लिखेंगी और अगर उनकी ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगी। आप नेता ने कहा, वजीराबाद में यमुना का स्तर अधिकतर 674 फुट पर रहता है, लेकिन 11 मई को यह 671.6 फुट पर था और तीन दिनों तक इसी स्तर पर रहा। 14 और 15 मई को यह 671.9 फुट पर था और फिर 16 मई को यह घटकर 671.3 फुट पर आ गया और फिर अगले तीन दिन में यमुना का जल स्तर और गिरकर 671 फुट पर पहुंच गया। आतिशी ने कहा, 21 मई को शायद इतिहास में पहली बार यमुना का जल स्तर 670.9 फुट पर पहुंच गया था। आतिशी ने भाजपा पर आप सरकार की छवि खराब करने और दिल्ली के लोगों को परेशान करने के लिए ऐसा करने का आरोप लगाया। वहीं भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया, दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने जल आपूर्ति के मुद्दों का समाधान करने के लिए एक महीने पहले तिहाड़ जेल से आतिशी को पत्र लिखा था। उन्हें बताना चाहिए कि पिछले एक महीने में क्या किया गया। दिल्ली में पानी की कमी के लिए आप सरकार का भ्रष्टाचार और उसकी निष्क्रियता जिम्मेदार है।

### झूठ बोल रही है आम आदमी पार्टी : सैनी

**चंडीगढ़।** दिल्ली की मंत्री आतिशी के पानी की आपूर्ति रोकने के आरोपों के बाद बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी झूठ बोल रही है। समझौते के तहत दिल्ली को पानी दिया जा रहा है और इसे कोई नहीं रोक सकता। आतिशी के आरोपों का जवाब देते हुए सैनी ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है क्योंकि उसके पास कोई मुद्दा नहीं है। वह केवल झूठ बोल रही है और वह भ्रष्टाचार में लिप्त है।

# दंपती और बेटे ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी की

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट जिले के पदधरी कस्बे में बुधवार को एक बुजुर्ग दंपती और उनके 35 वर्षीय बेटे ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पदधरी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जिले के मोटा रामपुर गांव के पास सुबह 10 बजकर 15 मिनट पर एक ऑटो रिक्शा से तीनों के शव बरामद किए गए। मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है, जिससे पता चलता है कि आर्थिक तंगी और स्वास्थ्य चिंताओं के चलते परिवार ने यह कदम उठाया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान कादर मुकासम (62), उसकी पत्नी फरीदाबेन (59) और बेटे आशिक (35) के रूप में हुई।

# वायु सेना कर्मियों को फोन पर मिलेगा चिकित्सकों का मार्गदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

- वायु सेना प्रमुख ने बेंगलुरू स्थित कमान अस्पताल में किया उद्घाटन

वायु सेना ने अपने सेवारत कर्मियों और उनके परिवारों को आपात चिकित्सा स्थिति में टेलीफोन पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के मार्गदर्शन की सुविधा मुहैया कराने के लिए एक आपातकालीन चिकित्सा प्रणाली (ईएमआरएस) शुरू की है।

वायु सेना के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने वायु सेना के बेंगलुरू स्थित कमान अस्पताल में इस केन्द्र का उद्घाटन किया। ईएमआरएस देश भर में वायुसेना कर्मियों और उनके परिवारों की सेवा के लिए चौबीस घंटे काम करने वाली पहली टेलीफोनिक चिकित्सा हेल्पलाइन है। इस का लक्ष्य देश आपात स्थिति में फोन करने वाले को चिकित्सा और पैरामेडिकल पेशेवरों की एक टीम द्वारा त्वरित प्रतिक्रिया प्रदान करना है। प्रतिक्रिया देने वाला चिकित्सा पेशेवर फोन करने वाले को तत्काल सलाह प्रदान करेगा

### युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहना नौसेना का उद्देश्य

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के .त्रिपाठी ने अधिकारियों से कहा है कि नौसेना का उद्देश्य राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए हर समय कभी भी, कहीं भी, किसी भी तरह युद्ध के लिए तैयार रहना है। एडमिरल त्रिपाठी नौसेना की कमान संभालने के बाद मंगलवार को पहली बार अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गत 30 अप्रैल को नौसेना की कमान संभाली थी।

## एक नजर

### ममता की टिप्पणी के विरोध में साधु कोलकाता में निकालेंगे रैली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साधुओं ने रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के कुछ साधुओं के खिलाफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणी के विरोध में 24 मई को कोलकाता में रैली निकालने का फैसला किया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और पश्चिम बंगाल में साधुओं की शीर्ष संस्था बंगीय संन्यासी समाज के सदस्य उत्तरी कोलकाता में संत स्वाभिमान यात्रा का आयोजन करेंगे। विहिप नेता सौरीश मुखर्जी ने कहा, मुख्यमंत्री वोट बैंक की राजनीति के कारण ऐसी टिप्पणी कर रही हैं। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। पश्चिम बंगाल के साधु-संत इन टिप्पणियों के खिलाफ रैली निकालेंगे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि पश्चिम बंगाल में प्रभावशाली मठों के कुछ साधु चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निर्देश पर काम कर रहे हैं

### मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड पांच दिन बढ़ी

**रांची।** विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने एक धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम की एजेंसी की रिमांड बुधवार को पांच दिन के लिए बढ़ा दी। वकीलों ने यह जानकारी दी। एजेंसी द्वारा दो दिन तक पूछताछ करने के बाद 15 मई को आलम को गिरफ्तार किया गया था। पीएमएलए अदालत ने 16 मई को आलमगीर आलम को छह दिन के लिए केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया था। उनकी रिमांड 17 मई से शुरू हुई थी।

### रिकवरी एजेंट का गला रेतकर हत्या, 40 हजार रुपये लूटे

**कोटा (राजस्थान)।** राजस्थान के बारां में एक निजी फाइनेंस कंपनी के 28 वर्षीय रिकवरी एजेंट की गला रेतकर हत्या कर दी गयी और उससे कथित रूप से 40 हजार रुपये लूट लिये गये। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मृतक की पहचान बुद्धिप्रकाश सोनी के रूप में की। सोनी के परिजनों ने बारां सदर थाने में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद मंगलवार अपराह्न उसका शव एक नहर के समीप एक गड्ढे से बरामद किया गया। बारां के पुलिस उपाधीक्षक ओमेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले के संबंध में तीन लोगों को हिरासत में ले लिया ।र

# पाकिस्तान के हमदर्द डराते हैं, इन्हें पता नहीं 56 इंच सीना क्या होता है

## डुमरियागंज, संत कबीर नगर, बस्ती और श्रावस्ती में मोदी ने जनसभा को किया संबोधित

संवाददाता, संत कबीर नगर/ डुमरियागंज

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज भारत वैश्विक मंच पर जब बोलता है तो पूरी दुनिया बड़े ध्यान से सुनती है। भारत फैसले लेता है तो दुनिया उसके साथ अपने कदम मिलाने की कोशिश करती है।

आतंक का सरपरस्त देश जो कभी हमें आखें दिखाता था, धमकियां देता था आज वह न घर का है न घाट का। उसे अनाज भी नसीब नहीं हो रहा है। मगर, उसके हमदर्द सपा-कांग्रेस वाले अब भारत को डराने में जुटे हैं। इन्हें मालूम नहीं कि 56 इंच का सीना क्या होता है। प्रधानमंत्री ने कहा, इनका कहना है पाकिस्तान से डरो, क्योंकि उसके पास एटम बम है। आज भारत में कांग्रेस की कमजोर सरकार नहीं, मोदी की मजबूत सरकार है। अगर डरना है तो वो लोग डरें जो मानवता में विश्वास नहीं करते, आए दिन खून की नदियां बहाते हैं। भारत किसी को डराना नहीं चाहता, मगर डराने वालों को बख्शेगा भी नहीं, अब हम घर में घुसकर मारते हैं।


बस्ती की जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट की गई राधा-कृष्ण की प्रतिमा।

### फिर ये ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा-कांग्रेस के दोनों शहजादों की फ्लॉप फिल्म की बार-बार रिलीज से वह हैरान हैं। ये लोग उप्र. की 79 सीट पर जीत का दावा कर दिन में सपने देख रहे हैं और 4 जून को उप्र. की जनता इनको नींद से जगाने वाली है। तब ये ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे।

मोदी बुधवार को बस्ती के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड में बस्ती, डुमरियागंज और संत कबीर नगर लोकसभा सीटों के लिए आयोजित संयुक्त जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

# संविधान को बदलने पर तुली है भाजपा की केन्द्र सरकार: प्रियंका गांधी

गोड्डा (झारखंड), एजेंसी

- कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने झारखंड के गोड्डा में जनसभा को किया संबोधित

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार संविधान को बदलने पर तुली हुई है और उसने पिछले 10 वर्ष में संसद और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं को कमजोर किया है। वाद्रा ने गोड्डा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि केंद्र की नीतियों का विरोध करने वाले सभी लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, अगर वे (भाजपा) दोबारा सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगे और आरक्षण में कटौती करेंगे। उन्होंने पिछले 10 वर्ष में लोकतंत्र के साथ-साथ संसद और न्यायपालिका जैसी संस्थाओं को भी कमजोर कर दिया है। वाद्रा ने कहा कि भाजपा सरकार से भिन्न कांग्रेस की नीतियों का उद्देश्य आदिवासियों के अधिकारों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झूठे मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भिजवा दिया। उनकी पत्नी कल्पना शेरनी की तरह लड़ रही हैं। पहले कानून बनाने के लिए संसद में बहस होती थी लेकिन अब वे (भाजपा नेता) विपक्ष पर हमला करते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री ने कोविड टीके बनाने वाली एक कंपनी से 52 करोड़ रुपये का चंदा लिया। उन्होंने कहा, यह टीका अब लोगों के शरीर में दुष्प्रभाव पैदा कर रहा है।



लोगों का अभिवादन करतीं प्रियंका गांधी और कल्पना सोरेन।

### अरबपतियों के लिए नीतियां बना रही सरकार

उन्होंने दावा किया, भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार अरबपतियों के लिए नीतियां बना रही है और उसने हवाईअड्डों और बंदरगाहों जैसी देश की संपत्तियों को उद्योगपतियों को बेच दिया है। कई अरबपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये भी माफ कर दिए, लेकिन आत्महत्या कर रहे किसानों को कोई राहत नहीं दी। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों की नजर आपके जल, जंगल और जमीन पर है।

# स्मोक पान खाने के बाद लड़की के पेट में हुआ छेद

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में स्मोक पान खाने से 12 साल की एक लड़की के पेट में छेद होने के कारण उसका ऑपरेशन किया गया। यहां के नारायण मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में लड़की का ऑपरेशन किया गया। अस्पताल के मुताबिक, बेंगलुरु के एक शादी समारोह में लड़की ने स्मोक पान खाया था। अस्पताल के अनुसार लड़की के पेट में एक छेद का पता चला था, जिसे आगे की जटिलताओं को रोकने के लिए आपातकालीन शल्य चिकित्सा की आवश्यकता थी। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल उसकी आधुनिक तकनीक से सर्जरी की गई। किशोरी का ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों की टीम के प्रमुख डॉ. विजय एचएस ने कहा कि इंट्रा-ऑप ओजीडी स्कोपी प्रक्रिया के जरिए सर्जरी की गई। अस्पताल ने कहा सर्जरी के बाद लड़की को दो दिन आईसीयू में रखा गया और छह दिन बाद उसे घर जाने दिया गया।


जयपुर में इन दिनों गर्मी के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी पर्यटकों को हो रही है। बुधवार को जंतर-मंतर पर पर्यटकों को चिलचिलाती धूप से बचने के लिए छाते का इस्तेमाल करना पड़ा। ● एजेंसी

# साल 2025 तक केरल से गरीबी को खत्म किया जाएगा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में वाममोर्चा सरकार के चार साल पूरे होने के बीच मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार की योजना ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करने और एक नवंबर 2025 तक राज्य से अत्यधिक गरीबी को खत्म करना है। केरल सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विजयन ने कहा कि वाम मोर्चा सरकारों ने राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, यह सरकार बुनियादी ढांचे के विकास और कल्याण क्षेत्र में उपलब्धियों पर जोर देते हुए केरल को एक ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में बदलने का प्रयास कर रही है। इसके तहत हम विभिन्न क्षेत्रों में कमियों को दूर कर रहे हैं। भारत में सबसे कम गरीबी दर केरल में ही है और अब हम अत्यधिक गरीबी को खत्म करने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। एक नवंबर 2025 तक केरल को अत्यधिक गरीबी से मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य है।

# होर्डिंग गिरने की घटना में मृतकों की संख्या 17 हुई

**मुंबई।** मुंबई के घाटकोपर इलाके में 13 मई को होर्डिंग गिरने की घटना में मरने वालों की संख्या 17 हो गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि होर्डिंग गिरने की घटना में घायल हुए राजू सोनावणे (52) की 19 मई को केईएम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे पहले होर्डिंग गिरने की इस घटना में अधिकारियों ने 'वायु यातायात नियंत्रक' (एटीसी) के एक सेवानिवृत्त महाप्रबंधक और उनकी पत्नी समेत 16 लोगों को मृत घोषित कर दिया था। होर्डिंग गिरने की घटना में 75 लोग घायल भी हुए थे। अधिकारी ने बताया कि घटना के एक दिन बाद घायलों को इलाज के लिए केईएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। होर्डिंग लगाने वाली विज्ञापन कंपनी के निदेशक भावेश भिंडे को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# राष्ट्र और महिला विरोधी है आम आदमी पार्टी

नई दिल्ली, एजेंसी

- गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने दिल्ली में चांदनी चौक से भाजपा प्रत्याशी के लिए जुटाया समर्थन

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने दिल्ली में चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि देश भर में ऐसे पांच करोड़ मकान झुग्गी झोपड़ियों के स्थान पर बन रहे है।

श्री सावंत ने अशोक विहार में जहां झुग्गी वहीं मकान योजना के तहत बने 1700 मकानों के सामने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जहा झुग्गी वहां मकान योजना साकार हो रही है। उन्होंने कहा कि ये मोदी की गारंटी का सबसे बड़ा प्रमाण है कि आज देश भर में ऐसे पांच करोड़ मकान झुग्गी झोपड़ियों के स्थान पर बन रहे हैं। देश का हर व्यक्ति देश के साथ साथ तरक्की कर रहा है और दिल्ली में विकास की गति दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने 150 करोड़ का शीश महल बनाया है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की एक वरिष्ठ नेता ही सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी एन्टी दिल्ली और एन्टी वीमेन पार्टी बन गई है, ये पार्टी भ्रष्ट पार्टी है जिसने शराब घोटाले का पैसा चुनाव प्रसार में पंजाब और देश के दूसरे राज्यो में लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार केंद्र सरकार की योजना जनता तक नहीं पहुंचने दे रहे हैं। श्री खंडेलवाल ने कहा कि ये प्रधानमंत्री की गारंटी का ही असर है कि आज झुग्गी झोपड़ियों के बदले पक्के मकान लोगों को मिल रहे हैं। इससे पहले किसी भी सरकार ने इस विषय पर न सोचा था और न ही योजनाएं बनाई।

# पति से झगड़े के बाद कर दी तीन साल की बेटी की हत्या

नागपुर, एजेंसी

- हत्या के बाद शव लेकर सड़क घूमती रही महिला, फिर खुद ही दी पुलिस को जानकारी

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में एक महिला ने पति के साथ झगड़े के बाद अपनी तीन साल की बेटी की हत्या कर दी और घटना के बारे में पुलिस को सूचित करने से पहले शव लेकर लगभग चार किलोमीटर तक सड़कों पर घूमती रही।

पुलिस के अनुसार घटना सोमवार शाम को एमआईडीसी पुलिस थाना क्षेत्र में हुई। आरोपी ट्विंकल राऊत (23) और उसके पति राम लक्ष्मण राऊत (24) रोजगार की तलाश में चार साल पहले नागपुर आए थे। वे कागज उत्पाद कंपनी में काम करते थे और एमआईडीसी क्षेत्र में हिंगना रोड पर कंपनी के परिसर में एक कमरे में रहते थे। एमआईडीसी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि सोमवार शाम करीब चार बजे दोनों में झगड़ा हुआ, इसी दौरान उनकी बेटी रोने लगी। अधिकारी ने बताया कि महिला गुस्से में आकर बेटी को घर से बाहर ले गई और एक पेड़ के नीचे बच्ची का गला दबाकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि बाद में वह शव के साथ करीब चार किलोमीटर तक यहां-वहां घूमती रही, रात करीब आठ बजे उसने एक पुलिस वाहन देखा और पुलिसकर्मियों को घटना की जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस बच्ची को अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया। अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 24 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

# ट्रक ने पैदल यात्रियों को कुचला, एक की मौत, तीन घायल


**गोंदिया।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में बुधवार को लोगों से बचकर दुर्घटनास्थल से भाग रहे एक ट्रक चालक ने कई व्यक्तियों को कुचल दिया। इसके कारण ट्रक पुलिस जीप से टकरा गया, जिससे 23 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक पुलिस निरीक्षक सहित पांच लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दोपहर करीब 12.30 बजे रानी अवंती बाई चौक के पास एक ट्रक ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस को टक्कर मारी थी, जिसके तुरंत बाद ही यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि रिंग रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के पास उसने पैदल जा रहे चार लोगों को कुचल दिया, जिसमें एक की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने मृतक की पहचान चंद्रपुर निवासी साहिल बब्बन कुलमेथे के रूप में की है।

# कुंभ से पहले प्रदूषण मुक्त होगी क्षिप्रा

भोपाल, एजेंसी

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ (कुंभ) मेले से पहले क्षिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाना मध्य प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उज्जैन में हर 12 साल बाद सिंहस्थ मेला लगता है। आखिरी धार्मिक मेला 2016 में आयोजित किया गया था। मेले की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री यादव ने मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। एक अधिकारी ने बुधवार को मुख्यमंत्री के हवाले से कहा, सिंहस्थ (कुंभ) मेले से पहले पवित्र क्षिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और धार्मिक मेले की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पवित्र शहर के लिए योजनाएं बनाई जानी चाहिए। शहरी प्रशासन और विकास विभाग के प्रधान सचिव नीरज मंडलोई ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नदी के संरक्षण का निर्देश दिया है और इसके मुताबिक नदी के दोनों किनारों पर घाट विकसित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षिप्रा नदी में पानी के निरंतर प्रवाह और स्वच्छता को बनाए रखने के लिए सभी विभाग और एजेंसियां तीन स्तरों पर काम करेंगी और नदी के संरक्षण के लिए नमामि क्षिप्रा कार्यक्रम भी शुरू किया जाएगा। मंडलोई ने कहा कि कान्ह नदी के साथ-साथ क्षिप्रा नदी में मिलने वाली अन्य नदियों और नालों का उपचार 2027 तक पूरा किया जाना चाहिए।



- 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ (कुंभ) की तैयारियों की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा
- कहा-क्षिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता

### मंत्रिमंडल समिति करेगी निगरानी

सिंहस्थ मेले के आयोजन, उसकी निगरानी और समन्वय के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक मंत्रिमंडल समिति बनाने का निर्णय लिया गया। मंडलोई ने कहा कि सिंहस्थ मेले से संबंधित जो विकास कार्य तीन साल में पूरे हो सकते हैं, उन्हें इस साल के बजट में शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उज्जैन आने के लिए महत्वपूर्ण जावरा-उज्जैन और इंदौर-उज्जैन फोरलेन सड़कों के विकास के भी निर्देश दिए। उज्जैन रेलवे स्टेशन की क्षमता बढ़ाने का भी निर्देश दिया।

# इंदौर में कांग्रेस ने अपने पूर्व प्रत्याशी को फरार बताने वाले पोस्टर लगाए

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- पोस्टर पर लिखा जानकारी देने वाले को मिलेगा 5100 रुपये ईनाम
- हत्या के प्रयास के मामले में वांछित हैं अक्षय कांति बम और उनके पिता

इंदौर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में ऐन मौके पर पर्चा वापस लेकर भाजपा में शामिल होने वाले स्थानीय कारोबारी अक्षय कांति बम के खिलाफ प्रमुख विपक्षी दल ने शहर में पोस्टर लगाए हैं। इन पोस्टर में बम को हत्या के कथित प्रयास के 17 साल पुराने मामले में फरार बताया गया है और उनकी सूचना देने वाले व्यक्ति को 5,100 रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की गई है।

इस मामले में सत्र न्यायालय ने बम और उनके 75 वर्षीय पिता कांतिलाल के खिलाफ 10 मई को गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया था। खजराना पुलिस थाने के प्रभारी सुजीत श्रीवास्तव ने बुधवार को बताया कि दोनों आरोपियों की तलाश जारी है। कांग्रेस की शहर इकाई के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने कहा, कांग्रेस के साथ गद्दारी करने वाले बम हत्या के प्रयास के मामले में फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी में पुलिस का सहयोग करने के लिए हमने शहर के प्रमुख चौराहों और वाहनों पर पोस्टर लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई कांग्रेस कार्यकर्ता या आम नागरिक बम के बारे में पुलिस को सूचना देगा, तो उसे उनके द्वारा 5,100 रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। हत्या के कथित प्रयास के मामले में बम और उनके पिता की अग्रिम जमानत याचिका पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ में 24 मई (शुक्रवार) को सुनवाई होनी है। 29 अप्रैल को बम ने इंदौर के कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर अपना नाम वापस ले लिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनारभ्या भवन्त्यर्थाः केचिन्नित्यं तथाऽगताः।
कृतः पुरुषकारो हि भवेद् येषु निरर्थकः॥

साधारण और बेकार के कामों से बचना चाहिए, क्योंकि उद्देश्यहीन कार्य करने से उन पर लगी मेहनत भी बर्बाद हो जाती है।

## संपादकीय

# चुनाव आयोग सख्त

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। इस चरण में आठ राज्यों/केन्द्र-शासित प्रदेशों के 889 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार के दौरान अमर्यादित एवं भड़काऊ भाषा के प्रयोग पर भारत के चुनाव आयोग ने सख्ती दिखाई है। चुनाव आयोग ने भाजपा और कांग्रेस से जाति, समुदाय, भाषा और धार्मिक आधार पर प्रचार करने से परहेज करने को कहा है। आयोग ने भाजपा से उन प्रचार भाषणों को रोकने के लिए भी कहा जो समाज को विभाजित कर सकते हैं। आयोग ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखे पत्र में टिप्पणी की है कि उनकी पार्टी के स्टार प्रचारकों की बातों में एक पैटर्न दिखता है और उससे ऐसे आख्यान सृजित होते हैं, जो आदर्श चुनाव संहिता अवधि के बाद भी घातक हो सकते हैं। साथ ही कांग्रेस से यह सुनिश्चित करने को कहा कि उसके स्टार प्रचारक और उम्मीदवार ऐसे बयान न दें जिससे यह गलत धारणा बने कि संविधान को खत्म किया जा सकता है या बेचा जा सकता है। रक्षा बलों का राजनीतिकरण नहीं करने और सशस्त्र बलों की सामाजिक-आर्थिक संरचना के बारे में संभावित विभाजनकारी बयान नहीं देने को कहा है।

बुधवार को चुनाव आयोग ने भाजपा, कांग्रेस और अन्य पार्टियों के नेताओं को चुनाव रैली और प्रेस वार्ता के दौरान भाषा में संयम बरतने और मर्यादा रखने के लिए नोट जारी किया है। इससे पहले मंगलवार को चुनाव आयोग ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और पश्चिम बंगाल के तमलुक से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय की तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ टिप्पणी के लिए निंदा की और उन्हें 24 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया था। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से यह भी कहा कि वह पार्टी की ओर से सभी उम्मीदवारों और प्रचारकों को एक सलाह जारी करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अभियान अवधि के दौरान ऐसी चूक दोबारा न हो। चुनाव आयोग ने ठीक ही कहा कि राजनीतिक दल भारतीय मतदाता के गुणवत्ता पूर्ण चुनावी अनुभव की जो विरासत है उसे कमजोर करने की कोशिश न करें। वास्तव में चुनाव आते जाते रहते हैं परंतु भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक तानेबाने की रक्षा इन सबसे बढ़कर है। भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को चुनावों में प्रभावित नहीं किया जा सकता। भाषा पर संयम न बरतने के चलते मतदाता के बीच गलत संदेश जाता है और राजनीतिक दलों की छवि भी खराब होती है। इसलिए चुनाव प्रचार के दौरान सभी दलों के नेताओं को राजनीतिक शुचिता व मर्यादा का पालन करना चाहिए ताकि लोकतंत्र एवं चुनाव की गरिमा कलंकित न होने पाए।

# लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजारवाद मनुष्य को अकेला बनाकर के मारता है। इसके कारण लोकदृष्टि का महत्व आज बढ़ गया है। लोग अपनी जीविका की खोज में एक प्रांत से दूसरे प्रांत में और संसार के विभिन्न देशों में जा रहे हैं, उनका नाता धरती से ही नहीं अपनी समष्टि से भी टूट रहा है।

लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन मनुष्य और मनुष्यता की प्रतिष्ठा है। समष्टि की प्रतिष्ठा है, समष्टि के कितने ही सोपान हो सकते हैं-व्यक्ति की सीमा से बाहर निकलें तो मोहल्ला भी समष्टि है, उसके आगे समुदाय है, जाति है, जाति से बाहर वृहत्तर समाज है। गांव है, जनपद है फिर प्रदेश है, फिर राष्ट्र की प्रतिष्ठा है। परिवारों के परिवार का ही नाम समाज है और कुटुंबों के कुटुंब का नाम राष्ट्र। उसके आगे विश्वचेतना है। लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन विश्वव्यापी चैतन्य शक्ति का साक्षात्कार करना है, जिसे महाकवि जयशंकर प्रसाद के शब्दों में विश्वचेतना कह सकते हैं। यहां यह स्पष्ट है कि किसी सबल राष्ट्र अथवा वहां के राष्ट्रपति की आवाज विश्वचेतना की आवाज नहीं है, वह सबल राजसत्ता की आवाज है।

विश्वचेतना सामान्यजन की चेतना है, सामान्य जन अर्थात् विश्वचेतना के अध्ययन में समष्टि की वही क्रमिकता है-मोहल्ला, समुदाय, जाति, वृहत्तर समाज, गांव, जनपद, प्रदेश और फिर राष्ट्र तथा उसके आगे विश्वचेतना। लोकवार्ता के अध्ययन की बेसिक रीडर तो गांव और गली ही है, किंतु उसकी दिशा और प्रयोजन विश्वचेतना ही है। गली वाला भी मनुष्य है और उस सबल राष्ट्र का राष्ट्रपति भी मनुष्य है। लोकवार्ता उस समानता या एकता के सूत्र का अनुसंधान है। लोकवार्ता के अध्ययन के अनेक स्कूल (संप्रदाय) बने हैं, लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन स्वयं मनुष्य को जानना है, आदमी के भीतर बैठे एक और आदमी को जानना, संस्कृति की गति और प्रक्रियाओं को समझना। जनपदीय फिर अंतर्जनपदीय, फिर अंतर्प्रदेशीय, राष्ट्रीय और फिर अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ में मनुष्य और समष्टि का अध्ययन। हमें आदमी के भीतर के आदमी की पहचान करनी है।

लोकवार्ता का सूत्र है विशेष से सामान्य। सामान्य मनुष्य भी मनुष्य है। बड़े-बड़े आलोचक हीनता बोध से ग्रस्त हैं-हम जंगली हैं और वे लोग बहुत विकसित हैं। उनकी विचारधारा वैश्विक है और हम कूपमंडूक हैं। इस हीनता बोध का कारण मनुष्य की सत्ता से अपरिचय है। मनुष्य और मनुष्य में समानताएं भी हैं और विविधता भी हैं। यह विविधता आनुवंशिक भी हैं और परिवेशगत भी हैं। विविधता में भी एकता के सूत्र हैं, उनकी खोज करना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है। विश्व की जनता का सम्मिलन और जन सहयोग। जातीय स्मृतियों में आनुवंशिक तत्व है। वाचिक परंपरा जातीय स्मृति के इन तत्वों से एक मनोवैज्ञानिक परिवेश की रचना करती है। भारत के लोकजीवन की गहराई में जन-गण की मैत्री और सामंजस्य की शक्तियां किस प्रकार सक्रिय हैं, प्रांतभेद, मजहब, वर्ग विषमता और विविधताओं के गर्भ में मनुष्य की संवेदना कितनी प्राणवान है। जनमानस और मुनिमानस का द्वंद्व चलता रहा है और आगे भी चलता रहेगा। शास्त्र पर लोक का प्रभाव तथा लोक पर शास्त्र का प्रभाव समझना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है।

> सामूहिक दृष्टि के विकास का अध्ययन समष्टि के सूत्रों की पहचान करने के लिए है, लोकोन्मुखी दृष्टि के लिए है। दुख दर्द के प्रति करुणा और संवेदना के लिए है। लोकवार्ता में जनता के संघर्ष की आवाज है, लोकवार्ता में सबल के द्वारा किए गए उत्पीड़न से ग्रस्त लोकमन की अनुभूति और अभिव्यक्ति है।

सामूहिक दृष्टि के विकास का अध्ययन समष्टि के सूत्रों की पहचान करने के लिए है, लोकोन्मुखी दृष्टि के लिए है। दुख दर्द के प्रति करुणा और संवेदना के लिए है। लोकवार्ता में जनता के संघर्ष की आवाज है, लोकवार्ता में सबल के द्वारा किए गए उत्पीड़न से ग्रस्त लोकमन की अनुभूति और अभिव्यक्ति है। सबल के द्वारा किए गए उत्पीड़न का एक नाम सामंती भी है, किंतु वह उसका एक रूप है। महत्परिवर्तनं क्रांतिः, परिवर्तन और क्रांति होती हैं और होंगी भी, लेकिन ध्यान रखने की बात है कि परिवर्तन का जन्म परंपरा के गर्भ से होता है। इसलिए परंपरा अथवा मनुष्य जीवन की निरंतरता लोकवार्ता के अध्ययन का आधारभूत सूत्र है। जातीय अस्मिता की पहचान और सामूहिक स्मृतियों की परंपरा को समझना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है। संस्कृतियां किस प्रकार मिल जाती हैं, किस प्रकार बिछुड़ जाती हैं, किस प्रकार लीन और विलीन हो जाती हैं? उनके द्वंद्व और समायोजन की प्रक्रिया को समझना लोकवार्ता के अध्ययन का प्रयोजन है। लोकवार्ता के अध्ययन का एक प्रयोजन यह भी है कि हम इस बात को समझ लें कि किताब या शास्त्र के बाहर भी ज्ञान विज्ञान की परंपरा है। लोकतंत्र को सुदृढ़ करना लोकसंस्कृति के अध्ययन का एक प्रयोजन है। लोकवार्ता लोकमानस और लोकजीवन को जानने का प्रयोजन यह भी है कि देश में शासक और शासित के जीवन में सम और ताल को खोजा जा सके। लोक प्रशासन लोक का प्रशासन बने जिसमें लोक की भूमिका हो। लोकवार्ता का लोकतंत्र राजमहल में रहने वाले और गांव की झोंपड़ी में रहने वाले इंसान को एक ही तराजू से तोलता है।

लोकवार्ता के आंगन की परिधियां उतनी ही बड़ी हैं जितनी कि मानव जीवन के विस्तार और मानव जीवन की संभावनाएं हैं। जीवन के लिए जैसे दसों दिशाएं खुली हुई हैं, वैसे ही लोकवार्ता के आंगन की सभी दिशाएं भी खुली हुई हैं, क्योंकि अंततः लोकवार्ता का अध्ययन मनुष्य और मनुष्य जीवन का अध्ययन है। यह लोकवार्ता के अध्येता पर है कि वह किस प्रयोजन से मनुष्य और मनुष्य जीवन को जानना चाहता है? मनुष्य का अध्ययन करने वाले अनुशासनों में लोकविज्ञान अधुनातन और विकासशील अनुशासन है। लोकवार्ता का अध्ययन करने वाले व्यक्ति को सबसे पहले अपने पढ़े लिखे होने का अभिमान छोड़ना पड़ेगा, क्योंकि किताबी सिद्धांतों का आग्रह यहां काम नहीं आता। लोकवार्ता का कोई निर्धारित व्याकरण नहीं है। लोक की अभिव्यक्तियां अनगढ़ होती हैं। उन पर निरंतर विभिन्न वर्गों, विभिन्न संस्कृतियों की तह चढ़ती चली जाती है। लोकवार्ता का अध्ययन अंतर अनुशासनिक अध्ययन है, लोकवार्ता में मानवशास्त्र है, इतिहास है, समाजशास्त्र है, मनोविज्ञान है, भाषा विज्ञान है, नीतिविज्ञान है, साहित्यशास्त्र काव्यशास्त्र है, सौंदर्य विज्ञान है, कला है, संगीत है, लोकमंच है।

लोकसंस्कृति के अध्ययन का प्रयोजन देशज चिंतन और लोकजीवन को समझना है। विद्वानों या नेताओं के दृष्टिकोण का महत्व वहीं तक है, जहां उनके व्यक्ति की सीमा टूट गई है, जहां उनके अपने निजी हानि-लाभ का हिसाब जीवित है, वहां आकर उनके मत का समाज के लिए कोई महत्व नहीं है। विचार का जन्म देशकाल में होता है। बड़े से बड़ा विचारक अपने देशकाल की ही व्याख्या करता है गांधीवाद, राष्ट्रवाद या मार्क्सवाद का महत्व उसी स्थिति में है, जिस स्थिति में उसे पचाया जा चुका है, उसे सनातन की तरह प्रतिपादित करना एक तरह का रूढ़िवाद है। जिस देश और जिस काल में हम जीवित हैं, वह हमारी समस्या का भी आधार है और समाधान का भी। अनुकरण या होड़ से समाधान न पहले कभी निकल सका है और न आगे कभी निकलेगा। अनुकरण या होड़ से हम चलना सीख सकते हैं, परंतु चलने के लिए पैर अपने होंगे और रास्ता भी अपना ही होगा। समस्या का विश्लेषण भी लोकजीवन में ही हो सकता है और समाधान के विचार भी लोकजीवन में से ही निकलेंगे।

बुद्ध हों या महावीर, कबीर हों अथवा महात्मा गांधी, इनके विचार किसी पुस्तक में से नहीं आए, लोकजीवन में से ही निकले, समष्टिमन, समष्टि मेधा। उस जमाने में भारत की लोकसंस्कृति पर हमला हुआ था, तब मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां तोड़ी गई थीं, जजिया कर लगाया गया था, किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी। हमारी परिवार संस्था बनी रही। मनुष्य और मनुष्य का रागात्मक संबंध बना रहा, मनुष्य और प्रकृति के बीच पारंपरिक संबंध कायम रहा। गंगा और यमुना की धार अविरल बहती रही। आज जब पश्चिम की बयार बह रही है, भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर-टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सबकुछ उड़ा जा रहा है, जीवन-पद्धति भी, जीवन दर्शन भी, भाषा भी, कला भी, संगीत भी। बाजारवादी दर्शन। नाता रिश्ता मुनाफे के लिए। अपने लिए। सिर्फ अपनी-अपनी चिंता।

बाजारवाद मनुष्य को अकेला बनाकर के मारता है। इसके कारण लोकदृष्टि का महत्व आज बढ़ गया है। लोग अपनी जीविका की खोज में एक प्रांत से दूसरे प्रांत में और संसार के विभिन्न देशों में जा रहे हैं, उनका नाता धरती से ही नहीं अपनी समष्टि से भी टूट रहा है। ऐसी स्थिति में समष्टि भाव और समष्टि मेधा की खोज इतनी महत्वपूर्ण हो गई है जितनी आज से पहले कभी नहीं थी।

## प्रसंगवश

# पानी कम हो या ज्यादा नुकसानदेह

> ज्यादा पानी पीने से शरीर की कोशिकाओं में सूजन पैदा हो सकती है, जिस वजह से मरीज कोमा में जा सकता है और उसकी मौत की संभावना भी बढ़ जाती है। अधिक पानी पीने से पेट फूल जाता है, सावधान न रहे तो उल्टी और सिर दर्द की शिकायत भी होती है। खून में पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिस वजह से हृदय प्रभावित होता है।

बताने की जरूरत नहीं है कि मई की शुरुआत के साथ देश में तापमान बढ़ने लगा है। उत्तर भारत के कई इलाकों में लू का भी दौर चल पड़ा है। धूप की तपिश से बचने के लिए शरीर को डिहाइड्रेटेड रखना बहुत जरूरी हो जाता है। गर्मी में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएंगें तो निर्जलीकरण समेत कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव कर सकेंगे। एक व्यक्ति को एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए, यह कई बातों पर निर्भर करता है। व्यक्ति की उम्र क्या है? वह क्या खाता-पीता है? इन सभी बातों की बहुत अहम भूमिका होती है।

उदाहरण के लिए एक बच्चे को हर रोज औसतन 0.8 से एक लीटर पानी पीने की आवश्यकता होती है। वहीं एक व्यस्क की बात करें तो उन्हें दिनभर में तीन-चार लीटर पानी जरूर पीने की सलाह दी जाती है। वैसे यह देश काल परिस्थिति पर भी निर्भर करता है। सामान्यत सर्दी के मुकाबले गर्मियों में लोगों को अधिक पानी पीने की जरूरत महसूस होती है। पानी को एक सांस में पीने की जगह घूंट-घूंट करके पीना चाहिए। इससे आपकी पाचन शक्ति भी बेहतर होती है। एक बात और गर्मियों के मौसम में फ्रिज का पानी पीने का मन तो बहुत करता है, लेकिन फ्रीज का ठंडा पानी पीना काफी हद तक नजरअंदाज करें तो बेहतर है। काफी ठंडा पानी पीने से शरीर की अग्नि कम हो जाती है। इससे भूख प्रभावित होती है और शरीर में एंडो टॉक्सिंस रिलीज होना शुरू होते हैं, इसलिए अगर किसी प्रकार का डायट फॉलो नहीं कर रहे है तो सादा पानी या गुनगुना पानी ही पीने को प्राथमिकता दें। गर्मियों में अगर आप दिन में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पिएंगे तो डिहाइड्रेटेशन की वजह से किडनी स्टोन का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा पानी की कमी की वजह से इलेक्ट्रोलाईट बैलेंस भी बिगड़ सकता है।

ऐसे में इन सभी चीजों से बचने के लिए लोगों को समय-समय पर ज्यादा से ज्यादा पानी पीते रहना चाहिए। डायबिटीज और किडनी स्टोन के मरीजों को शरीर में पानी की कमी होने नहीं देनी चाहिए, पानी पीते रहना चाहिए।

कहने के लिए तो हम कहते हैं कि जल है तो जीवन है, लेकिन कई बार यही जल जीवन को तबाह कर देता है। इसलिए यह भी ध्यान रखना चाहिए कि जरूरत से ज्यादा पानी पीना शरीर के लिए नुकसानदायक भी बहुत है। शरीर में जरूरत से ज्यादा पानी की मौजूदगी किडनी पर जोर आजमाइश करती है। गुर्दे पर दबाव बढ़ाती है। लगातार इस दशा के बने रहने पर गुर्दा फेल होने की संभावना बढ़ जाती है। गुर्दे के मरीजों को अधिक मात्रा में पानी पीने से परहेज करना चाहिए। अधिक मात्रा में पानी पीने से शरीर के जरूरी लवण बाहर निकल जाते है, प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है। शरीर में सोडियम की कमी हो जाती है जिसकी वजह से हाईपोनेट्रोनेपिया की समस्या आ जाती है।



डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

ज्यादा पानी पीने से शरीर की कोशिकाओं में सूजन पैदा हो सकती है, जिस वजह से मरीज कोमा में जा सकता है और उसकी मौत की संभावना भी बढ़ जाती है। अधिक पानी पीने से पेट फूल जाता है, सावधान न रहे तो उल्टी और सिर दर्द की शिकायत भी होती है। खून में पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिस वजह से हृदय प्रभावित होता है और हृदयाघात की वजह बन जाती है। ज्यादा पानी पीने से बेचैनी, थकान, चक्कर आना, मितली, रक्तचाप कम होने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। मसल्स टिश्यूज टूटने और दिमाग डैमेज होने की संभावना बढ़ जाती है। बार-बार पेशाब की समस्या होने लगती है, पेशाब की थैली कमजोर पड़ जाती है।

# प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति प्रकृति प्रदत्त गुण



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

> संदेह न करने और विश्वास करने का पाठ उसको घुट्टी की तरह बचपन से पिलाया जाता है, जो उसके व्यक्तित्व का अनजाने ही अभिन्न हिस्सा बन जाता है।

सामान्य व्यक्ति धर्मों, धार्मिक किताबों, अवतारों, परंपराओं, संतों, महापुरुषों, गुरुओं आदि के प्रभाव में अनजाने में बचपन से आता-जाता है। बचपन में जब बच्चे का मन साफ और जिज्ञासु होता है, तब अनजाने में उसके मन को प्रदूषित कर दिया जाता है और जिज्ञासा की प्रवृत्ति को विकलांग या मार दिया जाता है। उसको इस प्रभाव में लाते हैं उसके सबसे बड़े हितैषी, यानी उसके माता-पिता, उसके परिवार के लोग, उसका परिवेश, उसका समाज, उसकी शिक्षा, उसके गुरु। युवा होते-होते वह इस प्रभाव की जकड़ में ऐसा आ जाता है कि फिर यह जकड़न जीवन में कभी कम या समाप्त नहीं हो पाती, कई बार तो बढ़ जाती है। इस प्रभाव की शक्ति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि शिक्षा की बड़ी-बड़ी डिग्रियां भी व्यक्ति को इस प्रभाव से कभी मुक्त नहीं कर पातीं। इसके विपरीत इस प्रभाव को व्यक्ति 'दैवीय कृपा' और 'सच्चा ज्ञान' मानने लगता है।

ऐसी स्थिति में इस प्रभाव के स्रोतों पर विचार करने और संदेह करने के विषय में वह कभी सोच ही नहीं पाता है। संदेह न करने और विश्वास करने का पाठ उसको घुट्टी की तरह बचपन से पिलाया जाता है, जो उसके व्यक्तित्व का अनजाने ही अभिन्न हिस्सा बन जाता है। धर्मशास्त्रों, अवतारों, संतों, गुरुओं आदि पर विश्वास लाने की शिक्षा उसे औपचारिक शिक्षा से भी पहले दी जाने लगती है। धीरे-धीरे आस्था और श्रद्धा को वह बड़ा सद्गुण समझने लगता है। शास्त्रों से 'संशयात्मा विनश्यति' जैसे हवाले देकर उसे संशय करने से डराया जाता है और उसकी प्रश्नाकुलता को नष्ट कर दिया जाता है।

इसी प्रभाव में अंधविश्वास, पाखंड, कर्मकांड, झाड़फूंक, टोना-टोटका, जादू-टोना, ज्योतिष, वास्तु, शुभ-अशुभ विचार, पाप-पुण्य आदि, उसके जीवन में समाहित जाते हैं।

क्या, क्यों, कैसे, कब, कहां, आदि प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति बच्चों में जन्म से होती है। चंचलता, कौतूहल, जिज्ञासा और उत्सुकता बच्चों में प्रकृति प्रदत्त गुण होते हैं। इन्हीं गुणों के कारण वे दुनिया का ज्ञान प्राप्त करते हैं। इस प्रकार प्राप्त ज्ञान से वे जीवन जीते हैं। मगर पीढ़ियों से हमने बच्चों की इस मूलप्रवृत्ति को दबाने और नष्ट करने का प्रयास किया है। आज जो बच्चों के माता-पिता, नानी-नाना, दादी-बाबा आदि पारिवारिक लोग हैं, उनकी की भी इस मूलप्रवृत्ति को उनके बचपन में नष्ट किया गया है। वे भी संदेह न करने और विश्वास करने की सीख लेकर बड़े हुए हैं। यही विश्वास समय के साथ दृढ़तर होकर आस्था और श्रद्धा में बदल जाता है। अनुशासन की महत्ता उन्हें भी खूब बताई जाती है, विरोध और विद्रोह को अनादर और अपमान समझा जाता है। ऐसा व्यक्ति मानकर चलता है कि ईश्वर ने दुनिया बनाई है और क्योंकि वह पूर्ण है, इसलिए यह दुनिया भी पूर्ण है और इसमें सुधार परिष्कार करने के विषय में सोचना बनाने वाले की क्षमता पर संदेह करना है। ऐसा संदेह घोर पाप है। इस दुनिया को वही अपनी मर्जी से चला रहा है। पत्ता भी उसकी मर्जी से ही हिलता है। हमारा ही नहीं सभी, जड़ वस्तुओं तक का भाग्य उसने पहले से ही नियत कर दिया गया है, जो चल रहा है, वह बदल नहीं सकता। सब कुछ पहले से नियत है।

यों वह मानता है कि प्रकृति में सब कुछ परिवर्तनशील है, परंतु वह परिवर्तन का बड़ा सीमित अर्थ करता है। धर्म, उसकी पुस्तकों, अवतारों, गुरुओं, आदि के ज्ञान को लेकर वह परिवर्तन की आवश्यकता नहीं महसूस करता। इनके वह प्रकृति के शाश्वत सिद्धांत से परे मानता है। ऐसा करने के लिए वह इन्हें दैवीय मानने लगता है। इसी प्रभाव में जीवन में हुए विकास भी वह नहीं देख पाता, जबकि विकास के परिणामस्वरूप हुए नवीनतम आविष्कारों का सुख खूब भोगता है, उसका पाखंड यहीं नहीं रुकता। विकास के विपरीत पतन पर वह अधिक विश्वास करता है। वह कहता है पहले आदर्श स्थिति थी, अब पतन हो रहा है। इसी उद्देश्य से वह युगों की कल्पना करता है।

आदिमकाल, पत्थरकाल, ताम्रकाल, लौहकाल आदि इतिहास और जीवन में समय के साथ हुआ विकास उसे दिखाई नहीं पड़ता। इसकी वजह है, बचपन में प्रदूषित हुई दृष्टि। विकलांग दृष्टि और प्रदूषित चिंतन प्रक्रिया की वजह से सत्य को देखना उसके लिए संभव नहीं होता।

## सोशल फोरम

# मोहब्बत और नरमी

गामा पहलवान हमारे यहां मुहावरे की तरह इस्तेमाल होते हैं। जैसे माइकल जेक्सन, रफी, तानसेन वगैरह। यह सब एक नाम से ज्यादा मुहावरे हो चुके थे। किसी को थिरकते देखा तो कहा बहुत माइकल जैक्सन मत बनो, गाते सुना, तो कहा रपी मत बनो। कोई ने संगीत पर हाथ फेरा तो बोल उठे, अच्छा-अच्छा बड़े तानसेन न बनो।

ठीक वैसे ही कोई अगर अपनी जिस्मानी ताकत दिखाता है तो उसे हम लोग कह देते, देखो बड़े गामा बन रहे हैं। गामा हमारी जुबानों पर थे बिना यह जाने की वह है क्या। मुझे कुश्ती ज्यादा पसंद नहीं मगर यह याद है। जब बाबा जान ने कहा की गामा ने बंटवारे के वक्त खुद पाकिस्तान में खड़े होकर बहुत से हिंदुओं की जान बचाई। अपने खर्चे से उन्हें हिफाजत के साथ हिंदुस्तान भेजा। बाबाजान की बात से गामा में दिलचस्पी पैदा हुई। आगे जाना तो यहां तक एक परिवार के लिए अपनी कुश्ती का सामान तक उन्होंने गिरवीं रख दिया। गामा ने कहा था कि काश हमारा जिस्म और बड़ा होता तो उसकी नाप के कपड़े बड़े होते, जो ज्यादा लोगों के जिस्म ढंकने के काम आते हैं। अपने घर का अनाज तक जाने वालों को देकर खुद हफ़्तों कुछ नहीं खाया। महीनों दिन-रात अपनी गली की रखवाली करता रहा। यह दुनिया का मशहूर पहलवान गामा।



हफीज किदवई
लेखक

गामा ने कह रखा था कि उसकी गली के हिंदुओं को अगर कोई हाथ भी लगाएगा तो उसे गामा से भिड़ना होगा, गामा महीनों अपनी गली की रखवाली करते रहे, दुनिया का मशहूर पहलवान अपनी गली में दंगाइयों से हिफाजत करने को रात-रात जागता रहता। वह जो बंटने का दर्द गामा ने झेला था, वह दूसरों के हिस्से में नहीं आने देना चाहते थे।

23 मई को गामा ने दुनिया को अलविदा कहा था। इनका पूरा नाम गुलाम मोहम्मद बख्श था। गामा जिंदगी में कभी नहीं हारे। उनकी जिंदगी के बहुत से किस्से सुने जो अभी वैसे ही याद हैं। उनको क्या लिखें सिवाए इसके की आपकी प्रतिभा का क्षेत्र कोई भी हो अगर उसमें मोहब्बत और नरमी उतर आए तो आप दुनिया के दिलों पर राज करेंगे...

-फेसबुक वॉल से

# जीवन को संवारने वाले हैं बुद्ध के सिद्धांत

> तथागत गौतम बुद्ध ने सारनाथ में दिए अपने प्रथम प्रवचन में कहा भिक्खुओं जो प्रव्रजित हैं, उसे दो प्रकार के आचरण से बचना चाहिए, कामभोग प्रधान जीवन से, क्योंकि ये दुर्बल बनाने वाला है। दूसरा निज पीड़ा प्रधान जीवन, क्योंकि यह दुखद है। इन दो प्रकार के आचरण से बचकर ही तथागत ने मध्यम मार्ग का अविष्कार किया है।

गणतंत्र के महापर्व चुनाव के मध्य में बुद्ध पूर्णिमा का अवसर लोकतंत्र को समझने के लिए बुद्ध के सिद्धांतों को समझना जरूरी है। सिद्धार्थ का जन्म 563 ईसा पूर्व के आसपास का माना जाता है, उनके पिता शाक्य शुद्धोदन राजा थे। शुद्धोदन के साथ-साथ भद्दिय और दंडपाणि को भी शाक्यों का राजा कहा गया है। शाक्यों के प्रजातंत्र की गणसंस्था जैसे अब की पार्लियामेंट या सीनेट को लिच्छविगण की भांति राजा कहा जाता था। गौतम बुद्ध के जीवन की अद्भुत घटनाएं हैं, उनका जन्म वैशाख पूर्णिमा के दिन शालवृक्षों के लुम्बिनी वन में 563 ईसा पूर्व में हुआ। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही बोधगया में पीपल के वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई, इसीलिए पीपल के वृक्ष को बोधिवृक्ष कहा गया है। उस वृक्ष को आज भी जीवित रखा गया है। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही उनका परिनिर्वाण हुआ।

अंतिम शिष्य सुभद्र परिव्राजक को उपदेश देने के पश्चात कुशीनगर में शालवृक्षों के नीचे कहा भिक्षुओं मैं तुम्हें स्मरण करा रहा हूं, सभी संस्कार अनित्य हैं, अप्रमादपूर्वक अपने लक्ष्य में लगे रहो। इसीलिए वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध के अनुयायी त्रिविध पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं। असित ऋषि के दर्शन के आग्रह पर बालक सिद्धार्थ को उनकी गोद में दिया गया तब उनकी आंखों से अश्रुधारा बह निकली और कहा यह बालक तीन लोकों का स्वामी बनेगा और कीर्ति असीमित बढ़ेगी, अत्यंत विद्वान और दीर्घायु होगा। ऐसी ही भविष्यवाणी नामकरण के समय ज्योतिषी व पुरोहितों ने भी की थी। असित ऋषि की भविष्यवाणी शत प्रतिशत सच हुई, उन्होंने कहा था यह बालक सम्यक संबुद्ध होगा। लोक कल्याण के लिए अपना धर्मचक्र प्रवर्तित करेगा, जो इस संसार में पहले कहीं कुछ नहीं हुआ, सद्धर्म द्वारा आदि में कल्याण कारक, मध्य में कल्याण कारक और अंत में भी कल्याण कारक होगा। हुआ भी वैसा ही, भारत के संविधान और राष्ट्रीय ध्वज में धम्मचक्र महामहिम की कुर्सी के पीछे धम्म चक्र परिवर्तनाय अंकित है और कई देशों के संविधान की प्रस्तावना गौतम बुद्ध के सिद्धांतों से प्रारंभ है, जब उन्हें बोधिज्ञान प्राप्त हुआ तो सर्वप्रथम उन्होंने पंच भिक्खुओं को उपदेश देना उचित समझा, जो उन्हें निरंजना नदी पर उनके साथ थे और उनके भोजन ग्रहण करने से पथ भृष्ट समझ छोड़ आए थे।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

तथागत गौतम बुद्ध ने सारनाथ में दिए अपने प्रथम प्रवचन में कहा भिक्खुओं जो प्रव्रजित हैं, उसे दो प्रकार के आचरण से बचना चाहिए, कामभोग प्रधान जीवन से, क्योंकि ये दुर्बल बनाने वाला है। दूसरा निज पीड़ा प्रधान जीवन, क्योंकि यह दुखद है। इन दो प्रकार के आचरण से बचकर ही तथागत ने मध्यम मार्ग का अविष्कार किया है। यह मध्यम मार्ग साधक को अंतर्दृष्टि प्रदान करने वाला, बुद्धि देने वाला, ज्ञान देने वाला और निर्वाण तक पहुंचा देने वाला है। यह मध्यम मार्ग ही श्रेष्ठ आष्टांगिक मार्ग हैं।

# कम होती घरेलू बचत

तीन साल में 9 लाख करोड़ रुपए घटी भारतीय परिवारों की सेविंग्स, 50 साल में सबसे कम घरेलू सेविंग में भारी गिरावट एक बड़ी चिंता का कारण बन गई है। आम भारतीय छोटी-छोटी पूंजी बचाकर अपना भविष्य सुरक्षित देखना चाहता है। एक भारतीय बचत इसलिए भी करता है कि वित्तीय भविष्य अप्रत्याशित है, यह बचत आम संतोष भी देती है। सांख्यिकी विभाग के आंकड़ों के अनुसार घरेलू बचत में भारी गिरावट देखने को मिली है। 2020-21 में यह बचत 23.29 लाख करोड़ थी, जो वर्ष 2021-22 में घटकर 17.13 लाख करोड़ रह गई और वर्ष 2022-23 में 14.16 लाख करोड़ पर आ गिरी है। भारत जैसे देश में यह गिरावट अप्रत्याशित कही जा सकती है। हालांकि अब क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स ने कहा है कि 2023-24 में घरेलू बचत बढ़ने की संभावना है। जानकारों का मानना है कि रोजगार न मिलने और महंगाई के कारण छोटी घरेलू बचत कम हो सकती है, जबकि कुछ एक्सपर्ट मानते हैं कि ऐसा म्यूचुअल फंड में निवेश के कारण हुआ है, क्योंकि इस दौरान म्यूचुअल फंड निवेश तीन गुना बढ़ा है। दोनों ही स्थितियों को अच्छा नहीं माना जा सकता, अभी कुछ दिन पूर्व ही मुख्य वित्तीय सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने सीआईआई की वार्षिक बैठक में घरेलू बचत को वायदा और विकल्प कारोबार में निवेश के प्रति आगाह किया, उन्होंने इस पर पुनः विचार करने की बात कही है, उन्होंने यह भी कहा कि वायदा कारोबार में निवेश करने के लिए अध्ययन और जानकारी की जरूरत होती है। उनका यह कथन भी तर्क पूर्ण है कि 1997-98 की एशिया की मंदी से हमें बचाने में इस बचत का भी काफी योगदान रहा था। ध्यान रहे छोटी-छोटी घरेलू बचत आत्मसंतोष और शांति तो देती ही हैं, यह बचत बुरे वक्त में साथ भी देती है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

# 12वीं तक गरीब बेटियों की शिक्षा हुई मुफ्त

## सत्र 24-25 में 251 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में इंटर तक पढ़ाई व आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** गरीब बेटियों को इंटरमीडिएट तक निःशुल्क शिक्षा मिल सके इसके लिए अब 251 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी) बनकर पूरी तरह से तैयार हैं। विभाग ने यहां प्रवेश भी शुरू कर दिए हैं। जुलाई माह तक अभी 49 विद्यालय और तैयार हो जायेंगे फिर ये संख्या 300 हो जायेगी।

केजीबीवी में इंटर तक पढ़ाई शुरू हो सके इसके लिए 2019-20 से कोशिश जारी है। इसमें 680 विद्यालयों को इंटरमीडिएट तक तक किया जाना है। राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि जो विद्यालय तैयार हो चुके हैं। वहां इंटरमीडिएट तक पढ़ाई शैक्षिक सत्र 2024-25 में कराई जायेगी। प्रदेश में 746 केजीबीवी का संचालन होता है, इसमें 680 विद्यालय इंटरमीडिएट तक अपग्रेड किए जाने हैं। बता दें कि केजीबीवी पिछड़े ब्लॉकों व नगरीय क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं। यहां अभी तक बालिकाओं को कक्षा छह से आठ तक की निःशुल्क आवासीय शिक्षा दी जाती था। कक्षा आठ के बाद लड़कियों के आगे पढ़ाई का विकल्प नहीं रहता था लेकिन अब 12वीं तक पढ़ाई आसान होगी।

**फ्री शिक्षा के साथ रहना और खाना भी :** कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 की शिक्षा छात्राओं को निःशुल्क दी जाती है। साथ ही, छात्राओं को आवासीय सुविधा, पौष्टिक आहार, ड्रेस, किताबें और स्टेशनरी और दैनिक उपयोग की वस्तुए प्रदेश सरकार की ओर से निःशुल्क दी जाती हैं।




### दो मॉडल पर हुआ काम

- जहां तीन किमी के अंदर माध्यमिक शिक्षा के कक्षा 9 से 12 तक के स्कूल हैं। वहां केजीबीवी परिसर में ही हॉस्टल तैयार किया गया है। लड़कियां यहां नि:शुल्क रह कर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी।
- जहां आसपास माध्यमिक स्कूल नहीं है, वहां केजीबीवी परिसर में ही एकेडमिक ब्लॉक व हॉस्टल तैयार किया गया है। सभी केजीबीवी को उच्चीकृत करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

## अफजाल अंसारी मामले में आज भी होगी सुनवाई

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी की अपील पर गुरुवार 23 मई को भी सुनवाई जारी रहेगी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। गाज़ीपुर एमपी/एमएलए कोर्ट से मिली 4 साल की सजा के खिलाफ अफजाल अंसारी ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य के वकीलों ने अपने तर्क प्रस्तुत किये। एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत 4 साल की सजा और अंसारी की संसद सदस्यता रद कर दी गई थी। इसके खिलाफ अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई थी।



**पुलिस कमिश्नर का क्लिक**

**कानपुर।** शहर के नालों से निकली सिल्ट की फोटो खींच रहे यह कोई आम व्यक्ति नहीं हैं। ये हैं कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार जो मंगलवार रात गोविंदनगर- परमपुरवा मार्ग पर पड़ी सिल्ट पर फिसलने से बाइक सवार की मौत के बाद बुधवार को शहर के निरीक्षण पर निकले। उन्होंने सर्वोदय नगर में सड़क पर पड़ी सिल्ट देखकर फोटो खींची और नगर आयुक्त को भेज दी।

## सार-संक्षेप

### आजम खान के सरकारी सफाई मशीनों को गायब करने के मामले में नहीं हो सकी सुनवाई

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सरकारी सफाई मशीनों के गायब होने के मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की जमानत याचिका पर बुधवार को समयाभाव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह के समक्ष होनी थी। मालूम हो कि आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम सहित पांच अन्य लोगों के खिलाफ आईपीसी और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान (निवारण) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 19 सितंबर 2022 को पुलिस स्टेशन कोतवाली, रामपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें शिकायतकर्ता वाकर अली ने आरोप लगाया था कि सपा शासन काल के दौरान रामपुर में सफाई व्यवस्था हेतु सरकारी पैसे से नगर पालिका में सरकारी सफाई मशीन खरीदी गई थी, जिसे जौहर यूनिवर्सिटी में मिट्टी में दबाकर नष्ट कर दिया गया।

### 3 नए आश्रम पद्धति विद्यालयों का शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई से

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग तीन नए राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र एक जुलाई से शुरू करेगा। इनमें एक आश्रम पद्धति विद्यालय (बालिका) अयोध्या में हैं। जबकि दो आश्रम पद्धति विद्यालय (एक बालक और एक बालिका) जौनपुर में हैं। इन विद्यालयों ने छात्र-छात्राओं के प्रवेश की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अयोध्या में इसके अलावा दो राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय पहले से संचालित हैं। इसी तरह जौनपुर में दो नए राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों के भवन तैयार हैं। इन विद्यालयों में अभी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। नियमानुसार हर विद्यालय में विभिन्न विषयों के 20-20 शिक्षकों की नियुक्ति होनी है मगर लोकसभा चुनाव के कारण नियुक्ति नहीं हो सकी है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि एक जुलाई से तीनों विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र शुरू होना है। इसके मद्देनजर आचार संहिता खत्म होते ही तीनों विद्यालयों में आसपास के आश्रम पद्धति विद्यालयों से शिक्षकों को अटैच कर पढ़ाई शुरू कराई जाएगी।

### फैशन डिजायनर की हत्या में छात्र को उम्र कैद

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुंबई के फैशन डिजायनर की हत्या करने के मामले में आईआईटी कानपुर के छात्र राहुल वर्मा को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश अनुरोध मिश्रा ने दोषसिद्ध करार देते हुए, उम्र कैद की सजा दुनाई है। कोर्ट ने इसके साथ ही अभियुक्त पर 75 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई की ओर से बताया गया कि 22/23 अगस्त 2008 को वादी सूर्य कुमार बाजपेयी ने शक जताया था कि कुछ दिनों पहले आईआईटी कैम्पस कानपुर में मिला कंकाल उसके पुत्र का होने का शक जताया था। डीएनए जांच में पता चला कि मृतक वादी का ही पुत्र था। अदालत को बताया गया कि मृतक आदेश वाजपेई फैशन डिजाइनिंग का काम फ्रीलांसिंग तरीके से करता था। अभियोजन के अनुसार इस मामले की रिपोर्ट अज्ञात में 20 अगस्त 2008 को थाना मूलगंज जनपद कानपुर में दर्ज कराई गई थी जिसमें वादी ने कहा था कि 3 अगस्त 2008 को उसका पुत्र आदेश बाजपेई मुंबई से लखनऊ आया था। बहस के दौरान अदालत को बताया गया कि 17 दिसंबर 2009 को वादी सूर्य कुमार वाजपेई ने प्रार्थना पत्र देखकर राहुल वर्मा पर शक जताया था। सीबीआई द्वारा कहा गया कि आदेश वाजपेई की हत्या करने के बाद आरोपी ने उसके शरीर के टुकड़ों को आईआईटी कानपुर कैंपस में छुपाया था।

### बरेली, वाराणसी जेल में बंद होंगे जम्मू-कश्मीर के 50 बंदी

**लखनऊ, अमृत विचार :** जम्मू-कश्मीर राज्य के विभिन्न कारागारों में बंद 50 अतिरिक्त विचाराधीन एवं सिद्धदोष बंदियों को यहां बरेली और वाराणसी जेल में स्थानांतरित किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर के प्रमुख सचिव गृह के अनुरोध पर शासन ने स्वीकृति दे दी है। अधिकारियों के मुताबिक शासन द्वारा दी गई स्वीकृति की जानकारी भी जम्मू-कश्मीर राज्य से साझा कर दी गई है। 04 मार्च 2024 में जम्मू-कश्मीर के प्रमुख सचिव गृह ने उत्तर प्रदेश शासन को पत्र लिखकर वहां के 50 बंदियों को उत्तर प्रदेश के जेलों में स्थानांतरण करने का अनुरोध किया था। इसके बाद शासन ने उप महानिरीक्षक कारागार प्रशासन से इस संबंध में आख्या मांगी थी। आख्या के अवलोकन के बाद शासन ने अनुरोध के अनुरूप सभी 50 बंदियों के स्थानांतरण की सहमति दे दी है।

### अब 21 जुलाई तक संचालित होगी विशेष मेमू ट्रेन

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रद्धालुओं के लिए उत्तर रेलवे ने वाराणसी से लखनऊ के बीच विशेष मेमू ट्रेन का संचालन तीन अप्रैल से शुरू किया था। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने इस विशेष रेलगाड़ी के संचालन अवधि में एक बार फिर से विस्तार किया है। पहले इसको 20 अप्रैल तक के लिए चलाया गया था, फिर 20 मई तक विस्तारित किया गया था। अब इसको 21 जुलाई तक संचालित करने का निर्णय लिया गया है। वाराणसी-जफराबाद-शाहगंज-अयोध्या धाम-बाराबंकी के रास्ते लखनऊ तक चलने वाली इस ट्रेन का ठहराव जिले में केवल अयोध्या धाम जंक्शन और रुदौली स्टेशन पर तय किया गया था।

## अधिशाषी अभियंता से नाराज कर्मियों ने मांगा सामूहिक तबादला

संवाददाता ककोर, औरैया

- अधिकारियों से अभद्र भाषा में बातचीत का वीडियो वायरल

**अमृत विचार :** दिबियापुर बिजली डिवीजन की अधिशाषी अभियंता नेहा सिंह की कार्यशैली से नाराज बिजली विभाग के सभी कर्मचारी व अधिकारी नाराज हैं। उन्होंने धरना दिया। उन्होंने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी को पत्र भेजकर सामूहिक रूप से स्थानांतरित किए जाने की मांग की।

आरोप है कि अधिशासी अभियंता, अवर अभियंताओं से हर माह पांच-पांच हजार रुपये वसूली देने का दबाव बना रही हैं और अभद्र तरीके से बात कर रही हैं। बातचीत से जुड़ा एक ऑडियो भी वायरल हुआ है। हालांकि अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता है। इस मामले में अधीक्षण अभियंता ने आरोपी अधिशासी अभियंता के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को संस्तुति की है। दिबियापुर डिवीजन सहित जिले के अन्य डिवीजन के एसडीओ, जेई के साथ ही समस्त कर्मचारियों ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखा है और कहा है कि उन सभी का सामूहिक रूप से स्थानांतरण किया जाए। अधीक्षण अभियंता बृजमोहन ने बताया नेहा सिंह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

## आगरा के सिंधी बाजार में आग, 12 दुकानें जलीं

**आगरा, एजेंसी :** आगरा के सिंधी कपड़ा बाजार में बुधवार को भीषण आग लगने से लगभग 12 दुकानें जल गईं। दमकल अधिकारी सोमदत्त सोनकर ने बताया कि अपराह्न करीब 3:50 बजे राज एंड संस नामक दुकान में एयर कंडीशनर का कंप्रेशर फटने से आग लगी। दमकल विभाग को 4:25 बजे आग लगने की सूचना मिली। सोनकर ने कहा कि जल्द ही आग ने गंगा फुटवियर, पिंकी क्लॉथ, अशोक क्लॉथ, उपहार फुटवियर, मसाला रेस्टोरेंट को चपेट में ले लिया, रेस्टोरेंट में रखे गैस के तीन सिलेंडर भी फट गए।

## 77 हजार छात्र-छात्राओं को है छात्रवृत्ति का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- प्रदेश के 75 जिलों में छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे छात्र-छात्राएं

**अमृत विचार :** साइबर कैफे और कॉलेज के स्तर से फार्म भरने में हुई त्रुटियों के कारण प्रदेश के 75 जिलों में सामान्य वर्ग के 77 हजार छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए हैं। आचार संहिता हटने के बाद दोबारा आवेदन के संबंध में नए सिरे से प्रस्ताव शासन को भेजा जा सकता है।

पिछले वित्तीय वर्ष में अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू हुए थे। 18 जनवरी 2024 तक छात्रवृत्ति के लिए फार्म भरे गए और 23 जनवरी 2024 को फार्म अग्रसारित किए गए। मार्च के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में 20 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। फार्म भरने के दौरान हुई गलती के कारण छात्रवृत्ति से वंचित हुए 77 हजार छात्र-छात्राएं जिला समाज कल्याण अधिकारी, कॉलेज और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। अधिकतर फार्मों में अनुक्रमांक, पाठ्यक्रम और प्राप्तांक/पूर्णांक भरने में गलतियां हुईं। समाज कल्याण निदेशालय ने पूरा मामला शासन को भेजा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा कि प्रयास किया जाएगा कि वंचित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके। इसके लिए आचार संहिता समाप्त होने के बाद शासन को दोबारा प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा।

## शहीद पथ का नाम बदलने की याचिका खारिज

**लखनऊ, अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष एक जनहित याचिका दाखिल कर दलील दी गई कि शहीद पथ के नाम में सड़क दुर्घटनाओं के नजरिए से शहीद शब्द से नकारात्मक अनुभूति होती है और संभव है कि इस सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए, लोगों में इसके नाम को लेकर भय उत्पन्न होता है। याचिका में मांग की गई कि शहीद पथ का नाम बदलकर प्रगति पथ कर दिया जाए। न्यायालय ने दलील को तर्कहीन बताते हुए कहा कि हम मात्र इतना कह सकते हैं कि यह अंधविश्वास है और यही नहीं ऐसा कहना शहीदों का अपमान भी है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने याचिका को खारिज कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने आदर्श मेहरोत्रा की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया।

## रोडवेज बस में घुसी कार, दो की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर औरास थानाक्षेत्र के कोयली खेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार कार रोड किनारे खड़ी रोडवेज बस में घुस गई। इसमें कार चालक मारूफ व एक युवक की मौत हो गई। वहीं कार सवार तीन महिलाएं घायल हो गई। जिन्हें सीएचसी से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ जिले के सिकरौरी निवासी लुकमान (40) पुत्र असीद अपनी कैंसर पीड़ित मां मेहर जहां का इलाज कराने दिल्ली गए थे। लौटते समय बुधवार सुबह मथुरा डिपो की रोडवेज बस में उनकी कार पीछे से घुस गई। इसमें कार सवार पांच लोग अंदर फंस गए।

## अब राम पर डिग्री-डिप्लोमा लेंगे छात्र, शोध संस्थान का नाम बदला

संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या शोध संस्थान का नाम अब अंतर्राष्टीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान कर दिया गया है। नए नाम का रजिस्ट्रेशन होने के बाद विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू किया जाएगा। उसके बाद विश्वविद्यालयों में भी रामायण कालीन पात्रों और स्थानों पर शोध किए जाएंगे। संस्था में भी छात्र राम के चरित्र का अध्ययन कर डिग्री, डिप्लोमा लेंगे और शोध करेंगे। इसके लिए नया भवन बनाया जाएगा।

अयोध्या शोध संस्थान ने कई देशों में होने वाली रामलीला पर पुस्तकें प्रकाशित की हैं। इसके अलावा कई देशों में रामायण के संबंध में अध्ययन भी कराया है। अयोध्या शोध संस्थान तुलसी स्मारक भवन में होने से यहां के पुस्तकालय में बड़ी संख्या में शोधार्थी आने लगे हैं। इन शोधार्थियों की वजह से भी विभिन्न देशों के साथ भारत के रिश्ते प्रगाढ़ हुए हैं।

## मनचलों से परेशान किशोरी ने फंदे पर लटककर दी जान

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** खेतों में मवेशी चरा रही किशोरी के साथ मनचलों ने पहले अश्लील हरकतें करनी शुरू की। इसके बाद आरोपियों ने दुष्कर्म तक का प्रयास किया। मौके पर बड़े भाई के पहुंच जाने पर सभी फरार हो गए। लोकलाज के भय से किशोरी ने घर जाकर फंदे पर लटक जान दे दी। मृतका के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

मृतका के पिता ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि विगत सोमवार 20 मई को वह अपने परिजनों के साथ मतदान करने गया था। उसकी 14 वर्षीय बेटी खेतों में मवेशी चराने गई थी। इसी दौरान उसके गांव का युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ खेतों में पहुंच गया। तीनों युवकों ने उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें करते हुए सामूहिक दुष्कर्म करने का प्रयास किया। उसकी बेटी ने किसी तरह खुद को उनके चंगुल से छुड़ाया व चीखते हुए घर की ओर भागी। रास्ते में पीड़िता का बड़ा भाई मिला तो उसने अपने बड़े भाई से आपबीती बताई। जब पीड़िता का भाई खेतों में पहुंचा तो तीनों आरोपी उसे देखते ही भाग गए।

## सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमेठी, अमृत विचार :** अमेठी जिले के मोहनगंज क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में बुधवार को तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने बताया कि मोहनगंज थाने में आज दी गयी एक तहरीर में पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि गत 19 मई की रात करीब 12 बजे उसके गांव के ही तीन युवकों ने घर में सो रही उसकी 15 वर्षीय बेटी को फोन करके बुलाया और उसके बाद खेत में ले जाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया।


## वर्ग पहेली-78

**बाएं से दाएं**

3. चीन देश की भाषा।
4. नदी, सरिता।
7. तपन, उष्णता, गरमी।
8. 1. कंपकपी 2. कांपना।
9. 1. पृथक, अलग, किसी स्थान विशेष से हट कर, फासले पर 2. देशकाल के विचार से बहुत अंतर पर।
10. किसी चीज़ को खूब दलना और मलना, अच्छी तरह कुचलना

**ऊपर से नीचे**

1. बहुत बड़ी नदी।
2. 1. खुरचना, खोदना 2. लकीर खींचना 3. कंघी करना, बाल झाड़ना।
5. 1. किसी को उतरने में मदद करना 2. प्रतिलिपि करवाना, नकल करवाना।
6. 1. अस्पृश्यता, अस्पृश्य मानने की प्रथा, एक सामाजिक बुराई 2. हिंदुओं में जन्म के आधार पर ऊंच-नीच का भेद करने का विचार 3. एक प्रकार का रोग।
7. 1. चार वेदों से ग्रहण की गई लौकिक कलाओं या विद्याओं का सामूहिक नाम



### वर्ग पहेली -77 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 कु | | | 2 अ | घी |
| | 3 बे | सु | रा | | मि | |
| | | म | | | य | |
| 4 अ | ति | श | यी | 5 क | र | ण |
| ग | | र | | 6 री | स | |
| वा | | | | म | | 7 गि |
| 8 न | जू | ल | | | 9 लो | नी |

## सुडोकू-157

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | | | | | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | | 6 | 7 | | | | |
| | 3 | | 8 | | 7 | | | |
| | 7 | 5 | | | | | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 9 | | | | 3 | 1 | | | |
| 6 | | 8 | | | | | | |
| | | 1 | | | | 4 | | |

### सुडोकू -156 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 9 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 4 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 9 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 8 | 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 7 | 6 | 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 8 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 19 .22 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 09 .15 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** - आज शंकालु स्वभाव के कारण आप अच्छे लोगों की अनदेखी कर सकते हैं। नया काम शुरू करने से परेशानियां बढ़ेंगी। किसी पुरानी घटना को लेकर दु:ख हो सकता है। आप स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मन में नकारात्मक विचारों का बाहुल्य हो सकता है।

**वृष** - आज आपको कार्यक्षेत्र में काफी प्रतिष्ठा मिलेगी। लोग आपके विचारों से काफी प्रभावित रहेगे। वैवाहिक जीवन में आनंद का भाव बढ़ेगा। कानूनी मामलों में विजय मिलने की संभावना है। उच्च स्तरीय लोग भी आपके सामने काफी कमजोर दिखेंगे।

**मिथुन** - आज शत्रु आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। इसीलिए आपको काफी सावधान रहना होगा। पिता के साथ वैचारिक मतभेद उभरने की आशंका है। जॉब में आप दबाव के बावजूद अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पेट में इंफेक्शन की संभावना बन सकती है।

**कर्क** - आज ऐसे लोगों से स्वयं को दूर रखें जो आपको तनाव देते हैं। गैस और अपच की शिकायत हो सकती है। किसी को वचन देने से बचें, क्योंकि आपके कार्य अचानक रुक सकते हैं। बच्चों को लेकर काफी परेशान हो सकते हैं।

**सिंह** - आज व्यवसाय में सहयोगियों से लाभ होगा। निर्माण कार्य से जुड़े प्रोजेक्ट्स में बड़ी चुनौती देखने को मिल सकती है। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी ऊर्जावान रहेंगे।

**कन्या** - आज आपको काफी संभल कर लोगों से व्यवहार करना चाहिए। धन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य में कुछ कमी देखने को मिल सकती है।

**तुला** - आज परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी, लेकिन ज्यादा दिखावे के व्यवहार से बचें। अपने स्वजनों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग न करें। आपको धन निवेश करने से पूर्व किसी विशेषज्ञ व्यक्ति से सलाह लेनी चाहिए।

**वृश्चिक** - आज नया व्यवसाय या कोई नई जॉब की शुरुआत का विचार बनाएंगे। यदि घर बदलना चाह रहे हैं तो थोड़ा अच्छी तरह से देख-परखकर ही घर बदलें। स्थिर संपत्ति में निवेश की योजना बना सकते हैं। कानूनी मामलों में आप विजयी होंगे।

**धनु** - आज शिक्षा और रोजगार में रुकावट जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। कुछ ऐसे कार्य भी करने पड़ सकते हैं, जो शायद आपके मनोनुकूल न हों। यदि किसी यात्रा पर हैं तो अपने सामान की सुरक्षा सावधानी पूर्वक करें।

**मकर** - आज धन की परिस्थितियां काफी अनुकूल रहेंगी। बच्चों को लेकर मन प्रफुल्लित रहेगा। लोग आपकी खुलकर प्रशंसा करेंगे। आपके परिजन आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। पड़ोसियों के साथ किसी विवाद का निपटारा हो सकता है।

**कुंभ** - आज मित्रों के साथ काफी समय बिता सकते हैं। राजनीति संबंधी चर्चाओं का आनंद लेंगे। जीवनसाथी से आपको काफी अच्छी सलाह मिल सकती है। अपनी कमजोरियों को किसी से भी साझा न करें। कुछ चुनौतीपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

**मीन** - आज किसी के प्रति दुर्भावनापूर्ण विचार न रखें। आपको धार्मिक ग्रंथों से काफी मदद मिल सकती है। व्यापार में बड़ा निवेश न करें। आप कुछ अव्यावहारिक निर्णय ले सकते हैं। इसके कारण आपकी आलोचना भी हो सकती है। वाहन में कुछ खराबी हो सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- सिक्का — सुबह : 10 .48
- मजाल — रात : 07 .00

**&pictures**
- एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 11 .25
- मनमर्जियां — रात : 08 .00

**SONY PIX**
- द वॉटर हाउस — सुबह : 11 .38
- मोर्टल कॉम्बेट — शाम : 05 .42

**ZEE CINEMA**
- गीत गाता चल — दोपहर : 01 .15
- मिशन रानीगंज — रात : 08 .00

**colors CINEPLEX**
- हम दिल दे चुके सनम — सुबह : 08 .08
- दसवीं — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत...

एक आदमी 12 साल बाद जेल से छूटा, मैले-कुचैले कपड़ों में बहुत थका हुआ घर पहुंचा।
घर पहुंचते ही बीबी चिल्लाई- कहां घूम रहे थे इतनी देर? आपकी रिहाई तो 2 घंटे पहले ही हो गई थी न?
वो आदमी वापस जेल चला गया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2020, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1730, रविन्द्रा 1900, फॉर्चुन ली. 1585, जय जवान 1495, सचिन 1530, सूरज 1520, अवसर 1630, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1640, चक्र टिन 1835, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1835, स्वास्तिक 1990, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000–23500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन** –मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7425–7700, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8000, लाल हिंदुस्तान 8100, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8600, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 15000, अरहर पटका मोटा 15500, अरहर कोरा मोटा 15800, अरहर पटका छोटा 15600–15900, अरहर कोरी छोटी 17100, **चीनी**–डालमियां 4180, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी (नई) 4140 रुपये।

# आरबीआई सरकार को देगा अब तक का सर्वाधिक 2.11 लाख करोड़ का लाभांश

## केंद्रीय बैंक ने लाभांश भुगतान को दे दी मंजूरी, पहले की तुलना में दोगुना से अधिक

मुंबई, एजेंसी




भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को बुधवार को मंजूरी दे दी। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अब तक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह एक साल पहले की तुलना में दोगुने से भी अधिक है।

वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आरबीआई ने 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था। पिछला उच्चतम स्तर वित्त वर्ष 2018-19 में रहा था जब रिजर्व बैंक ने सरकार को 1.76 लाख करोड़ रुपये का लाभांश दिया था।

गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आयोजित आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 608वीं बैठक में लाभांश भुगतान का निर्णय लिया गया। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा-निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में 2,10,874 करोड़ रुपये के हस्तांतरण को मंजूरी दी। चालू वित्त वर्ष के बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। अनुमान से अधिक लाभांश मिलने से सरकार को राजकोषीय घाटा कम करने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने व्यय एवं राजस्व के बीच अंतर यानी राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.1 प्रतिशत पर सीमित रखने का लक्ष्य रखा हुआ है।

### आरबीआई ने सीआरबी को बढ़ाने का किया फैसला

आरबीआई ने कहा–वित्त वर्ष 2022–23 में आर्थिक वृद्धि में पुनरुद्धार होने पर सीआरबी को बढ़ाकर 6.00 प्रतिशत किया गया था। अर्थव्यवस्था में मजबूती और जुझारूपन बने रहने से निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023–24 के लिए सीआरबी को बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत करने का फैसला किया है। आरबीआई ने कहा कि वित्त वर्ष 2023–24 के लिए देय लाभांश राशि के बारे में निर्णय अगस्त, 2019 में अपनाए गए आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) के आधार पर लिया गया है। बिमल जालान की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति ने ईसीएफ की अनुशंसा की थी। समिति ने कहा था कि सीआरबी के तहत जोखिम प्रावधान को आरबीआई के बही–खाते के 6.5 से 5.5 प्रतिशत के दायरे में रखा जाना चाहिए।

## पेटीएम का चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल इसी अवधि में घाटा 167.5 करोड़ रुपये था। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व है। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का घाटा कम होकर 1,422.4 करोड़ रुपये रह गया।पेटीएम ने एक बयान में कहा-हमारे वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के परिणाम यूपीआई लेनदेन पर अस्थायी व्यवधान और पीपीबीएल प्रतिबंध के कारण स्थायी व्यवधान से प्रभावित हुए। पेटीएम ने 2,267 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया, जो वार्षिक आधार पर तीन प्रतिशत की मामूली गिरावट है। हमारा योगदान मुनाफा यूपीआई प्रोत्साहनों सहित 57 प्रतिशत और यूपीआई प्रोत्साहनों को छोड़कर 51 प्रतिशत रहा है।

# लिंक्डइन इंडिया, नडेला और आठ अन्य लोगों पर जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

- कंपनी अधिनियम के उल्लंघन को लेकर हुई कार्रवाई

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने कंपनी अधिनियम के तहत महत्वपूर्ण लाभकारी स्वामित्व नियमों के उल्लंघन को लेकर माइक्रोसॉफ्ट की लिंक्डइन इंडिया, सत्य नडेला और अन्य लोगों पर 27,10,800 रुपये का जुर्माना लगाया। नडेला माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख हैं। उन्होंने दिसंबर, 2016 में पेशेवर नेटवर्किंग मंच लिंक्डइन का अधिग्रहण किया था।

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले कंपनी पंजीयक (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और हरियाणा) ने 63 पृष्ठ के आदेश में कहा कि लिंक्डइन इंडिया और व्यक्तियों ने कंपनी कानून, 2013 के तहत महत्वपूर्ण लाभकारी स्वामित्व (एसबीओ) नियमों का उल्लंघन किया है। कंपनी पंजीयक ने अपने आदेश में कहा-सत्य नडेला और रेयान रोसलांस्की कंपनी के संबंध में एसबीओ हैं। वे धारा 90 (1) के के तहत रिपोर्ट करने में उनकी विफलता के कारण अधिनियम की धारा 90(10) के तहत जुर्माने के लिए जिम्मेदार हैं। रोसलांस्की को एक जून, 2020 को लिंक्डइन कॉरपोरेशन के वैश्विक सीईओ के रूप में नियुक्त किया गया था। वह सत्य नडेला को रिपोर्ट करते हैं।'' अधिनियम की धारा 90 एसबीओ से संबंधित है। इसके लिए कंपनियों को एसबीओ विवरण का खुलासा करने की जरूरत होती है। आदेश के अनुसार, कंपनी के संबंध में महत्वपूर्ण स्वामित्व की पहचान करने के लिए आवश्यक कदम उठाने में विफलता पर कंपनी और अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई बनती है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 95,350 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 76,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,700–56,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 74,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 73,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,900 |
| चांदी पक्की | 894 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 74,150 |
| चांदी आभूषण | 90,200। |

## भारत कई देशों से सीमा शुल्क संबंधी समझौते पर कर रहा बातचीत

**नई दिल्ली।** भारत सात देशों के सीमा शुल्क विभागों के साथ पारस्परिक मान्यता समझौतों (एमआरए) पर हस्ताक्षर कर चुका है और कई अन्य देशों के साथ ऐसे समझौतों के लिए सक्रियता से बातचीत कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) और रूस की संघीय सीमा शुल्क सेवा ने इस महीने अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर (एईओ) एमआरए पर हस्ताक्षर किए। इससे सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा माल की निकासी में लाभ देने का रास्ता साफ होगा।

# हर साल होने वाली किल्लत दूर करेगा बरसाती प्याज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उद्यान विभाग खरीफ में 10 हजार हेक्टेयर में कराएगा प्याज की खेती
- अगस्त-सितंबर में तैयार होगी फसल, कम होगी निर्भरता

**अमृत विचार :** प्रदेश में हर साल सर्दियों में होने वाली प्याज की किल्लत दूर करने के लिए इस बार उद्यान विभाग एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत खरीफ में 10 हजार हेक्टेयर में प्याज की खेती कराएगा। प्रक्रिया जून से शुरू होगी और अगस्त व सितंबर में प्याज तैयार होगा।


अब तक के वर्षों में विभाग प्याज की खेती रबी में कराता है। इसकी पौध नवंबर व दिसंबर के बीच तैयार कर रोपाई होती है और फरवरी व मार्च में प्याज तैयार होता है। इस बीच काफी अंतर होने के कारण प्याज की उपलब्धता नहीं रहती है। इसकी पूर्ति महाराष्ट्र व राजस्थान से प्याज मंगाकर की जाती है। किसान व व्यापारी भी मौके का फायदा उठाकर प्याज डंप करते हैं। इन्हीं कारणों से दाम बढ़ते हैं।

**बारिश में जोखिम अधिक, मिलेगा 12 हजार रुपये अनुदान:** खरीफ में प्याज की खेती जोखिम भरी होती है। इसमें लागत तो अधिक आती है बल्कि बारिश व ओलावृष्टि में पौध व फसल खराब हो जाती है। इस कारण न के बराबर किसान इसकी खेती करते हैं। लागत कम करने के लिए बीजों की खरीद पर 12 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान मिलेगा और नुकसान से बचाने के लिए विज्ञानी प्रशिक्षित कर विधियां बताएंगे।

**शेड में नर्सरी, मेड़ बनाकर करें रोपाई:** कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने बताया बरसाती प्याज में फायदा अधिक है। किसान इसकी पौध यानी नर्सरी किसी शेड के अंदर तैयार करें। क्योंकि बारिश और ओलावृष्टि से पौध जल्द खराब होती है। 40 से 45 दिन में पौध तैयार होने के बाद खेतों में मेड़ बनाकर रोपाई करें। ऊंचाई के कारण जलभराव का असर नहीं पड़ेगा। वहीं डॉ. विजय बहादुर द्विवेदी, निदेशक (उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग) ने बताया कि खरीफ में खेती का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। इसकी वीडियो कांफ्रेसिंग में स्वीकृति मिली है। इसके उत्पादन से सर्दियों में किल्लत नहीं होगी। इसी तरह हर वर्ष रकबा और पैदावार बढ़ाकर पूर्ति करेंगे।

### एक हेक्टेयर की स्थिति

- लागत – 40–45 हजार रुपये
- उत्पाद – सामान्य तौर पर 200 क्विंटल तक
- कमाई – एक से डेढ़ लाख रुपये।



### प्रदेश में क्षेत्रफल व उत्पादन की स्थिति

| वर्ष | हेक्टेयर हजार में | उत्पादन एमटी |
|---|---|---|
| 2019–20 | 27.15 | 444.55 |
| 2020–21 | 28.55 | 470.83 |
| 2021–22 | 29.94 | 494.10 |
| 2022–23 | 30.05 | 510.88 |
| 2023–24 | 34.10 | 576.66 |




# राहुल बाबा और ममता जल्द ही शीतनिद्रा में चली जाएंगी

## बंगाल की चुनावी सभा में गृह मंत्री अमित शाह ने किया दावा, घुसपैठिए तृणमूल कांग्रेस का वोट बैंक है

कांथी/घाटल/पुरुलिया, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने और घुसपैठियों को राज्य की जनसांख्यिकी बदलने की अनुमति देकर पाप करने का आरोप लगाया। एक के बाद एक कांथी, घटाल और पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र में चुनाव सभाओं को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि राज्य में भाजपा के 30 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करने के बाद तृणमूल कांग्रेस बिखर जाएगी और ममता बनर्जी सरकार की विदाई हो जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अंतिम सातवें चरण में जल्द ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी (राहुल बाबा) और तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी (ममता दीदी) शीतनिद्रा में चली जाएंगीं।



गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम मेदिनीपुर से भाजपा उम्मीदवार हिरण्मय चटर्जी के समर्थन में जनसभा के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

उन्होंने कहा-बंगाल घुसपैठियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है। घुसपैठ के कारण राज्य की जनसांख्यिकी बदल रही है जिसका असर न केवल बंगाल बल्कि पूरे देश पर पड़ रहा है। गृह मंत्री ने आरोप लगाया-ममता बनर्जी बंगाल की जनसांख्यिकी बदलने की अनुमति देकर पाप कर रही हैं और वह राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही हैं। शाह ने आरोप लगाया कि घुसपैठिए टीएमसी का वोट बैंक है।

### जब 'इंडिया' की सरकार बनेगी तो हम अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में फेंक देंगे



**महेंद्रगढ़ (हरियाणा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो अग्निवीर योजना को खत्म कर इसे कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने हिन्दुस्तान के जवानों को मजदूर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की। लोकसभा चुनाव के लिए हरियाणा में अपनी पहली जनसभा में पूर्व अध्यक्ष ने किसानों के मुद्दे पर भी प्रधानमंत्री मोदी को घेरा। उन्होंने दावा किया मोदी सरकार ने 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन कहा है कि वह किसानों का कर्ज माफ नहीं करेगी क्योंकि इससे सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। कहा–हम किसानों की सुरक्षा और उन्हें उचित मुआवजा देने के लिए भूमि अधिग्रहण विधेयक लाए थे, लेकिन मोदी सरकार ने इसे रद्द कर दिया।

## भाजपा ने भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को किया निलंबित

**पटना।** भाजपा की बिहार इकाई ने राज्य की काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने पर भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को पार्टी से निलंबित कर दिया है। पार्टी ने एक बयान में कहा कि पवन सिंह को पार्टी के फैसले के खिलाफ काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने पर तत्काल प्रभाव से भाजपा से निलंबित कर दिया गया है। बिहार भाजपा के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा द्वारा जारी और पवन सिंह को संबोधित एक पत्र में कहा गया है, लोकसभा चुनाव में आप राजग के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं। आपका यह कार्य दल विरोधी है, जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है तथा पार्टी अनुशासन के विरुद्ध आपने यह कार्य किया है।

# दिल्ली पुलिस आज मेरे बूढ़े माता पिता से पूछताछ करने आएगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच पर किया दावा

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दावा किया कि पुलिस बृहस्पतिवार को उनके बूढ़े माता-पिता से पूछताछ करने आएगी। उन्होंने पूछताछ का कारण नहीं बताया लेकिन आशंका जताई जा रही है कि दिल्ली पुलिस उनके आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई कथित मारपीट के सिलसिले में आएगी। आप नेताओं ने इस मुद्दे पर भाजपा पर हमला करते हुए सवाल किया है कि क्या उन्हें लगता है कि केजरीवाल के माता-पिता कथित मारपीट में शामिल थे।

मालीवाल ने आरोप लगाया है कि जब वह 13 मई को मुख्यमंत्री से मिलने उनके आवास पर गईं तो



केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार ने उनके साथ 'मारपीट' की। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कुमार को गिरफ्तार कर चुकी है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर बताया, कल दिल्ली पुलिस मेरे बूढ़े और बीमार माता पिता से पूछताछ करने आएगी। वहीं आप मंत्री आतिशी ने दावा किया कि भाजपा द्वारा उनके खिलाफ नई साजिशें रची जा रही हैं।

## एक नजर

### महाराष्ट्र में आवारा कुत्ते के हमले में तीन साल के बच्चे की मौत

**नागपुर।** नागपुर जिले के मौदा कस्बे में एक आवारा कुत्ते के हमले में तीन वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि वंश अंकुश शहाणे मंगलवार अपराह्न अपने घर के बाहर खेल रहा था कि तभी एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। उसके परिवार के सदस्य उसे सरकारी अस्पताल ले गए लेकिन बच्चे ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मौदा पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मुकदमा दर्ज किया।

### मीरवाइज समेत सात के खिलाफ मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 'खाली भूमि' पर अतिक्रमण के आरोप में हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालांकि, अलगाववादी नेता ने इन आरोपों का खंडन किया है। अधिकारियों ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है और मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक स्तर के एक अधिकारी को सौंप दी है।

# कम काम करने वाली टिप्पणी पर बिफरे शीर्ष अदालत के न्यायाधीश

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने धनशोधन मामले की सुनवाई के दौरान जताया अफसोस

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को इस बात पर अफसोस जताया कि न्यायाधीशों द्वारा किए गए प्रयासों के बावजूद उन्हें बहुत कम काम करने संबंधी टिप्पणियां सुननी पड़ती है, जबकि सच्चाई यह है कि वे छुट्टियों के दौरान भी आधी रात को काम करते हैं।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धनशोधन मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने और लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत दिए जाने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई करते वक्त यह टिप्पणी की। सोरेन की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शिकायत की कि झारखंड उच्च न्यायालय की पीठ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ झामुमो नेता की याचिका पर फैसला सुनाने में दो महीने का समय लिया।

न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा-श्रीमान सिब्बल, दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है न्यायाधीश के रूप में हमारे द्वारा किए गए प्रयासों के बावजूद, हमें



यह सुनना पड़ता है कि न्यायाधीश बहुत कम काम करते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को भी अपना होमवर्क करना पड़ता है। शीर्ष अदालत ने कहा-न्यायाधीश हमारे सामने नहीं हैं। वे यह नहीं बता सकते कि उन्हें फैसला सुनाने से किसने रोका। इसलिए, (संदेह का) लाभ उन्हें दिया जाना चाहिए। सिब्बल ने कहा कि फैसला सुनाने में देरी करने का असर नागरिकों पर होता है। उन्होंने कहा-आप (ईडी की अभियोजन शिकायत पर) संज्ञान लेने की अनुमति देते हैं और मेरी याचिका व्यर्थ हो जाती है। यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मामला है। यह बेहद दुखद है। ये सभी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं। पीठ ने कहा कि वह केवल आशा और भरोसा कर सकती है कि अदालतें मामलों का शीघ्रता से निपटारा करें।

# पड़ोसी की हत्या के लिए मां, बेटे सहित तीन को मृत्युदंड

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- केरल की एक अदालत ने सुनाई सजा

केरल की एक अदालत ने तिरुवनंतपुरम के विझिंजम में वर्ष 2022 में 71 वर्षीय पड़ोसी की हत्या करने के लिए मां और बेटे सहित तीन लोगों को बुधवार को मृत्युदंड की सजा सुनाई। ये तीनों व्यक्ति कथित तौर पर आदतन अपराधी हैं और इनके खिलाफ पहले भी एक नाबालिग की हत्या का मुकदमा लंबित है।

नेय्यात्तिनकारा के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रफीका बीवी (52), उसके मित्र अल अमीन (28) और उसके बेटे शफीक (25) को पड़ोसी शांताकुमारी की हत्या के लिए यह सजा सुनाई। उन्होंने सोने के आभूषण चुराने के मकसद के लिये इस हत्या को अंजाम दिया था । तीनों आरोपी कोवलम के रहने वाले हैं। अदालत ने पिछले सप्ताह तीनों पर लगे आरोपों के लिए उन्हें दोषी पाया था। घटना 14 जनवरी 2022 को उस समय सामने आई, जब रफीका बीवी के मकानमालिक के बेटे और उसके दोस्तों ने एक खुले दरवाजे से फर्श पर खून की बूंदे गिरती हुईं देखीं और अधिकारियों को इसकी सूचना दी। मकान मालिक के बेटे और दोस्त घर की छत पर अक्सर पढ़ाई किया करते थे। पुलिस ने बताया कि घर में टांड (सामान रखने की जगह) पर एक शव को छिपा कर रखा गया था।

# ईमेल से नार्थ ब्लॉक को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने बताया फर्जी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के स्कूलों और अस्पतालों के बाद अब दिल्ली में सत्ता तथा सुरक्षा के महत्वपूर्ण स्तंभ माने जाने वाले नार्थ ब्लॉक को बम से उड़ाने की बुधवार को धमकी दी गई हालांकि भवन की जांच के बाद पुलिस ने इस ई-मेल को फर्जी करार दिया। सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय गृह तथा वित्त मंत्रालय के कार्यालय वाले भवन नार्थ ब्लॉक को बम से उड़ाने से संबंधित एक ई-मेल बुधवार को एक अधिकारी को भेजा गया था। अधिकारी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद समूचे भवन की जांच और खोजबीन की गई। जांच में किसी तरह की संदिग्ध चीज नहीं मिलने के बाद पुलिस ने कहा कि यह ई-मेल फर्जी था। इससे पहले पुलिस ने गृह मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के कार्यालयों को खाली करा लिया था।

## टिप्पणी को लेकर गिरफ्तार सोशल मीडिया के भीकू म्हात्रे को मिली जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु की एक स्थानीय अदालत ने कांग्रेस के घोषणापत्र के संबंध में कथित टिप्पणियों को लेकर गोवा से गिरफ्तार किए गए विनीत नाइक उर्फ भीकू म्हात्रे को बुधवार को अंतरिम जमानत दी गई।

बेंगलुरु शहर के 45वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) की अदालत ने सोशल मीडिया पर भीकू म्हात्रे के नाम से मशहूर नाइक को अंतरिम जमानत दी। उन्हें कर्नाटक पुलिस ने गोवा से गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ 21 मई को साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज किया गया था।

# नकदी बरामद न होना इस बात का सबूत नहीं हो सकता कि भ्रष्टाचार नहीं हुआ: न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार करते हुए की टिप्पणी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा है कि नकदी बरामद न होना प्रथम दृष्टया इस बात का सबूत नहीं हो सकता कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है क्योंकि अपराधी अपराध के लिए नयी तकनीकों का इस्तेमाल कर सकता है ताकि कोई सुराग बाकी न रहे।

उच्च न्यायालय ने कहा कि वह जांच के दौरान दर्ज किए गए कुछ हवाला डीलरों और अन्य गवाहों के




बयानों के मद्देनजर सिसोदिया की इस दलील को स्वीकार नहीं कर सकता कि उनके पास से नकदी बरामद नहीं हुई। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कथित आबकारी घोटाले के संबंध में क्रमशः सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार व धन शोधन मामलों में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी। दोनों याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दी गई थीं, लेकिन विस्तृत आदेश बुधवार को उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर डाला गया। उच्च न्यायालय ने कहा-इस अदालत का मानना है कि अभियोजन पक्ष ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ पीएमएलए की धारा 3 के तहत धनशोधन का मामला बनाया है। ध्यान दिया जाना चाहिए कि कई आरोपियों की मिलीभगत वाली साजिश का हिस्सा होने के आरोपी व्यक्ति के पास से नकदी बरामद होना धनशोधन मामले में अनिवार्य आवश्यकता नहीं है।

## रांची के पोल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू का प्रकोप, 920 पक्षियों को मारा गया

**रांची।** झारखंड सरकार ने राजधानी रांची के एक पोल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद बुधवार को एक अलर्ट जारी किया। एक अधिकारी ने बताया कि मोराबादी में राम कृष्ण आश्रम द्वारा संचालित पोल्ट्री फॉर्म 'दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र' में 770 बत्तखों समेत 920 पक्षियों को मार दिया गया। उन्होंने बताया कि कुल 4,300 अंडों को भी नष्ट कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि भोपाल में आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान को भेजे गए नमूनों में एविएन इन्फ्लूएंजा ए वायरस के एक प्रकार एच5एन1 की पुष्टि हुई है।

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

## ब्राजील के न्यूम्स से भिड़ेंगे नीरज गोयत

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज नीरज गोयत महान मुक्केबाज माइक टाइसन और जैक पॉल के बीच टेक्सास के एलिंगटन में 20 जुलाई को होने वाले मुकाबले के दौरान ब्राजील के विंडरसन न्यून्स से भिड़ेंगे।



गोयत और न्यून्स में छह दौर का सुपर मिडिलवेट अंडरकार्ड (जो उस दिन का मुख्य मुकाबला नहीं हो) मुकाबला होगा। मुख्य मुकाबला टाइसन और पॉल के बीच आठ दौर का हैवीवेट होगा। इसी दिन केटी टेलर और अमांडा सेरानो के बीच 10 दौर का निर्विरोध सुपर लाइटवेट विश्व खिताब महिला मुक्केबाजी मुकाबला होगा।

# खिताब का इंतजार कर रही बेंगलुरु बाहर

## राजस्थान ने एलिमिनेटर मैच 4 विकेट से जीता, 24 को हैदराबाद से मुकाबला, यशस्वी-पराग की अहम पारियां

**अहमदाबाद, एजेंसी**

राजस्थान ने बुधवार को एलिमिनेटर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चार विकेट से हराकर 24 मई को होने वाले दूसरे क्वालीफायर में जगह बनाई, जिसमें उसकी भिड़ंत चेन्नई में हैदराबाद से होगी।

टॉस जीतकर राजस्थान ने गेंदबाजों के शानदार प्रयास से बेंगलुरु को आठ विकेट पर 172 रन ही बनाने दिए। फिर सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (45) और रियान पराग (36) की पारियों के बाद शिमरोन हेटमायर (26) और रोवमैन पावेल (नाबाद 16) के योगदान से टीम ने 19 ओवर में छह विकेट पर 174 रन बनाकर दूसरे क्वालीफायर में जगह बनाई। यशस्वी और टॉम कोहलर कैडमोर ने पहले विकेट के लिए 46 रन बनाये। लॉकी फर्ग्यूसन ने कैडमोर को बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ी। जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन अच्छी लय में दिख रहे थे। कैमरन ने 10वें ओवर में जायसवाल की पारी खत्म की। अगले ही ओवर में सैमसन भी कर्ण शर्मा का शिकार हुए। ध्रुव जुरेल 8 रन पर रन आउट हुए।

हेटमायर और पराग ने 16वें ओवर में एक एक छक्का लगाया, जिससे इस ओवर में 17 रन बने। हेटमायर ने अपनी पारी में 14 गेंद में तीन चौके और एक छक्के लगाया। अंतिम दो ओवर में जीत क लिए 13 रन चाहिए थे। पावेल ने फर्ग्यूसन पर दो चौके जड़कर अपनी टीम की जीत पक्की की। पावेल ने आठ गेंद की नाबाद पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। राजस्थान के गेंदबाजों ने ट्रेंट बोल्ट की अगुआई में नियमित अंतराल पर विकेट लेकर आरसीबी को बड़ी साझेदारी नहीं करने दी। बोल्ट ने 3 ओवर में छह रन देकर एक विकेट लिया था। वहीं, रविचंद्रन अश्विन ने 19 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने कैमरून ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल के विकेट लेकर अच्छी गेंदबाजी की, जिसके बाद आवेश खान ने 44 रन देकर 3 विकेट लिए। राजस्थान के लिए गेंदबाजी के अलावा क्षेत्ररक्षकों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

पावेल ने दो शानदार कैच लपक कर आरसीबी की रन गति पर लगाम कसी। पावेल ने पावरप्ले में बोल्ट की गेंदबाजी पर फाफ डुप्लेसी का कैच लपका। पावेल डीप मिडविकेट से दौड़कर आये और डाइव करते हुए कैच लपका। बोल्ट ने अपनी स्विंग और लाइन से रन गति पर लगाम कसे रखी। संदीप शर्मा ने दो ओवरों में 25 रन और अवेश ने एक ओवर में 17 रन दिए, जिससे आरसीबी ने पावरप्ले में 1 विकेट पर 50 रन बना लिया। विराट कोहली लंबी पारी के लिए बेताब थे, लेकिन युजवेंद्र ने आठवें ओवर में उनका विकेट ले लिया। डीप मिडविकेट पर स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक डोनोवन फरेरा ने अपने सिर के ऊपर से कैच लपका। ग्रीन ने अश्विन पर 1 छक्का और 1 चौका लगाया, लेकिन 13वें ओवर में गलत टाइमिंग से पावेल के हाथों कैच हो गए। मैक्सवेल का खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह अश्विन का शिकार हुए। पाटीदार अच्छी लय में थे, लेकिन आवेश की शॉर्ट गेंद पर रियान पराग को कैच दे बैठे। महिपाल लोमरोर ने 32 रन बनाकर आरसीबी की रन गति बढ़ाई। दिनेश कार्तिक को पगबाधा करार दिया गया लेकिन डीआरएस से इस फैसले को पलट दिया गया।





अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे मैच के दौरान शॉट लगाते राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जयसवाल (बाएं)। वहीं, बेंगलुरु के खिलाड़ी कैमरन ग्रीन ने राजस्थान के ध्रुव जुरेल को रन आउट किया (ऊपर)।

### बेंगलुरु 172/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त: 4

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविराट कोहली का सब बो चहल | 33 | 24 | 3/1 |
| फाफ डुप्लेसी का पावेल बो बोल्ट | 17 | 14 | 2/1 |
| कैमरन ग्रीन का पावेल बो अश्विन | 27 | 21 | 2/1 |
| रजत पाटीदार का पराग बो आवेश खान | 34 | 22 | 2/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल का जुरेल बो अश्विन | 00 | 01 | 0/0 |
| महिपाल लोमरोर का पावेल बो आवेश खान | 32 | 17 | 2/2 |
| दिनेश कार्तिक का जायसवाल बो आवेश खान | 11 | 13 | 1/0 |
| स्वप्निल सिंह नाबाद | 09 | 4 | 0/1 |
| कर्ण शर्मा का पावेल बो संदीप शर्मा | 05 | 4 | 1/0 |

**गेंदबाजी:** ट्रेंट बोल्ट 4-0-16-1, संदीप शर्मा 4-0-48-1, आवेश खान 4-0-44-3, रविचंद्रन अश्विन 4-0-19-2, युजवेंद्र चहल 4-0-43-1

### राजस्थान 174/6 — 19 ओवर, अतिरिक्त: 6

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी कैच कार्तिक बो कैमरन ग्रीन | 45 | 30 | 8/0 |
| टॉम कोहलर कैडमोर बो फ़र्ग्युसन | 20 | 15 | 4/0 |
| संजू सैमसन स्टंपिंग कार्तिक बो कर्ण | 17 | 13 | 0/1 |
| रियान पराग बो सिराज | 36 | 26 | 2/2 |
| ध्रुव जुरेल रन आउट (कोहली/कैमरन ग्रीन) | 08 | 08 | 1/0 |
| शिमरॉन हेटमायर कैच डुप्लेसी बो सिराज | 26 | 14 | 3/1 |
| रोवमन पॉवेल नाबाद | 16 | 08 | 2/1 |
| रवि अश्विन नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**गेंदबाजी:** स्वप्निल सिंह2-0-19-0, मोहम्मद सिराज 4-0-33-2, यश दयाल 3-0-37-0, लॉकी फर्ग्यूसन 4-0-37-1, कर्ण शर्मा 2-0-19-1

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 14 | 9 | 3 | 20 | 2 | +1.428 |
| हैदराबाद (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.414 |
| राजस्थान (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.273 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

# सिंधू मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

**कुआलालंपुर, एजेंसी**



ब्रेक से वापसी करने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर को सीधे गेम में हराकर मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई।

दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया था। उन्होंने गिलमोर को 21-17, 21-16 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पिछले साल घुटने की चोट के बाद वापसी के साथ कई करीबी मुकाबले हार गई हैं। अब उनका इरादा यहां अच्छा प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक की तैयारी पुख्ता करने का होगा। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने आखिरी बार खिताब 2022 सिंगापुर ओपन में जीता था। अब उनका सामना कोरिया की सिम यू जिन से होगा। मिश्रित युगल में विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने हांगकांग के क्वालीफायर लुइ चुन वाइ और फु चि यान को 21-15, 12-21, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त मलेशिया के चेन तांग जि और तोह ई वेइ से होगा।

# सचिन ने अपना स्वर्ण पदक रखा बरकरार

**कोबे (जापान), एजेंसी**

**विश्व पैरा एथलेटिक्स**



- टूर्नामेंट में भारत ने अब तक पांच स्वर्ण समेत कुल 11 पदक जीते

भारत के सचिन सर्जेराव ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों के शॉटपुट एफ46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता और टूर्नामेंट में भारत के अब पांच स्वर्ण समेत 11 पदक है। इससे पहले भारत ने 2023 में पेरिस में तीन स्वर्ण समेत दस पदक जीते थे।

सचिन ने 10.30 मीटर का थ्रो फेंककर 16.21 मीटर का अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। पैरा एथलेटिक्स स्पर्धाओं में एफ46 श्रेणी उन लोगों के लिए है, जिनकी एक या दोनों भुजाओं की गतिविधि मामूली रूप से प्रभावित है या जिनके हाथ-पैर नहीं हैं। इन एथलीटों को कूल्हों और पैरों की ताकत से थ्रो करना होता है।

महाराष्ट्र के सांगली जिले के सचिन स्कूली दिनों में दुर्घटना का शिकार हो गए थे, जिससे उन्होंने कोहनी की मांसपेशियां गंवा दी। कई सर्जरी के बावजूद वह ठीक नहीं हो सके। सचिन ने स्वर्ण जीतने के बाद कहा कि मैं इसकी ही उम्मीद कर रहा था और मैं बहुत खुश हूं। मैं पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुका हूं और वहां भी स्वर्ण जीतने की कोशिश करूंगा। अभी टूर्नामेंट के तीन दिन बाकी है और कोच सत्यनारायण को पदक संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हमें दो और स्वर्ण की उम्मीद है। पदकों की संख्या 17 तक जानी चाहिए। इससे पहले कल पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने एफ64 भाला फेंक में स्वर्ण पदक बरकरार रखा था। थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी स्वर्ण जीते थे।

## खेल डायरी

### पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हसन टीम से रिलीज

**कराची।** पाकिस्तान ने बुधवार को तेज गेंदबाज हसन अली को इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में पहले टी-20 मैच से पूर्व टीम से रिलीज कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि सीनियर तेज गेंदबाज हारिस रऊफ फिट हो चुके हैं लिहाजा हसन को इंग्लिश काउंटी क्रिकेट खेलने के लिये फारिग कर दिया गया है। हसन को हारिस के कवर के तौर पर 18 सदस्यीय टीम में चुना गया था। हारिस फरवरी से ग्रोइन की चोट से जूझ रहे हैं। हसन ने आयरलैंड के खिलाफ एक टी-20 मैच खेला, लेकिन काफी महंगे साबित हुए थे। पाकिस्तान ने अभी तक अगले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिये 15 सदस्यीय टीम नहीं चुनी है।

### महिला जू. टीम ने डच हॉकी क्लब को हराया

**ब्रेडा (नीदरलैंड)।** हिना बानो और कनिका सिवाच के गोलों की मदद से भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने यूरोप दौरे की शुरुआत नीदरलैंड के क्लब ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश को 2-0 से हराकर की। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद दोनों टीमों ने एक दूसरे को आजमाया। भारत के लिए हिना ने पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल किया। इससे पहले तीन पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए थे। मेजबान टीम को तीसरे क्वार्टर में मिले तीनों पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। भारत के लिए दूसरा गोल कनिका ने चौथे क्वार्टर में दागा। भारतीय जूनियर टीम अब बुधवार शाम को यहां बेल्जियम के खिलाफ अगला मैच खेलेगी।

### नोएडा एफसी ने गढ़वाल यूनाइटेड को हराया

**नई दिल्ली।** नेहरू स्टेडियम पर खेले जा रहे ए डिवीजन मुकाबलों में नोएडा एफसी ने गढ़वाल यूनाइटेड को प्लेयर ऑफ द मैच मनीष सुयाल के गोल से पराजित किया। वहीं दूसरे मुकाबले में वारियर को यंग ब्वायज ने 2-2 पर रोक कर अंक बांट लिए। वारियर के लिए लालजामराविया और मोहन ने गोल किए तो यंग ब्वायज के दोनों गोल मोइरांगदम ने जमाए। विनोद नगर मैदान पर खेले गए सीनियर डिवीजन रेलिगेशन राउंड मैचों में जगुआर एफसी ने गढ़वाल डायमंड को गोल शून्य बराबरी पर रोक अंक बांटे। दोनों टीमों ने कमजोर निशाने लगा कर गोल जमाने के मौके बेकार किए और अंक बांट लिए।

### थिएम क्वालीफायर के दूसरे दौर में बाहर

**पेरिस।** दो बार के फ्रेंच ओपन उप विजेता डोमिनिक थिएम बुधवार को रोलां गैरां टेनिस क्वालीफायर के दूसरे दौर के मैच में हार गए। यह फ्रेंच ओपन का उनका अंतिम मैच भी रहा। वह 11वीं और अंतिम बार क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में जगह नहीं बना सके। 17 खिताब जीतने वाले थिएम को क्वालीफायर के दूसरे दौर में ओटो विरटानेन से 2-6, 5-7 से हार मिली। आस्ट्रिया के थिएम 2018 और 2019 रोलां गैरां फाइनल में पहुंचे थे। कलाई की चोट से वह वापसी करने में जूझते रहे जिससे इस महीने के अंत में उन्होंने साल के अंत में संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। हार के बावजूद उन्हें दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाकर विदाई दी।

# महिला टीम फाइनल में, कांस्य से चूके पुरुष

**येचियोन (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

**तीरंदाजी विश्व कप**

- विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान की टीम तुर्की से होगा मुकाबला



दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम विश्व कप में लगातार दूसरे स्वर्ण पदक की ओर बढाते हुए फाइनल में पहुंच गई, लेकिन पुरुष कंपाउंड टीम दूसरे चरण में कांस्य पदक से चूकने के बाद खाली हाथ लौटेगी।

महिला टीम की तिकड़ी ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने शंघाई में पिछले महीने पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने दुनिया की चौथे नंबर की टीम अमेरिका को सेमीफाइनल में 233-229 से हराया। अब उनका सामना विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज तुर्की से होगा। तुर्की ने दक्षिण कोरिया को 234-233 से हराया। भारतीय महिला टीम को क्वार्टर फाइनल तक बाय मिला था। अंतिम आठ में उसने इटली को 236-234 से हराया।

भारतीय पुरुष तिकड़ी प्रियांश, प्रथमेश फुगे और अभिषेक वर्मा शूट आफ में आस्ट्रेलिया से 133-133 (10 -10 *) से हार गए। दोनों टीमों का स्कोर बराबर था, लेकिन आस्ट्रेलिया ने सेंटर के करीब दो तीर अधिक लगाकर बाजी मारी। तरुणदीप राय और दीपिका रिकर्व वर्ग में अपने अपने क्वालीफायर में क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। एशियाई खेल 2010 के रजत पदक विजेता राय ने 681 अंक लेकर छठा स्थान पाया जबकि धीरज बोम्मादेवरा 11वें स्थान पर रहे। भारतीय टीम दूसरे स्थान पर रही और अब विपरीत ड्रॉ में खेलेंगी। भारतीय पुरुष टीम ने शंघाई में पिछले महीने विश्व चैम्पियन दक्षिण कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। महिला व्यक्तिगत वर्ग में दीपिका एक अंक से शीर्ष तीन में रहने से चूक गई। भजन कौर 34वें और अंकिता भकत 49वें स्थान पर रही। महिला टीम छठे स्थान पर रही। राय और दीपिका मिश्रित रिकर्व टीम वर्ग में दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

# भारतीय पुरुष टीम ने अर्जेंटीना को शूटआउट में 5-4 से हराया

**एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी**

**एफआईएच प्रो लीग**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में निर्धारित समय में 2-2 से बराबरी पर रहने के बाद शूटआउट में अर्जेंटीना को 5-4 से हराने में सफल रही। भारत के लिए मनदीप सिंह (11वें मिनट) और ललित उपाध्याय ने मैदानी गोल दागे जबकि अर्जेंटीना की ओर से लुकास मार्टिनेज (20वें) और टॉमस डोमेने (60वें) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किये।

शूटआउट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह व सुखजीत सिंह ने दो दो जबकि अभिषेक ने एक गोल किया। पहले हाफ में भारत और अर्जेंटीना में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में दबदबा बनाया लेकिन उससे एक पायदान निचली रैंकिंग वाली अर्जेंटीना ने अगले 15 मिनट में बेहतर खेल दिखाया। भारतीयों ने सकारात्मक शुरुआत की और संजय ने पांचवें मिनट में पहला शॉट लगाया, लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर टॉमस सैंटियागो काफी सतर्क थे और उन्होंने 'रिवर्स हिट' का अच्छा बचाव किया। भारत को हालांकि गोल के लिए ज्यादा देर तक इतंजार नहीं करना पड़ा।

## बॉलीवुड हलचल

### ऑनस्क्रीन क्रिकेटर बनने के लिए जाह्नवी ने की कड़ी मेहनत



**मुंबई।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने ऑनस्क्रीन क्रिकेटर बनने के लिए कड़ी मेहनत की है। जाह्नवी इन दिनों फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा में हैं। जाह्नवी और राजकुमार राव अभिनीत इस स्पोर्ट्स ड्रामा का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। जाह्नवी ने बताया है कि इस फिल्म के लिए वह आईपीएल टीम के साथ घंटों प्रैक्टिस करती थीं। मेकर्स की तरफ से हाल ही में मेकिंग वीडियो रिलीज किया गया है, जिसमें जाह्नवी अपनी तैयारियों का ब्योरा देती नजर आ रही हैं। जाह्नवी ने बताया है कि क्रिकेटर की भूमिका निभाने के लिए मैंने घंटों नेट्स में पसीना बहाया है। मैंने चोटों का भी सामना किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के बैटिंग कोच अभिषेक नायर ने मेरी सहायता की और खेलने का सही तरीका बताया। मेरा डेली रुटीन 5-6 घंटे तक ट्रेनिंग सेशन में गुजरता था, जिसमें क्रिकेट, जिम वर्कआउट और अन्य वर्कशॉप थे। ये सिलसिला लंबे समय तक चला और तब जाकर मैंने फिल्म के लिए खुद को तैयार किया है। फिल्म राजेश शर्मा, कुमुद मिश्रा, अभिषेक बनर्जी, जरीना वहाब और अर्जित तनेजा जैसे कलाकार भी हैं। शरन शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 31 मई को रिलीज होगी।



### संजय दत्त ने नहीं छोड़ी वेलकम टू द जंगल



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त ने अक्षय कुमार की फिल्म वेलकम टू द जंगल छोड़ दी है। बॉलीवुड में चर्चा है कि संजय दत्त ने 'वेलकम टू द जंगल' से किनारा कर लिया है। इसके पीछे वजह बताई गयी कि संजय दत्त ने अक्षय कुमार से अनबन के कारण यह फिल्म छोड़ दी है, लेकिन अक्षय कुमार के साथ उनकी अनबन की अफवाह बेबुनियाद है। वेलकम टू द जंगल से संजय दत्त महीनों पहले अलग हो चुके हैं। इसके पीछे कारण उनकी हेल्थ बनी है। कैंसर के इलाज के चलते संजय दत्त फिल्म के एक्शन सीक्वेंस नहीं कर सकते थे। इसलिए उन्होंने वेलकम टू द जंगल से खुद को बाहर कर लिया है। संजय दत्त फिल्म को लेकर एक्साइटेड थे और उन्होंने शूटिंग भी शुरू कर दी थी। दुर्भाग्य से, कुछ महीने पहले मड आइलैंड में सिर्फ एक दिन की शूटिंग पूरी करने के बाद, उन्होंने निर्देशक को बताया कि वो कैंसर से लड़ाई और उसके बाद के ट्रीटमेंट के बाद हेल्थ इशू की वजह से शूटिंग जारी नहीं रख सकते।

**विश्व चैंपियन को हरा चुके युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में चलेंगे अपनी चाल**

# कार्लसन से खेलना मेरे लिए चुनौती नहीं : प्रज्ञानानंदा

**स्टवांगर (नॉर्वे), एजेंसी**



कई बार मैग्नस कार्लसन को पराजित करने के बाद युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को लगता है कि जब वह 27 मई से यहां शुरू हो रहे नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में कई दफा के विश्व चैंपियन से उनके ही देश में भिड़ेंगे तो उन पर कोई दबाव नहीं होगा। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम बार 33 साल के कार्लसन को इस महीने के शुरु में वारसॉ में ग्रैंड शतरंज टूर के सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में मात दी थी। प्रज्ञानानंदा के साथ उनकी बहन आर वैशाली भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। वैशाली पहली बार नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में खेलेंगी।

प्रज्ञानानंदा ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैग्नस से उनके देश में खेलना मेरे लिए कोई चुनौती है। वैसे यह देश में खेलने वाले खिलाड़ी के लिए मायने रखता है लेकिन मेरे लिए नहीं। इस 11 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में घरेलू दावेदार कार्लसन के अलावा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। पिछले साल फिडे विश्व कप में कार्लसन से अपनी प्रतिद्वंद्विता के बारे में भारतीय ग्रैंडमास्टर ने कहा कि यहां का अनुभव उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं में मदद करेगा। प्रज्ञानांनदा ने कहा कि मुझे हमेशा अच्छी चुनौती में मजा आता है। पिछले साल विश्वकप के बाद यह मेरा उनके साथ पहला क्लासिकल मुकाबला होगा। मैं उनके साथ खेलने के लिए उत्साहित हूं और अन्य के खिलाफ खेलने के लिए भी बेताब हूं। इसमें कोई शक नहीं कि यहां का अनुभव मुझे भविष्य में मदद करेगा। 18 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि काफी मजबूत दावेदार टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। अभी तक मैं जितने भी टूर्नामेंट खेला हूं, उसमें मुझे यह शायद सबसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी लग रहे हैं। मेरे लिए यह अच्छा मौका है और मैं चुनौती देकर अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि इस साल का कार्यक्रम काफी व्यस्त है। नॉर्वे शतरंज के बाद मैं शतरंज ओलंपियाड के लिए बुडापेस्ट जाऊंगा। मैं इस साल के अंत में ग्लोबल शतरंज लीग में भी खेलूंगा। इस तरह की रोमांचक लीग होना वास्तव में अच्छा है, जिससे इस खेल को आगे बढ़ने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभी मेरा फोकस नॉर्वे शतरंज पर है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार हूं।

### अपनी बहन वैशाली के प्रदर्शन पर रखेंगे नजर

प्रज्ञानांनदा ने कहा कि वह महिला वर्ग में अपनी बहन वैशाली की प्रगति पर भी नजर रखेंगे। नॉर्वे शतरंज में महिला टूर्नामेंट शुरू होना अच्छा है। यह अच्छी पहल है क्योंकि महिलाओं के लिए ज्यादा टूर्नामेंट नहीं है। इससे अन्य आयोजकों को भी महिलाओं के टूर्नामेंट आयोजित करने का प्रोत्साहन मिलेगा। मेरी बहन भी इसमें खेलेगी। मैं अपनी बहन के प्रदर्शन पर नजर रखूंगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# पुणे कार हादसा : नाबालिग की जमानत रद, 5 जून तक बाल सुधार गृह भेजा

पुणे, एजेंसी

पुणे स्थित किशोर न्याय बोर्ड ने पोर्स कार दुर्घटना के आरोपी नाबालिग को दी गई जमानत बुधवार को रद कर उसे 5 जून तक के लिए बाल सुधार गृह भेज दिया। बोर्ड ने रविवार को दुर्घटना के कुछ घंटों बाद उसे जमानत दे दी थी और सड़क दुर्घटनाओं पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा था, जिसके बाद लोगों ने इस फैसले की भरसक आलोचना की थी। हादसे में दो इंजीनियरों की मौत हो गई थी।

बुधवार को पुलिस ने फिर से बोर्ड का रुख किया और पूर्व में दिये गये आदेश की समीक्षा की मांग करते हुए अपराध की जघन्य प्रकृति के आधार पर आरोपी के साथ नाबालिग के तौर पर नहीं बल्कि बालिग के रूप में व्यवहार करने की मंजूरी मांगी। पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ आईपीसी की कई धाराओं और मोटर वाहन अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी नाबालिग एक रियल स्टेट कारोबारी का बेटा है। पुलिस के मुताबिक, किशोर ने पोर्श कार चलाते हुए रविवार तड़के पुणे शहर के कल्याणी नगर इलाके में मोटरसाइकिल सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को बुरी तरह से टक्कर मारी थी। पोर्श कार कथित तौर पर 17 वर्षीय नाबालिग चला रहा था और दुर्घटना के वक्त वह नशे में था।


पुणे हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार।

### पिता को ले जा रहे पुलिस वाहन पर स्याही फेंकी

**पुणे।** नाबालिग के पिता को स्थानीय अदालत ले जा रही पुलिस के वाहन पर कुछ लोगों ने स्याही फेंक दी। घटना करीब ढाई बजे घटी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि किसी संगठन से जुड़े चार से पांच लोगों ने नाबालिग के पिता को ले जा रहे पुलिस वाहन पर स्याही फेंकने का प्रयास किया।

### नाबालिग के पिता, पब के दो कर्मियों को पुलिस हिरासत में

**पुणे।** पुणे की एक सत्र अदालत ने कार दुर्घटना में शामिल 17 वर्षीय नाबालिग के पिता और एक पब के दो कर्मियों को बुधवार को 24 मई तक की पुलिस हिरासत में भेज दिया। नाबालिग लड़के के पिता और ब्लैक कब पब के कर्मी नितेश शेवाणी व जयेश गावकर को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस.पी. पोंखसे के सामने पेश किया गया। नाबालिग लड़के के पिता एक रियल एस्टेट कारोबारी हैं। नाबालिग ने दुर्घटना से पहले पब में बैठकर कथित रूप से शराब पी थी। पुलिस ने नाबालिग लड़के के पिता और बार के मालिक व कर्मियों के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 और 77 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## अमेरिका में सड़क दुर्घटना में भारतीय मूल के तीन छात्रों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राज्य जॉर्जिया में एक भीषण सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार कार पलट जाने से तीन भारतीय-अमेरिकी छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान श्रिया अवसारला, अन्वि शर्मा और आर्यन जोशी के रूप में की गई है, जो पिछले सप्ताह अल्फारेटा में वेस्टसाइड पार्कवे पर दुर्घटनाग्रस्त हुए वाहन में सवार थे।

सबूतों के आधार पर, यह माना जा रहा है कि चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया था, जिसके बाद कार पलट गई। कार में सवार दो लोग जोशी और अवसारला घटनास्थल पर मृत पाए गए। बाकी तीन लोगों को इलाज के लिए नॉर्थ फुल्टन अस्पताल ले जाया गया। शर्मा ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्र और वाहन चालक रित्वक सोमपल्ली तथा अल्फारेटा हाई स्कूल के छात्र मोहम्मद लियाकत की पहचान घायल हुए अन्य दो छात्रों के रूप में की गई।

# रात में नींद के बजाय चला रहे हैं फेसबुक व इंस्टाग्राम तो बदल लें ये आदत, नहीं तो....

दिनभर के थके-हारे होने के बाद भी बिस्तर पर जाते ही लोग फोन से चिपक जाते हैं। पहले वॉट्सऐप खुला, फिर इंस्टाग्राम और फेसबुक, फिर ट्विटर, यूट्यूब। लिस्ट लंबी है। इंस्टा पर एक रील देखी, फिर दूसरी, फिर तीसरी। एक रील कब 30 में बदल जाती है, पता ही नहीं चलता। हर अगला स्क्रॉल करते हुए यही सोचते हैं कि बस ये लास्ट है। इसके बाद सो जाएंगे। उस वक्त 11 बज रहे होते हैं। और फिर पता चलता है कि आखिरी रील 12:30 बजे देखकर खत्म की। यानी पिछले डेढ़ घंटे से आप स्क्रॉल किए जा रहे थे, रील्स देखे जा रहे थे और अपनी नींद को खराब किए जा रहे थे। 2019 में फिलिप्स ग्लोबल स्लीप द्वारा किए गए एक सर्वे के मुताबिक दुनिया भर के 62% एडल्ट्स को लगता है कि वह पर्याप्त नींद नहीं ले पाते हैं। सप्ताह भर में औसतन उन्हें 6.8 घंटे ही नींद आती है, जबकि हर एडल्ट को 8 घंटे की नींद लेनी चाहिए। नींद आ भी रही है कि लेकिन स्क्रॉलिंग जारी है। कितनी भी झपकियां और उबासियां आएं, लेकिन नींद को दरकिनार कर हम फोन चलाए जा रहे हैं। मनोविज्ञान की भाषा में इसे रिवेंज बेड-टाइम प्रोक्रैस्टिनेशन कहते हैं।

### बेहतर नहीं बॉडी और ब्रेन को रिचार्ज करती है

नींद एक प्रकार से बॉडी और ब्रेन को रिचार्ज करने का काम करती है, जिससे आप जागने पर तरोताजा और एनर्जेटिक फील करते हैं। इससे कई गंभीर बीमारियों का जोखिम कम होता है। नींद न आने की समस्या हो रही है तो डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।



### सीधा असर परफॉर्मेंस पर पड़ेगा

जब आप देर रात तक जागकर सुबह जल्दी उठेंगे और काम पर जाएंगे तो इसका सीधा असर परफॉर्मेंस पर पड़ेगा। नींद के दौरान हमारे शरीर के ज्यादातर बॉडी ऑर्गन्स आराम करते हैं। नींद में शरीर खुद को तरोताजा करता है और इम्यूनिटी बढ़ाता है। यानी नींद में हमारा शरीर बाइक और कार की तरह सर्विसिंग प्रोसेस से गुजरता है। कम नींद का मतलब है बॉडी को रिकवरी का टाइम न मिलना।

### रिवेंज बेडटाइम प्रोक्रैस्टिनेशन क्या है?

रिवेंज बेडटाइम प्रोक्रैस्टिनेशन का मतलब है, जब दिन भर के काम से थकने के बाद भी कोई सोने बजाय बिस्तर पर फोन चलाना पसंद करता है। यह फोन के सहारे नींद और थकान को टालने जैसा है। लोग सोचते हैं कि दिन भर की व्यस्तता के बाद वे कुछ घंटे खुद को दे रहे हैं।

### नकारात्मक परिणाम हो सकते

नींद की कमी के कारण कई तरह के नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं। अपर्याप्त नींद की वजह से तनाव बढ़ता है, हार्ट डिजीज या इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है। नकारात्मक बदलाव देखने को मिलता है।

### नौकरी वालों पर प्रभाव ज्यादा

रिवेंज बेडटाइम प्रोक्रैस्टिनेशन से सबसे अधिक प्रभावित ज्यादा तनाव वाली नौकरी करने वाले लोग या वर्क-लाइफ के बीच संतुलन न रखने वाले लोग हो सकते हैं। जो रात में घंटों जागते हैं, वे भी इसका शिकार हो सकते हैं।

## एक नजर

### श्रीलंका के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक करेंगे जांच

**कोलंबो।** श्रीलंकाई पुलिस ने बुधवार को कहा कि गुजरात में गिरफ्तार किए गए उसके चार नागरिकों की जांच के लिए गठित दल का नेतृत्व एक वरिष्ठ उप महानिरीक्षक करेंगे। श्रीलंका के चार नागरिकों को भारत में गिरफ्तार किया गया था, जब वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) की तरफ से आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के एक कथित मिशन पर थे। श्रीलंका के पुलिस महानिरीक्षक देशबंदु तेन्नाकून ने कहा कि वरिष्ठ उप महानिरीक्षक की अगुवाई में जांच दल का गठन किया है।

### वायुमंडलीय विक्षोभ : सहयोग कर रही सिंगापुर एयरलाइंस

**सिंगापुर।** सिंगापुर एयरलाइंस ने बुधवार को कहा कि वह लंदन से सिंगापुर की उड़ान में अचानक वायुमंडलीय विक्षोभ (टर्बुलेंस) के कारण एक यात्री की मौत और 30 अन्य के घायल होने की घटना की जांच में संबंधित प्राधिकारियों के साथ पूरी तरह सहयोग कर रही है। एयर लाइंस के अधिकारियों ने बताया कि सिंगापुर से एक विशेष एसआईए दल हमारे सहकर्मियों और स्थानीय प्राधिकारियों की मदद करने के लिए बैंकॉक पहुंचा है। हम एसक्यू321 के यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को हरसंभव सहयोग मुहैया करा रहे हैं।

### 2005 के ऑस्कर विजेता एपी कचमारेक का निधन

**वारसॉ।** फिल्म फाइंडिंग नेवरलैंड के संगीत के लिए 2005 का ऑस्कर जीतने वाले पोलिश संगीतकार जान ए.पी. कचमारेक का मंगलवार को निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। निधन की जानकारी पोलैंड के संगीत फाउंडेशन द्वारा की गई। फाउंडेशन को संगीतकार की पत्नी ने उनके निधन की सूचना दी थी। कचमारेक एमएसए से पीड़ित थे, जो एक दुर्लभ स्नायु संबंधी विकार है। उन्होंने यूरोप और हॉलीवुड में बनी फिल्मों के लिए संगीत तैयार किया था।

### पीटीआई नेता पर हमले की जांच के लिए समिति बनाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने बुधवार को कहा कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक वरिष्ठ नेता पर एक दिन पहले हुए हमले की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की गयी है। इस हमले को अफसोसजनक एवं दुखद करार देते हुए कानून मंत्री ने सीनेट के सत्र में कहा कि ऐसे हमले नहीं होने चाहिए। जियो न्यूज के अनुसार तरार ने कहा सरकार (पीटीआई नेता) रऊफ हसन पर हमले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर है कि इमरान खान की पार्टी के सूचना सचिव रऊफ हसन पर हमले के सिलसिले में इस्लामाबाद के अबपारा थाने में हत्या एवं हत्या के प्रयास के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### रूस के हमलों के कारण कीव में अंधेरा छाया

**कीव।** यूक्रेन के बिजली ग्रिड पर हाल के सप्ताहों में रूस के लगातार हमलों ने युद्धग्रस्त देश के नेताओं को देशभर में बिजली कटौती करने के लिए मजबूर कर दिया है। रूस मार्च से बिजली ग्रिड पर हवाई हमले कर रहा है जिसके कारण राजधानी कीव तक में अंधेरा छा गया है। रूस द्वारा अप्रैल में किए हमले में कीव का सबसे बड़ा ताप विद्युत संयंत्र तबाह हो गया था और आठ मई को कई क्षेत्रों में बिजली उत्पादन तथा ट्रांसमिशन सुविधाओं को निशाना बनाते हुए एक बड़ा हमला किया गया था। विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि कुल मिलाकर यूक्रेन की आधी ऊर्जा प्रणाली नष्ट हो गयी है।

# तीन देशों ने फिलिस्तीन को दी मान्यता, बौखलाया इजराइल

## नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने उठाया ऐतिहासिक कदम, फिलिस्तीन ने खुशी जताई

तेल अवीव, एजेंसी

- फिलिस्तीन को औपचारिक तौर पर देश के रूप में 28 मई को दी जाएगी मान्यता
- इजराइल ने की आलोचना, नॉर्वे तथा आयरलैंड से अपने राजदूतों को वापस बुलाने का दिया आदेश

नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बुधवार को फिलिस्तीन को बतौर देश के तौर पर मान्यता देने का फैसला किया। इस निर्णय की जहां इजराइल ने आलोचना की है वहीं, फिलिस्तीन ने खुशी जताई है। तीनों देशों के इस फैसले से बौखलाए इजराइल ने नॉर्वे तथा आयरलैंड से अपने राजदूतों को वापस बुलाने का आदेश दिया है। फिलिस्तीन को औपचारिक तौर पर देश के रूप में मान्यता 28 मई को दी जाएगी। यह कदम फिलिस्तीन की लंबे समय से की जा रही मांग के अनुरूप है।

इस बीच, यरुशलम में घोर दक्षिणपंथी सरकार के एक मंत्री ने यहूदी और मुस्लिमों के लिए पवित्र माने जाने वाले स्थल का दौरा किया। यह स्थल यहूदियों और मुस्लिमों के बीच विवाद की जड़ है। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामर बेन-गिर ने अल-अक्सा मस्जिद परिसर का दौरा किया जिसे यहूदी टेम्पल माउंट कहते हैं। इससे क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका है।



अमेरिका में मिशिगन विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन पक्ष में प्रदर्शन करते लोग।

### मिशिगन विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थकों के शिविर को तोड़ा गया

**अमेरिका।** पुलिस ने जन सुरक्षा का हवाला देते हुए मिशिगन विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थकों के एक शिविर को तोड़ दिया और लगभग 50 लोगों को बाहर निकाल दिया। इस दौरान पुलिसकर्मी हैलमेट पहने हुए थे और चेहरे पर बचाव के लिए शील्ड लगाए थे। यह स्थान दशकों से कैंपस में विरोध प्रदर्शन का स्थान रहा है। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलिस्तीन समर्थक छात्र समूहों के एक गुट ने सोशल मीडिया पर कहा हम नहीं रुकेंगे, हम थकेंगे नहीं।

### फिलिस्तीन को मान्यता एक ही संदेश दे रही कि आतंकवाद का फल मिलता है : इजराइल

इजराइल के विदेश मंत्री कैट्ज ने इन कदमों की निंदा की है। उन्होंने आयरलैंड तथा नॉर्वे से इजराइल के राजदूतों को तुरंत देश लौटने का आदेश दिया है। उन्होंने स्पेन की घोषणा से पहले यह आदेश दिया था। कैट्ज ने कहा आयरलैंड और नॉर्वे फिलिस्तीन और पूरी दुनिया को यह संदेश भेजना चाहते हैं कि आतंकवाद का फल मिलता है। उन्होंने कहा कि इस मान्यता से गाजा में बंधक इजराइल के बंधकों को घर वापस लाने के प्रयास बाधित हो सकते हैं।

सबसे पहले नॉर्वे ने फिलिस्तीन देश को मान्यता देने के फैसले की घोषणा की। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनस गार स्तूर ने कहा अगर मान्यता नहीं दी गयी तो पश्चिम एशिया में शांति स्थापित नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि नॉर्वे 28 मई तक फलस्तीन को देश के तौर पर मान्यता दे देगा। हालांकि नार्वे यूरोपीय संघ का सदस्य नहीं है लेकिन इस मुद्दे पर उसका रुख भी यूरोपीय संघ के अन्य सदस्यों के समान है।

## भारतीय मूल के खगोल वैज्ञानिक शॉ पुरस्कार से होंगे सम्मानित

**हांगकांग।** अमेरिका में भारतीय मूल के प्रोफेसर और खगोल वैज्ञानिक श्रीनिवास आर.कुलकर्णी को खगोल विज्ञान के लिए प्रतिष्ठित शॉ पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें मिलीसेकंड पल्सर, गामा-किरण विस्फोट, सुपरनोवा और अन्य परिवर्तनशील या क्षणिक खगोलीय पिंडों के बारे में उनकी अभूतपूर्व खोजों के लिए दिया जाएगा है। कुलकर्णी कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भौतिकी, गणित और खगोल विज्ञान विभाग के जॉर्ज एलेरी हेल खगोल विज्ञान और ग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं।



कुलकर्णी के अलावा स्वी ले थीन और स्टुअर्ट ऑर्किन को क्रमशः जीव विज्ञान और चिकित्सा के लिए साझा रूप से शॉ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। दोनों अमेरिका के हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक पीटर सरनाक को गणितीय विज्ञान के लिए शॉ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। शॉ प्राइज फाउंडेशन ने बताया हर साल तीन श्रेणियों खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान व चिकित्सा और गणितीय विज्ञान में शॉ पुरस्कार दिया जाता है।प्रत्येक श्रेणी में विजेता को 12 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि बतौर पुरस्कार दी जाती है।

# क्या निजी संस्थानों के छात्रों का राष्ट्र निर्माण में योगदान का कोई दायित्व नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- कर्नाटक के निजी विश्वविद्यालय से एमबीबीएस कर रहे पांच छात्रों की याचिका पर कोर्ट ने की सुनवाई

एमबीबीएस कर रहे पांच छात्रों की एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या कोई मेडिकल छात्र सिर्फ इस आधार पर अनिवार्य ग्रामीण सेवा से छूट मांग सकता है कि उसने निजी मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई की है। याचिकाकर्ता पांचों छात्र कर्नाटक के एक मानद विश्वविद्यालय से एमबीबीएस कर रहे हैं। न्यायाधीश न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जस्टिस संजय करोल की अवकाश पीठ मामले की सुनवाई कर रही है।

याचिकाकर्ताओं ने कर्नाटक सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सेवा आयुक्तालय को यह निर्देश दिए जाने का आग्रह किया है कि उन्हें अनिवार्य ग्रामीण सेवा का शपथपत्र दिए बिना आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी किया जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार और अन्य को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब मांगा। याचिकाकर्ताओं ने वकील मीनाक्षी कालरा के माध्यम से दायर याचिका में स्थायी पंजीकरण को स्वीकार करने के लिए कर्नाटक चिकित्सा परिषद को निर्देश दिए जाने का भी आग्रह किया है। पीठ ने कहा आप भारत में जगह-जगह आते-जाते हैं और विभिन्न ग्रामीण इलाकों में काम करते हैं। ऐसा करना बहुत सुंदर काम है।



इसने पूछा कि क्या निजी संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों का राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का कोई दायित्व नहीं है। याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि कर्नाटक सरकार ने मेडिकल पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्रों के लिए कर्नाटक अनिवार्य सेवा प्रशिक्षण अधिनियम, 2012 लागू किया था और बाद में उनके लिए कर्नाटक अनिवार्य सेवा प्रशिक्षण नियम, 2015 लागू किया था। इसके तहत सरकारी विश्वविद्यालयों या निजी/डीम्ड विश्वविद्यालयों में सरकारी सीट पर पढ़ाई करने वाले सभी मेडिकल छात्रों के लिए एक साल ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा करना जरूरी है। इसके बाद ही कर्नाटक चिकित्सा परिषद डॉक्टरों का स्थायी पंजीकरण करती है।

# चार भारतीय नागरिक कनाडा की कोर्ट में पेश

ओटावा, एजेंसी

- खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या के आरोपियों को समुदाय के लोगों से संपर्क नहीं रखने का दिया आदेश

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोपी चार भारतीय नागरिकों को कनाडा की एक अदालत ने समुदाय के लोगों से संपर्क नहीं रखने का आदेश दिया। अदालत में पहली बार सभी आरोपियों को एक साथ पेश किया गया।

चार आरोपियों में से तीन करण बराड़ (22), कमलप्रीत सिंह (22) और करणप्रीत सिंह (28) सरे में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांतीय न्यायालय में प्रत्यक्ष रूप से पेश हुए, वहीं अमनदीप सिंह (22) वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालती कार्यवाही में पेश हुआ। अमनदीप सिंह हथियार से जुड़े एक अन्य मामले में ओंटारियो में हिरासत में है। उसे निज्जर हत्या मामले में दस मई को गिरफ्तार किया गया था।

सीबीसी न्यूज की खबर के अनुसार न्यायाधीश मार्क जेट ने मामले की अगली सुनवाई 25 जून तक के लिए स्थगित की। न्यायाधीश ने एक दुभाषिये के माध्यम से आरोपियों से बात की और उन्हें किसी से संपर्क नहीं करने के दायरे में रखने वाला आदेश सुनाया। अदालत में पेशी के दौरान आरोपियों ने जेल की पोशाक पहनी हुई थी। करण बराड़ के वकील रिचर्ड फॉलर ने वैंकूवर सन से कहा इस मामले से समुदाय को इतना सरोकार क्यों है यह पृष्ठभूमि को देखते हुए पूरी तरह से समझ में आता है।

### अदालत के बाहर निज्जर समर्थकों का विरोध प्रदर्शन

अदालती कार्यवाही में आने वाले लोगों की अदालत में प्रवेश से पहले तलाशी ली गई वहीं निज्जर के समर्थकों ने अदालत के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। खबर में कहा गया है कि सुनवाई के दौरान वकीलों ने लोगों के फोन को प्लास्टिक के एक बैग में रखकर उन्हें अदालत कक्ष से बाहर रखवाया। न्यायाधीश ने पर्यवेक्षकों को चेतावनी दी कि ऑडियो रिकॉर्ड करना और तस्वीरें लेना प्रतिबंधित है।

## श्रद्धांजलि


भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को ईरान के कार्यवाहक राष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर से मुलाकात की और हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी तथा विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन के दुखद निधन पर शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ● एजेंसी

## मैक्सिको के तटीय रिजॉर्ट में हिंसा 12 लोगों की हत्या

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के प्रशांत तट के अकापुल्को रिसॉर्ट में हिंसा की ताजा घटना में कम से कम 12 लोगों की हत्या कर दी गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को दी।

शहर के सार्वजनिक सुरक्षा सचिवालय ने कहा कि सोमवार देर रात रिसॉर्ट के अगुआस ब्लैंकास चौराहे के पास, जेनोवसा कॉन्डोमिनियम के सामने चार पुरुषों और दो महिलाओं के शव पाए गए, जिनके शरीर पर कई गोलियों के घाव थे। मृतकों में कई अर्धनग्न अवस्था में थे और उनमें यातना के लक्षण दिखाई दे रहे थे।

रहस्य — भौतिकी दुनिया की सबसे बड़ी खोज होगी डार्क मैटर

# पीबीएच से खुलेगा अदृश्य डार्क मैटर का रहस्य

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** अदृश्य डार्क मैटर की तलाश में एक महत्वपूर्ण सुराग वैज्ञानिकों के हाथ लगा है, जो प्राइमर्डियल ब्लैक होल (पीबीएच) के गर्भ में छिपा हो सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि डार्क मैटर का रहस्य खुल गया तो भौतिकी की दुनिया की यह अभी तक की सबसे बड़ी खोज होगी।

डार्क मैटर की तलाश में पीबीएच एक महत्वपूर्ण लिंक है, जो इसके अस्तित्व से मिल सकता है। इसके लिए पीबीएच की संपूर्ण जानकारी जुटानी होगी। यदि इसकी जानकारी सामने आ गई तो निश्चित ही अदृश्य डार्क मैटर का रहस्य दृश्यमान हो जाएगा और खगोल भौतिकी में नोबेल स्तर की खोज होगी। पीबीएच की बात की जाए तो यह केवल सिद्धांत हैं। इसका अस्तित्व खोजना मुश्किल नहीं है।

मगर सही बात यह है कि यही वह मार्ग है , जो डार्क मैटर तक पहुचा सकता है। इस संदर्भ में हाल में एक शोध हुआ है। इस शोध ने डार्क मैटर की खोज में जुटे वैज्ञानिकों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। पीबीएच को लेकर मानना है कि इसकी उत्पत्ति किसी भी तारे के ढहने से पहले हुई थी। पीबीएच का पता लगाने का तरीका गुरुत्वाकर्षण लेंस की निगरानी करना है। ऑप्टिकल ग्रेविटेशनल लेंसिंग एक्सपेरिमेंट (ओजीएलई) और सुबारू टेलीस्कोप के हाइपर सुप्राइम-कैम (एचएससी) से इसका पता किया जा सकता है।


आपस में टकराते दो ब्लैक होल की तस्वीर। ● एजेंसी

### ब्रह्मांड का 85 फीसद हिस्सा है डार्क मैटर

**नैनीताल।** डार्क मैटर ब्रह्मांड का 85 फीसद हिस्सा है। सबसे बड़ी यह है कि इतने बड़े भाग का प्रतिनिधित्व करने वाले डार्क मैटर का अभी तक पता नही चल पाया है। दुनियाभर के वैज्ञानिक इसकी खोज में जुटे हुए हैं। ब्रहमांड का संचालन करने वाली यह शक्ति अदृश्य है। वैज्ञानिक मानते हैं कि अब नए उपकरणों के ईजाद होने के बाद डार्क मैटर का रहस्य जल्द उजागर होगा।

बहरहाल वैज्ञानिक कहते हैं कि रहस्यमय वस्तुओं के इर्द-गिर्द उत्तर से अधिक प्रश्न हैं। यदि वे अस्तित्व में हैं, तो उनमें से बहुतों का उत्तर दे सकते हैं। पीबीएच एक अनुत्तरित प्रश्न है और इसका उत्तर डार्क मैटर का रहस्य भी सुलझाएगा।

## तीन वर्षीय बच्ची की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या, 4 गिरफ्तार

**धौलपुर (राजस्थान)।** जिले के राजाखेड़ा थाना क्षेत्र में तीन साल की बच्ची की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई और उसके शव को चंबल नदी में फेंक दिया गया। पुलिस ने बताया कि बच्ची के नजदीकी रिश्तेदारों ने ही उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी ईंट से वार कर हत्या की है।

इस मामले में दो नाबालिगों समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुमित मेहरडा ने बताया कि घटना 20 मई की है और पुलिस को 21 मई को सुबह दस बजे सूचना मिली थी कि करीब तीन साल की बच्ची की हत्या कर उसके शव को चंबल नदी में फेंक दिया गया। एसपी ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को चंबल नदी से बरामद किया।

# अल्पसंख्यकों को महसूस कराए कि लोकतंत्र में उनकी समान हिस्सेदारी

मुंबई, एजेंसी

- अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर से समानता विषय पर हुआ कार्यक्रम

भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने बुधवार को कहा कि यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाने चाहिए कि जातीय या धार्मिक अल्पसंख्यकों समेत समाज के हर वर्ग को यह महसूस हो कि देश के लोकतंत्र में उनकी समान हिस्सेदारी है।

भारत में चुनाव अभियान के सांप्रदायिक रूप लेने और भारत-अमेरिका संबंधों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंताओं पर एक सवाल का जवाब देते हुए गार्सेटी ने कहा कि वह किसी को यह नहीं बताएंगे कि लोकतंत्र कैसे चलाया जाए और भारतीय अपने लोकतंत्र का खुद ख्याल रखेंगे। उन्होंने यहां अमेरिकी वाणिज्य दूतावास द्वारा विविधता, समानता, समग्रता और पहुंच के विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा मैं यह भी कहना चाहूंगा कि विविधता, समानता, समावेश व संपर्क केवल चुनाव के दिन (से संबंधित) नहीं हैं। वे हर समय रहते हैं। लोकतंत्र एक दैनिक जनमत संग्रह है।


मुंबई में पैरालंपिक रजत पदक विजेता दीपा मलिक के साथ अमेरिकी राजदूत।